
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 270

# प्रभात मंत्र

बुधवार
02.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
छोटी सी जिंदगी है हर बात में खुश रहो, आने वाला कल किसने देखा है, अपने आज में खुश रहो!

ताजा खबरों के लिए देखें

# आदिवासी बहुल परती गांव के सैकड़ो लाभुक राशन नहीं मिलने से अनशन को है तैयार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत आदिवासी बहुल परती गांव के सैकड़ो लाभुको को अगस्त और सितंबर माह का राशन नहीं मिलने से लाभुकों में काफी आक्रोश है। उक्त आक्रोशित लाभुक बसंती देवी शकुंती देवी,पानपति देवी,फुलवंती देवी,सोहरी देवी, गुलजारों देवी, अनीता देवी, बसंत उरांव, ललू चेरो, लाल मुनी राम,राम रतन सिंह,राम जन्म चेरो सहित सैकड़ो लाभुक मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर पदाधिकारी से आप-बीती सुनाई और अनशन करने को विवश दिखे। बताते चलें कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे आदिवासी परिवारो को भारी परेशानीयो से जूझना पड़ रहा है।वही राशन नहीं मिलने से उनके परिजनों के बीच भुखमरी की स्थिति बन गई है। यहां के लगभग 325 लाभुक कभी चंद्रदेव बैठा तो कभी सोमनाथ विश्वकर्मा डीलर के पास पिछले एक माह से चक्कर काट रहे हैं परंतु उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। इधर मशीन में तकनीकी खराबी के कारण उक्त लाभुकों के बीच लूंगी, धोती, साड़ी भी वितरण नहीं किया जा सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परती गांव के डीलर लाल मुनी चेरो का दुकान के निलंबन के बाद यहां के 325 लाभुकों के सुविधा के अनुसार समीप के डीलर चंद्रदेव बैठा के साथ टैग किया गया था। परंतु चंद्रदेव बैठा के बदले लाभकों का राशन अमवाडीह गांव के डीलर सोमनाथ विश्वकर्मा के यहां चला गया। सोमनाथ विश्वकर्मा के द्वारा यह कहते हुए राशन का वितरण नहीं किया गया कि उन्हें राशन वितरण का विभागीय चिट्ठी प्राप्त नहीं है।

# छुट्टी से लौटते ही पुनः प्रभार ग्रहण की बीडीओ सावित्री कुमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने मंगलवार को केतार प्रभारी बीडीओ विकास कुमार सिंह से प्रभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि बीडीओ सावित्री कुमारी पिछले दो माह से छुट्टी पर थी। छुट्टी से लौटते ही उन्होंने बीडीओ का प्रभार लिया। इस दौरान प्रभारी बीडीओ विकास कुमार सिंह ने कहा की दो माह का कार्यकाल काफी सुखद रहा। उन्होंने कहा की केतार वासियों का स्नेह और प्यार को कभी भुला नहीं जा सकता।

# अवैध बालू खनन करते दो ट्रैक्टर किया जब्त



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल तथा चैनपुर थाना की टीम ने सोमवार की रात बूढ़ीवीर पंचायत के तहल्ले नदी से अवैध बालू का उत्खनन करते दो ट्रैक्टर को जब्त किया। दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर चैनपुर को सुपुर्द कर दिया गया।अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि दोनों ट्रैक्टर के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। हालांकि अंचल अधिकारी द्वारा प्रत्येक दिन छापेमारी की जा रही है और हर दिन कोई न कोई ट्रैक्टर पकड़ा जा रहा है बावजूद अवैध बालू का परिचालन रुक नहीं पा रहा है।इधर सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के खिलाफ छापेमारी जारी रहेगा।

# समय से पूर्व स्कूल से गायब हो जाते हैं शिक्षक




**चैनपुर-रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक तरफ जहां सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लाखों करोड़ों खर्च कर रही है तो वहीं दूसरी ओर विद्यालय के शिक्षक ही इस सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। गांव के बच्चे की बेहतर शिक्षा गांव मे हीं मिले इसे लेकर सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। लेकिन इसी सपने को चकनाचूर व शिक्षा व्यवस्था को इन विद्यालयो के शिक्षक ही चौपट कर रहे हैं। दरअसल चैनपुर व रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खुरा चांदो व उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तुरियाभंडार और बांसडीह खुर्द के प्राथमिक विद्यालय मुंडू समय से पहले विद्यालय बंद कर शिक्षक मिले नदारद। जबकि सरकार बच्चों के लिए मध्यान भोजन के साथ सरकारी स्कूल का समय निर्धारित सुबह 9 बजे से 3 बजे तक किया हैं लेकिन सरकार के नियम कानून को शिक्षक ताक पर रखते हुए अपना नियम से सरकारी विद्यालय को संचालन कर रहें हैं ऐसा ही हाल रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह खुर्द पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मुंडू का शिक्षक राजाराम सिंह बच्चों व रसोइया के भरोसे स्कूल छोड़ कर 10 बजे ही गायब हो गए। वहीं छात्र जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिक्षक का प्रतिदिन का यहीं रवैया है समय से पूर्व ही शिक्षक रसोईया के भरोसे स्कूल छोड़कर गायब हो जाते हैं।

# एसडीओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण, दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णकांत कनवाड़िया ने हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान अस्पताल के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीओ ने जांच केंद्र में सीबीसी मशीन की अनुपस्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को शीघ्र ही सीबीसी मशीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों की सही जांच के बिना बीमारी का सही पता लगाना मुश्किल होगा, और जांच के उपरांत ही उचित इलाज सुनिश्चित किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने एड्स विभाग की स्थिति का जायजा लिया, जहाँ उन्हें बताया गया कि क्षेत्र में 377 एड्स मरीजों की नियमित रूप से देखभाल की जा रही है। इन मरीजों को न केवल दवाएँ दी जा रही हैं, बल्कि उन्हें समय-समय पर आवश्यक सलाह भी प्रदान की जाती है। टीबी विभाग की जानकारी लेते हुए, उन्होंने पाया कि टीबी के मरीजों को स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से घर-घर तक दवा पहुंचाई जा रही है और उन्हें दवा खाने तक की जिम्मेदारी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निभाई जा रही है।एसडीओ ने अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट और ओपीडी दवा वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि मरीजों को हर संभव मदद प्रदान की जाए।

# प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर जपला का शानदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित 35 वाँ प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चाईबासा में आयोजित प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के भैया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया। प्रतियोगिता में किशोर वर्ग के भैया नीतीश कुमार ने 3000 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल एवं भैया अभिजीत सिंह ने 5000 मीटर वाकिंग चाल में सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करते हुए गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित भैया 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होनेवाली 35 वाँ क्षेत्रीय खेलकूद समारोह भागलपुर, बिहार में सम्मिलित होंगे।प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में भैया के शानदार प्रदर्शन करने से विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, कामख्या नारायण सिंह, सतीश सिंह, अजय गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, शारीरिक आचार्य अभिषेक कुमार पाठक, राजकुमार सिंह, शशि कुमार, दीपक पाण्डेय सहित विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु-भगिनी ने विजेता भैया को बधाई एवं शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल, प्रमाण-पत्र प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# झारखंड के विकास लिए झामुमो की सरकार जरूरी : रविन्द्र राम



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर -पाटन विधानसभा के भावी उम्मीदवार रविन्द्र राम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि झारखंड के विकास के लिए हेमंत सरकार की सरकार बहुत जरूरी है। हेमंत सरकार ने गरीब गुराबों , असहाय व विकास से काफी दूर वंचित रहे लोगो की जनहित के लिए कई योजना चलाई जिसे सीधे गरीब परिवार को लाभ मिल रहा है। मंईया सम्मान, सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास, किसान् की कर्ज माफ़, बिजली बिल माफी सहित अन्य महत्वकांक्षी योजना चला रहे है जिससे लोगों की विकास होते हुए दिख रहा है। मै झामुमो पार्टी की समर्पित सिपाही हुँ और अपने पार्टी के दिये हुए सिद्धांत पर अपने कर्तव्य और निष्ठा के साथ खरा उतरता हुँ और दायित्व के साथ कार्य को पुरा करता हुँ। अगर पार्टी हमें टिकट देती है तो निश्चित तौर पर सीटें झामुमो की खातें मे जाएगी और अबकी बार छतरपुर -पाटन विधानसभा की जनता ने सता बदलने का सोच बना ली है और अबकी बार स्थानीय लोगों की मांग है कि छतरपुर -पाटन विधानसभा की बेटा को विधानसभा भेजने के निर्णय ले चुका है और बाहरी लोगो की मौका नहीं देगी।

# पाटन और नावाजयपुर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन थाना परिसर व नावाजयपुर थाना परिसर में दशहरा पर्व दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित हुए।बैठक में थाना प्रभारी ने पूजा कमेटी के सदस्यों से विधि व्यवस्था के बारे में सुझाव लिया। पाटन पुलिस की दुर्गा पूजा पंडालो में उपद्रियों पर विशेष नजर रहेगी। पूजा पंडाल में डीजे साउंड पर रोक रहेगी। थाना प्रभारी ने पूजा कमेटी को निर्देश दिया है दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक म नाएं।सोशल मीडिया पर आपात जनित पोस्टों पर पाटन पुलिस की पैनी नजर रहेगी।पूजा मे सोशल डिस्टेंस पर नजर बनाएं रखेंगे बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी लाल जी, नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय, ओपी प्रभारी निलेश कुमार, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, रंजीत सिंह, मुखिया समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत उपभोक्ताओं को वितरण किया गया प्रमाण पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत झारखंड राज्य के बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ कर दिया गया है। बिजली विभाग के कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देने के लिये अनुमंडल के सभी प्रखंडों में कैंप लगाया गया। अनुमंडल क्षेत्र के, नगर उंटारी, सगमा, धुरकी, में 106 बिजली उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। बिजली विभाग के कार्यालय कक्ष में सोमवार को पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव, कनीय अभियंता सुधीर बांडो, कार्यालय के प्रधान सूरज कुमार,अमल राय के द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। झारखंड सरकार के द्वारा बिजली उपभोक्ताओं का महीने की जिनकी खपत 200 यूनिट है, वैसे उपभोक्ताओं को बिजली बिल मुफ्त दी जा रही है। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार के द्वारा 200 यूनिट बिजली मूफ्त दिया जा रहा है तथा बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल भी माफ हुआ है। पहले गढ़वा जिले को बिजली की बहुत ही परेशानी झेलनी पड़ता था। पहले बिजली के लिये धरना भी दिया जा रहा था, अब गढ़वा जिले को 20 से 22 घंटे बिजली मिलती है। मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, सुधीर कुमार, कार्यालय के संजीव कुमार, नईम अंसारी तथा कई उपभोक्ता उपस्थित थे।

# भाकपा माले का एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी 4 अक्टूबर को

**बंशीधर नगर :** भाकपा माले का एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी 4 अक्टूबर को पीडब्लूडी डाक बंगला में आयोजित किया गया है.उक्त आशय की जानकारी देते हुये भाकपा माले अनुमंडल कमिटी के सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि इसकी लिखित जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी को दे दिया गया है।

# समारोह आयोजित कर सेवानिवृत पंचायत सचिव को दी गई विदाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त पंचायत सचिव रविन्द्र सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल पदाधिकारी एवं सहकर्मियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर एवं उपहार देकर विदाई दी। मौके पर बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि सरकारी कर्मियों को जिस दिन सरकारी सेवा के लिए पदभार मिलता है उसी दिन सेवानिवृत्ति का दिन भी तय हो जाता है। रविन्द्र सिंह एक कर्मठ, ईमानदार व्यक्तित्व कर्मी रहे हैं। इनसे हमलोगों को काफी कुछ सीखने को मिला़ इस अवसर पर रविन्द्र सिंह को माला पहना कर सम्मानित किया गया। अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने कहा की रविन्द्र सिंह की विदाई से हमें बहुत दुख हुआ है लेकिन हमें उनके योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। वे एक ऐसे अधिकारी थे जिन्होंने अपने कार्यकाल में प्रखंड के विकास के लिए बहुत काम किया। उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा की सेवानिवृत रविन्द्र सिंह ने प्रखंड के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी विदाई से हमें बहुत दुख हुआ है लेकिन हमें उनके योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए। वे एक ऐसे अधिकारी थे जिन्होंने अपने कार्यकाल में प्रखंड के लोगों के लिए बहुत काम किया। वहीं उपस्थित सभी प्रखंड एवं अंचल कर्मी ने पंचायत सचिव के कार्यो की सराहना की। कहा कि इनके रहते पंचायत का कार्य सुचारू ढंग से चला। पंचायत के ग्रामीण खुश थे। वहीं पंचायत सचिव रविन्द्र सिंह ने सहयोग के लिए सभी को बधाई दिया। उन्होने कहा कि आप सभी के प्रेम की भावना को भुलाया नहीं जा सकता। यहां काम करने में कोई परेशानी नहीं हुई। जनता ने हमें काफी सम्मान दिया है। मौके पर सभी प्रखंड एवं अंचल कर्मी मौजूद थे।

# बिना निष्पादित टेंडर का विधायक चंद्रवंशी लगवा रहे झूठा शिलापट्ट : अभिमन्यु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** जिले के विश्रामपुर विधानसभा नगर परिषद क्षेत्र स्थित कार्यालय मे अभिमन्यु सिंह ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। ईस प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विधायक चंद्रवंशी पर जनता के आंख में फिर से धूल झोंककर जनता को ठगने का गंभीर आरोप लगाया है। मिडिया से बात करते हुए अभिमन्यु सिंह ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र से नदारद रहने वाले विश्रामपुर विधायक अपने दस- बीस समर्थकों के साथ जगह-जगह बिना टेंडर प्रक्रिया के योजनाओं का झूठा शिलान्यास करते फिर रहे हैं।यह सरा सर गलत है, बैगर किसी संवेदक को कार्य आवंटित होने से पहले ही बगैर अधिकारी, और बिना ठेकेदार की मौजूदगी में अपने नाम का शिलापट्ट चन्द्रवंशी के द्वारा घूम-घूमकर लगवाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं बिना प्राक्कलन राशि की जानकारी दिए निवेदक में कार्यपालक अभियंता का पदनाम लिखवाकर विधायक और उनके समर्थक असंवैधानिक कार्य भी कर रहे हैं। वही पुछे जाने पर कार्यपालक अभियंता ने मौखिक रूप से विधायक को शिलापट्ट लगाने की मनाही कर दी है।

**कार्यालयः- जिला परिषद, लातेहार**

**सूचना**

दिनांक 26.07.2024 को सम्पन्न जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 518 दिनांक 21.08.2024 के कण्डिका संख्या–09 में लिये गये निर्णयानुसार जिला परिषद के द्वारा बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में बस पडाव बरवाडीह के खाली भूमि पर 26 अदद् दूकानों का निर्माण कराया जाना है। जिला परिषद की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में समाचार पत्रों में आम सूचना प्रकाशित कर इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त कर निविदा आमंत्रण कर दूकान का निर्माण कराया जाना है।

जिला परिषद कार्यालय, लातेहार से मो0 500/–(पांच सौ) रूपये मनी रसीद के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक का बैंक ड्राफ्ट जमा कर आवेदन का विहित प्रपत्र एवं अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः–

**दूकान निर्माण एवं आवंटन के संदर्भ में निम्नलिखित शर्ते निर्धारित हैः–**

1. लॉटरी के द्वारा दूकाने आवंटित की जायेगी, जिसे सभी आवेदकों को स्वीकार करना अनिवार्य होगा। अस्वीकार करने पर सिक्यूरिटी मनी जब्त कर ली जायेगी तथा वे दूकान आवंटन के मामले में अयोग्य हो जायेंगे।
2. सभी 26 दूकानों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हो जाने के उपरांत दूकान निर्माण निविदा आमंत्रित कर संवेदक के माध्यम से स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार दूकानों का निर्माण कार्य कराया जाएगा।
3. दूकान के आवंटन हेतु लॉटरी निकालने की तिथि का निर्धारण **अध्यक्ष, जिला परिषद, लातेहार** की सहमति से किया जायेगा।
4. आवेदन पत्र के साथ सिक्युरिटी मनी के रूप में मो0 10,000.00 (दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो Refundable होगा जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में सचिव, जिला परिशद के नाम से भुगतेय होगा। लॉटरी के पश्चात तीन दिनों के अन्दर शेश प्राक्कलित राशि दूकान क्रमांक 01–17 के लिए मो0 1,45,000.00 रूपये तथा दूकान क्रमांक 18–26 तक के लिए मो0 1,66,000.00 रूपये बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा अन्यथा आवंटन रद्द कर दिया जायेगा तथा सिक्युरिटी मनी जब्त कर लिया जायेगा। साथ ही साथ आवंटियों/लाभूकों को इन शर्तो की स्वीकार्यता के बारे में एक शपथ पत्र देना होगा।
5. प्राक्कलन के शिड्यूल दर में वृद्धि होने पर अर्थात भविष्य में दूकानों के निर्माण के क्रम में प्राक्कलित राशि बढ़ जाने पर बढ़ी हुई राशि जिला परिषद कार्यालय में लाभूकों/आवंटियों को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा ताकि निर्माण कार्य पूर्ण हो सके।
6. आवंटियों/लाभूकों को जिस जमीन पर दूकान भवन का निर्माण कर उपलब्ध कराया जायेगा उसपर आवंटियों को कोई स्वत्व (टाईटल) का अधिकार प्राप्त नहीं होगा बल्कि सर्वदा के लिए उक्त भूमि एवं दूकान जिला परिषद, लातेहार की रहेगी।
7. अन्तिम रूप से चयनित आवंटियों को सिक्यूरिटी मनी/दूकान बनाने हेतु जमा की गई प्राक्कलित राशि किसी भी अन्य कारण वापस नहीं की जायेगी।
8. आवंटियों/लाभूकों के बीच किसी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में विवादित मामले का समाधान **अध्यक्ष, जिला परिषद, लातेहार** की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा किया जायेगा, जिसके अन्य सदस्य, सचिव, जिला परिषद, लातेहार तथा जिला अभियंता, लातेहार होंगे।
9. आवंटियों/लाभूकों को दूकान निर्माण कर अंतिम रूप से हस्तांतरण करने की तिथि से निर्धारित किराया की आधी राशि प्रत्येक माह मनी रसीद के द्वारा जिला परिषद, लातेहार के कार्यालय में नकद भुगतान करना होगा, शेष आधी राशि जमानत की राशि तथा दूकान निर्माण के लिए जमा राशि से समायोजित किया जाएगा। मासिक किराया का निर्धारण विभागीय प्रावधानुसार अनुमण्डल पदाधिकारी–सह– किराया निर्धारण पदाधिकारी के द्वारा किया जाएगा।
10. आवेदकों का यह उत्तरदायित्व होगा कि विहित आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं अंतिम रूप से आवेदन जमा करने संबंधी प्राप्ति रसीद/मनी रसीद जिला परिषद कार्यालय से अवश्य प्राप्त कर लेंगे।
11. आवेदन पत्र की बिक्री दिनांक 07/10/2024 से प्रारम्भ होगी।
12. आवेदकों से दूकानों के आवंटन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जिला परिषद कार्यालय में प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 08/10/2024 अपराहन् 05:00 बजे तक होगी। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. निर्गत इस सूचना में किसी भी प्रकार के अंशिक संशोधन, स्थगित अथवा रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**उप विकास आयुक्त–सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,**
**जिला परिषद्, लातेहार**

**PR 337711 Rural Development(24-25)#D**

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 270

बुधवार

02.10.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

छोटी सी जिंदगी है हर बात में खुश रहो, आने वाला कल किसने देखा है, अपने आज में खुश रहो!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने सूरजपुर जिले में 187 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

**रायपुर** : अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज मंगलवार को सूरजपुर जिला मुख्यालय में सियान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के वृद्धजनों का शॉल, श्रीफल से अभिनंदन कर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज वृद्धजनों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि मैं सभी वृद्धजनों को प्रणाम करता हूँ और आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप वृद्धजनों की सेवा और सम्मान करें,उनके दु:ख दर्द को समझे और उन्हें अपने सेवाभाव से भरोसा दिलाए कि आप उनके साथ हैं। माता-पिता और वृद्धजनों की सेवा से आपको पुण्य और आशीर्वाद मिलेगा, खुशी मिलेगी और उनके आशीर्वाद से आप अपने मुकाम तक पहुँच पाएंगे।

### हरियाणा में कांग्रेस-सरकार बनते ही लागू होंगी राजस्थान वाली योजनाएं : अशोक गहलोत

**जयपुर** : पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के 10 साल के कुशासन से त्रस्त हरियाणा की जनता ने कांग्रेस सरकार लाने का पूरी तरह मन बना लिया है। कांग्रेस यहां एकतरफा जीत रही है। कांग्रेस की गारंटियों पर जनता भरोसा कर रही है। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही राजस्थान वाली योजनाएं लागू करेंगे। यहां जो गारंटियां कांग्रेस पार्टी ने दी है। उन्हें हमारी सरकार ने राजस्थान में पूरा किया है।गहलोत ने कहा कि हर परिवार को 25 लाख का बीमा, 500 रुपए गैस सिलेंडर, पुरानी पेंशन योजना और फ्री बिजली राजस्थान में दी गई थीं। अब हरियाणा में सरकार बनते ही इन योजनाओं को यहां भी लागू किया जाएगा। गहलोत हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### एक परिवार के तीन लोगों ने किया सुसाइड

**बीकानेर** : जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ही परिवार के तीन लोगों ने सुसाइड कर लिया। वहीं, एक सदस्य की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि इन चारों ने जहर खाने के बाद हाथ की नस काट ली थी। घटना स्थल पर एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कर्ज से परेशान होने की बात लिखी है।जानकारी के अनुसार कॉलोनी में रहने वाले राहुल मारू, उनकी पत्नी रुचि मारू और सात साल की बेटी आराध्या मारू की मौत हो गई। सूचना पर आईजी ओम प्रकाश पासवान और एसपी कावेंद्र सिंह सागर मौके पर पहुंचे। एक सदस्य को गंभीर हालत में पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जबकि तीनों के शव मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में कर्ज की बात सामने आई है। कर्ज के कारण राहुल मारू कुछ समय से परेशान चल रहा था।

### बिहार के भागलपुर में अचानक बम ब्लास्ट, 7 बच्चे झुलसे

**भागलपुर** : बिहार के भागलपुर में मंगलवार दोपहर 2 बजे के आसपास शाहजंगी मैदान समीप अचानक बम ब्लास्ट हुआ है, जिसमें वहां खेल रहे 7 बच्चे इसकी चपेट में आ गए. खेल के दौरान हुए ब्लास्ट में 3 बच्चे ज्यादा झुलस गए हैं, बाकी चार की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाका इतना तेज हुआ कि बम की आवाज लगभग 1 किमी दूर तक सुनाई दी. धमाके के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. सिटी एसपी के. रामदास के मुताबिक, मौके पर फॉरेंसिक टीम मौजूद है. ब्लास्ट हबीबपुर थाना क्षेत्र के शाहजंही मैदान में हुआ है.

### सीमा पार से आकर बॉर्डर पर खेत में गिरा मिला पाकिस्तानी ड्रोन

**बीकानेर** : नीलकंठ पोस्ट के 6 बीजीएम गांव के पास एक खेत में मंगलवार को भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर ड्रोन मिला है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। यह पाकिस्तानी ड्रोन खाजूवाला के रोही इलाके में तारबंदी से महज एक किलोमीटर की दूरी पर मिला। सूचना मिलने पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स और पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। ड्रोन को जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है। बीएसएफ की 114 बटालियन के कमांडेंट महेंद्र सिंह ने बताया कि जहां यह ड्रोन मिला है, वहां से जीरो लाइन पास में ही है। यह ड्रोन पाकिस्तान से आकर मुमताज अलादीन नाम के किसान के खेत में गिरा था। दोपहर में पशुपालक मोहम्मद हुसनैन अलादीन भेड़-बकरियां और गाय चराने गया था। वहां उसने सबसे पहले ड्रोन देखा। उसने गांव के मुमताज अलादीन को इसकी सूचना दी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

जलसहिया को स्मार्ट मोबाइल फोन के क्रय हेतु डीबीटी के माध्यम से 12 हजार रुपए हस्तांतरण का सीएम ने किया शुभारम्भ किया

# सरकार का अभिन्न अंग हैं जलसहिया : हेमंत सोरेन

*** योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में जलसहियाओं की भूमिका अहम**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची**: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज विशेष रूप से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की जलसहिया दीदियां इस कार्यक्रम में उपस्थित हैं। जलसहिया दीदियों की समस्याओं को हमारी सरकार ने सुलझाने का कार्य किया है। पूर्व की सरकारों ने जलसहिया दीदियों को उनका हक-अधिकार से वंचित रखने का काम किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आम नागरिक और सरकार के विभिन्न अंग को अपने साथ खड़े होने के लिए उन्हें उनका हक और अधिकार दे रही है। जलसहिया दीदियों की समस्याओं पर राज्य सरकार का पूरा ध्यान है। हमारी सरकार एक-एक समस्याओं का निदान करने का काम कर रही है। हमारी सरकार ने ग्राम स्तर पर कार्यरत जलसहिया दीदियों की मानदेय राशि को बढ़ाकर 2 हजार रुपए प्रतिमाह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के वृद्धजन, महिलाएं, नौजवान युवक-युवतियां, स्कूलों में अध्यनरत बच्चियों के लिए विशेष कार्ययोजना के साथ उनके समग्र विकास की दिशा में एक लम्बी लकीर खींचने का प्रयास किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जलसहिया क्षमतावर्द्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।

### योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में जलसहियाओं की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में आप सभी जलसहिया दीदियों के माध्यम से राज्य सरकार की कई महत्वकांक्षी योजनाएं गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप याद कीजिए वह दिन जब पूर्व की सरकार में छोटे से कार्यकाल के भीतर मेरे मंत्री रहते आप सभी जलसहिया दीदियों की नियुक्ति हुई थी। आपकी समस्याओं को मुझसे ज्यादा कोई नही समझ सकता है। आज राज्य में आप सभी के उम्मीद और आकांक्षाओं की सरकार है। निश्चित रूप से आपकी कई अपेक्षाओं को पूरा करने में हमारी सरकार सफल भी रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी दीदी-बहनों को फिर से एक ताकतवर कड़ी बनाने का हमारा उद्देश्य है।




### स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज गांव-गांव, जन-जन तक स्वच्छ पानी पहुंचाना बहुत बड़ी चुनौती है। स्वच्छ जल मिलेगा तभी लोग बीमार नहीं होंगे। अगर हम सभी लोग मिलजुल कर गांव-गांव तक स्वच्छ पानी पहुंचाने में कामयाब होंगे तो जिस तरह से हमारे पूर्वज मजबूत हुआ करते थे, वैसे ही गांव के लोग मजबूत होंगे। ग्रामीण स्तर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय स्तर पर कई कार्य योजना तैयार की गई है। राज्य सरकार द्वारा कहीं टंकी, कहीं बोरिंग, कहीं पाइपलाइन के जरिए शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य हो रहा है।

**हमारी सरकार ने विगत 4 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए 12 हजार करोड़ रुपए का फंड उपलब्ध कराया गया है।**

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता,मिथिलेश कुमार ठाकुर, श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, सांसद, राज्यसभा महुआ माजी, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक राजेश कच्छप, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग श्री एमआर मीणा सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची जलसहिया उपस्थित थे।

### विगत 4 वर्षों में राज्य की महिला स्वयं सहायता समूहों को 12 हजार करोड़ फंड उपलब्ध कराया


मुख्यमंत्री के कहा कि अलग-अलग तरह से हमारी सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य योजना बनाई गई हैं। राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ा जा सके इस निमित्त निरंतर प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 19 वर्षों में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को पूर्व की सरकारों द्वारा मात्र 600 से 700 करोड़ रुपए का फंड उपलब्ध कराया गया था। हमारी सरकार ने विगत 4 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए 12 हजार करोड़ रुपए का फंड उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा यह मानना है कि जब गांव मजबूत होगा तभी राज्य मजबूत होगा। जब राज्य मजबूत होगा तभी देश मजबूत हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत सारे लोग आज देश को मजबूत करने की बात करते हैं, लेकिन गांव की स्थिति बदतर है, ऐसी स्थिति में देश मजबूत कैसे हो सकता है। आज भी इस देश में 80 करोड़ लोग सरकार द्वारा दिए जा रहे अनाज पर आश्रित है। इस स्थिति को बदलने की जरूरत है तभी विकसित भारत का सपना पूरा हो सकेगा।

### सीएम ने किया प्रशस्ति पत्र का वितरण

मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मोबाइल क्रय हेतु चेक प्रारूप का वितरण, पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु जलसहियाओं, मुखिया एवं एसएचजी के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया।

# पीएम आज हजारीबाग में, देंगे कई सौगात

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की करेंगे शुरुआत व भाजपा की परिवर्तन यात्रा का करेंगे समापन**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 2 अक्टुबर बुधवार को हजारीबाग आएंगे। वे रांची एयरपोर्ट से चॉपर से हजारीबाग पहुँचेंगे। दोपहर करीब 2 बजे हजारीबाग में 83,300 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री झारखंड से पूरे देश के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान पर 79,150 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होंगे। इसके साथ ही राज्य में शुरू हुए भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन भी करेंगे।इसके साथ ही पीएम 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन और 25 एकलव्य स्कूलों की आधारशिला रखेंगे। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 प्रखंडों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार के 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण विकास करना है। जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे और 2,800 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखेंगे। पीएम 32 जनजातीय समुदाय से करेंगे संवाद। मोदी कमजोर जनजातीय समुदाय से संवाद करेंगे और उन्हें कई सौगात देंगे। पीएम-जनमन के तहत 1360 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें 1380 किलोमीटर से अधिक सड़कें, 120 आंगनबाड़ी, 250 बहुउद्देश्यीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास शामिल हैं। इसके अलावा 3,000 गांवों में 75,800 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों का विद्युतीकरण, 275 मोबाइल मेडिकल इकाइयों का संचालन और 500 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन की शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करेंगे। जिसका बजट 79,150 करोड़ रुपए है। यह अभियान लगभग 63,000 गांवों को कवर करेगा और 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करेगा। यह 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों में लागू होगा। इसका उद्देश्य सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना है।विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के प्रांगण में अवस्थित मैदान में पीएम के कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## उपराष्ट्रपति ने राजश्री बिड़ला को पुरस्कार प्रदान किया



एजेंसी

**नई दिल्ली** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में आदित्य बिड़ला सामुदायिक पहल और ग्रामीण विकास केंद्र की अध्यक्ष राजश्री बिड़ला को 25वां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार, 2024 प्रदान किया। उपराष्ट्रपति ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि राजश्री बिड़ला पिछले तीन दशकों से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के विभिन्न रूपों में मानवता की सेवा कर रही हैं।उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का नाम सुनते ही देशभक्ति की याद आ जाती है। शास्त्री जी जनसेवा की परिभाषा देते हैं। वे आत्म-बलिदान के प्रतीक थे। शास्त्री जी ने आचरण और व्यवहार की मिसाल कायम की, उपदेशों की नहीं। कुछ ऐसे व्यक्तित्व होते हैं, जिन्हें किसी इवेंट मैनेजमेंट या सिस्टमेटिक एक्टिंग की जरूरत नहीं होती। वे हमारी यादों में बसे रहते हैं। वे हमारा मार्गदर्शन करते हैं, हमें प्रेरित करते हैं। जब हम भुखमरी के संकट से जूझ रहे थे, तब पूरा देश उनके साथ खड़ा था। वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने आह्वान करके लोगों की भागीदारी को बढ़ावा दिया। उनका आह्वान महज आह्वान नहीं था, बल्कि तत्कालीन परिदृश्य से उपजा था, अकल्पनीय आयाम का खतरा था। कल्पना कीजिए कि उन्होंने किस परिदृश्य में कार्यभार संभाला होगा।

## 2 उग्रवादी एके-47 राईफल के साथ गिरफ्तार



संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र

**लातेहार:** लातेहार पुलिस कप्तान कुमार गौरव के गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के दो उग्रवादीयों को गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि ग्राम सलैया एंव नारायणपुर के बीच पहाड़ के तलहटी के जंगली क्षेत्र में जेजेएमपी के दो उग्रवादी हथियार के साथ देखे जा रहे हैं। जो संभवतः कोई घटना करने के फिराक में हैं। उक्त सूचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी दल के द्वारा प्राप्त सूचना के आलोक में सावधानी पूर्वक बताये गये स्थल को घेराबंदी किया गया। जब दोनों उग्रवादीयों ने पुलिस के जवान एवं पदाधिकारी को देखा तो वे भागने लगे। परन्तु उसी क्रम में दोनों उग्रवादीयों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के द्वारा पुछ ताछ के क्रम में एक ने अपना नाम खुर्शीद अंसारी बताया उसके पास से एक-एके-47 राईफल जिसमें मैगजीन लगा हुआ जिसमें कुल आठ जिंदा गोली एवं एक कीपैड मोबाइल बरामद हुआ है।दूसरे उग्रवादी ने अपना नाम फेकू भुईयां उर्फ सर्वनाश जी बताया जिसके पास से एके-47 का कुल आठ जिंदा गोली एवं दो मोबाइल, एक जिओ नेट चलाने के लिए जियो फाई राउटर बरामद किया गया।छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा,पुअनि रंजन कुमार पासवान, देवेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, भागीरथ पासवान, रमाकांत गुप्ता, कुबेर प्रसाद देव, नागेश्वर महतो, उमापद महतो एवं सैट वन लातेहार थाना बल के जवान मौजूद थे।

## तीसरे चरण के मतदान में 65.58 प्रतिशत हुआ मतदान



एजेंसी

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान मंलवार को संपन्न हो गया। चुनाव आयोग ने बताया कि कुल मतदान ने 2024 के लोकसभा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। शाम सात बजे तक तीसरे चरण के मतदान में 65.58त्न मतदान हुआ। हालांकि, अंतिम आंकड़े आने पर मतदान प्रतिशत बदल सकता है। आयोग ने यह बताया कि अभी तक कोई पुनर्मतदान नहीं हुआ है। मंलवार को तीसरे चरण चरण में सात जिलों की 40 सीटों के लिए वोटिंग कराई गई। इसके साथ ही तीसरे चरण में उतरे 415 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। तीसरे दौर में सबसे ज्यादा 11 सीटें जम्मू जिले में रहीं। इसके बाद बारामुला में सात, कुपवाड़ा और कठुआ की छह-छह, उधमपुर की चार और बांदीपोरा और सांबा की तीन-तीन विधानसभा सीटें रहीं, जहां मंगलवार को मतदान हुआ।जम्मू कश्मीर में मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस (गठबंधन), पीडीपी के बीच माना जा रहा है। भाजपा ने जम्मू में जहां सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

## 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर एक अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की होगी नियुक्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारियों का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में जीरो एरर के साथ कार्य करना है। वे सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि राज्य



में कई पदाधिकारियों का ट्रांसफर पोस्टिंग हुआ है। ऐसे में किसी जिले के ईआरओ एवं एईआरओ जिनका निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उनकी सूची अविलंब उपलब्ध कराएं। जिससे उनका ससमय ट्रेनिंग कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों में प्रीसाइडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर एवं एएलएमटी की ट्रेनिंग सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर एक अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की नियुक्ति की जानी है।वल्नरेबल मैपिंग एवं सुरक्षा बल की तैनाती से संबंधित सूची तैयार करने में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।

## गृह मंत्रालय ने 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858 करोड़ रुपये जारी किए

एजेंसी

**नई दिल्ली** : गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से केंद्रीय हिस्से के रूप में और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ रुपये जारी किए हैं। केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र को 1,492 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश को 1,036 करोड़ रुपये, असम को 716 करोड़ रुपये, बिहार को 655.60 करोड़ रुपये, गुजरात को 600 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश को 189.20 करोड़ रुपये, केरल को 145.60 करोड़ रुपये, मणिपुर को 50 करोड़ रुपये, मिजोरम को 21.60 करोड़ रुपये, नागालैंड को 19.20 करोड़ रुपये, सिक्किम को 23.60 करोड़ रुपये, तेलंगाना को 416.80 करोड़ रुपये, त्रिपुरा को 25 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल को 468 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

ये राज्य इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के कारण प्रभावित हुए हैं।



**संक्षिप्त खबरें**

## भारतीय रिजर्व बैंक रांची का स्वच्छ मुद्रा सप्ताह का आह्वाहन 3 अक्टूबर तक

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची द्वारा स्वच्छ मुद्रा सप्ताह का आह्वाहन 27 सितंबर 24 से 3 अक्टूबर 2024 तक किया गया है। इस अभियान के तहत पुराने नोट को नया सिक्का से बदला जाना है। 01 अक्टूबर 2024 को बैंक ऑफ़ इंडिया श्यामली शाखा द्वारा डोरंडा बाजार में कॉइन एक्सचेंज मेला का आयोजन किया गया। साथ ही लोहरदग्गा जिला में भी किसको बाजार में बैंक ऑफ़ इंडिया लोहरदगा शाखा द्वारा मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक बृजमोहन सन्यासी, करेंसी चेस्ट इंचार्ज राजीव सिन्हा, कैशियर राकेश तिवारी, पंकज कुमार तथा सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश उपस्थित थे।

## रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में बोर्ड डिस्प्ले प्रतियोगिता संपन्न

**रांची :** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, आज़ाद बस्ती, रांची में एक महत्वपूर्ण बोर्ड डिस्प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को हमारे समाज और राज्य में हो रही प्रमुख समस्याओं जैसे बेरोजगारी, पर्यावरण, जेंडर बेस्ड वायलेंस (लैंगिक हिंसा), और झारखंड के पिछड़ेपन के विषय में जागरूक करना था। प्रतियोगिता में चार हाउस–मर्करी हाउस, वीनस हाउस, मार्स हाउस, और जुपिटर हाउस–ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम के जूरी मेंबर में आयशा वेलफेयर पंचाय के पूर्व अध्यक्ष और फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसायटी के सचिव जनाब सोहैल अख्तर और प्रोफेसर एम. एन. जुबैरी शामिल थे। सोहैल अख्तर ने अपने प्रेरणादायक भाषण में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक कुम्हार मिट्टी से सुंदर वस्तुएं बनाकर उनका उपयोगी रूप देता है, उसी प्रकार माता-पिता और शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कार देकर समाज और देश के लिए अनमोल बनाते हैं।

# सीएम हेमंत सोरेन ने आंदोलनकारियों की मांगों से हुए अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन एवं घेराव किया गया। झारखंड आंदोलनकारी सभी परंपरागत तीर धनुष टांगी दौली गुलेल घुरकी सहित अन्य अस्त्र शस्त्र लिए हुए थे। धरना प्रदर्शन के क्रम में कई बार पुलिस के साथ तीखी नोंक झोंक भी हुई, लेकिन झारखंड आंदोलनकारी अपने राजकीय मान सम्मान अलग झारखंडी पहचान रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी एवं जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया देने की मांग दोहराते रहे अंततः आंदोलनकारी के मांगों पर गौर फरमाते हुए जिला प्रशासनिक पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक प्रतिनिधिमंडल मिलवाने का काम किया । आंदोलन कार्यो ने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 16 सूत्री मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा और प्रत्येक बिंदु पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने आंदोलनकारी के कंडिका हटाकर सभी को सम्मान पेंशन देने पर विचार करने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की बातें कही। साथ ही मेडिकल की सुविधा एवं आंदोलनकारी को सभी प्रकार का लाभ देने के संदर्भ में अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने बताया कि झारखंड अलग राज्य का गठन भ्रष्टाचार से मुक्ति ,अनियमिता से मुक्ति, शोषण ,दमन अन्याय, अत्याचार से मुक्ति व विकास तथा जन कल्याण के लिए हुआ है। राज्य बनने के 23 वर्षों के पश्चात भी झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान -सम्मान ,अलग झारखंडी पहचान , बेटा बेटियों के लिए रोजी -रोजगार ,नियोजन के अधिकारों की गारंटी एवं जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए समान रूप से सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया नहीं दिए जाने से उनकी सामाजिक , आर्थिक ,शारीरिक, सांस्कृतिक,स्थितियां नाजुक है। 15 अगस्त ,15 नवंबर एवं 26 जनवरी को राजकीय मान- सम्मान से सम्मानित करना सुनिश्चित किया जाए। 3 जनवरी को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित किया जाए।कार्यक्रम की अध्यक्षता विदेशी महतो ने की। मौके पर सरोजनी कच्छप,जितेंद्र सिंह कुशवाहा,-रोजलीन तिर्की, भरदुल भुइयाँ अजय कुमार सिंह,सीताराम उरांव, जितन कोल, कार्तिक महथा,ललित नारायण , भुवनेश्वर केवट, प्रवीन मेहता , महमूद आलम सोमारी देवी, जेस देवी ,किरण लकड़ा, बद्री सिंह , इंद्रदेव भगत प्रकाश लकड़ा, सुजात टोप्पो, इदरीश अंसारी , किंकर चौहान, मो मुजफ्फर, बालकिशन उरांव , प्रदीप सिंह, सतीश कुमार, ताहिर अंसारी सहित हजारों की संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे।

# पूर्व डिप्टी मेयर ने एचइसी प्रबंधन और सप्लाई कर्मियों के बीच कराई मध्यस्थता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** एचइसी सप्लाई कर्मी प्रबंधन के आश्वासन के बाद मंगलवार से मुख्यालय व तीनों एडमिन बिल्डिंग कार्यालय को बंद नहीं करेंगे। इस संबंध में मनोज पाठक ने बताया कि पूर्व डिप्टी मेयर सह कांग्रेस महासचिव नेता अजय नाथ शाहदेव की मध्यस्थता में प्रबंधन व सप्लाई कर्मियों की बैठक मुख्यालय में हुई। बैठक में सप्लाई कर्मियों को अपने कार्यस्थल व प्लांटों में जाने की अनुमति देने पर चर्चा हुई।

ज्ञात हो की शाहदेव शुरू से ही एचइसी कर्मियों के हक और अधिकार की लड़ाई में उनके साथ रहे हैं। प्रबंधन की ओर से निदेशक कार्मिक ने सप्लाई कामगार प्रतिनिधियों से कहा कि प्लांट के अंदर ले जाने के लिए और प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कुछ दिनों के लिए कार्यालय को खुला रखना जरूरी है।अगर कार्यालय खुला रहेगा, तभी प्रबंधन प्रक्रिया पूरा करेगा. उन्होंने कहा कि छह माह के लिए सीधे तौर पर सप्लाई कर्मियों को प्रबंधन प्लांट के अंदर ले जायेगा। प्लांट के अंदर जाते ही इएसआइ सुविधा बहाल की जायेगी. सभी कामगारों को वेज स्लिप भी दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि सप्लाई कर्मियों के बिना प्लांट को नहीं चलाया जा सकता. सप्लाई कर्मी धैर्य बनाये रखें. कंपनी सुचारू रूप से चलेगी, तो सभी मांगों का हल निकाला जायेगा।वहीं मनोज पाठक ने कहा कि वार्ता के बाद धरना स्थल पर सप्लाई कामगार प्रतिनिधियों ने बैठक कर आम सहमति बनायी कि कुछ समय के लिए प्रबंधन को मोहलत दी जाये. मुख्यालय और कार्यालय बंद नहीं किया जायेगा. सप्लाई कर्मी धरना स्थल पर शांतिपूर्ण तरीके से रहेंगे. प्रबंधन के साथ वार्ता में अजय नाथ शाहदेव, मनोज पाठक, रंथू लोहरा, प्रमोद कुमार, वाई त्रिपाठी, राजेश शर्मा, शहनाज अंसारी, विजय साहू, शारदा देवी, विशाल सिंह और प्रबंधन की ओर र से निदेशक कार्मिक, निदेशक उत्पादन और प्लांटों के महाप्रबंधक प्रमुख मौजूद थे।

# सनातन धर्म के शास्त्रों में अन्न दान को महादान कहा गया है : डा किरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संनातन धर्म के शास्त्रों में अन्न दान को महादान बताया गया है।

इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पितृपक्ष में वीरांगना समूह, रांची ने 25 जरूरतमंदों परिवारों को अन्न वितरित किया। इस वितरण समारोह में किरण सिंह (संघ रक्षक), सीमा सिंह (अध्यक्ष),अंजू सिंह (महासचिव), मधु सिंह (संयुक्त महासचिव),अमृता सिंह(जनसंपर्क सचिव) उपस्थित थीं। वीरांगना समूह भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक सरोकार के समारोह करवाता रहेगा और समाज के विकास में अपना योगदान देता रहेगा।

# एसडीएम ने बूथ संख्या 328 के चार वृद्ध मतदाताओं को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस या अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में दिए गए निर्देश के आलोक में International Day of Older person मनाया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के 34वें स्मरणोत्सव में सम्मान के साथ वृद्ध होना की थीम के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी , सदर रांची सह, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा 63 रांची विधान सभा क्षेत्र के बूथ संख्या 328 के वृद्ध



मतदाताओं को सम्मानित किया गया। कांटा टोली स्थित बूथ संख्या 328 के चार वृद्ध मतदाताओं को उनके घर जाकर शॉल एवं फूल के साथ सम्मानित किया गया। ये चार मतदाताओं के नाम है अंजलि बेक , अगस्तिना मिंज , इलिसाबा कुजूर और बदरुण निशा। अनुमंडल पदाधिकार के द्वारा इन सभी वृद्ध मतदाताओं को लोकतंत्र में उनकी बहुमूल्य सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया गया, साथ ही सभी युवाओं को इन वृद्ध मतदाताओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर , सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी , अतिरिक्त सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित थे।

# एनटीपीसी का स्वच्छता ही सेवा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की गई । चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत, स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एनटीपीसी कोयला खनन / एनएमएल मुख्यालय, रांची में गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इस संदर्भ में, स्थानीय गैर सरकारी संगठन-शहरी खेती के सहयोग से सीएमएचक्यू/एनएमएल के कर्मचारियों के लिए अपशिष्ट पृथक्करण पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई। कार्यशाला में एक लाइव, इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यक्तिगत स्तर पर अपशिष्ट पृथक्करण के मूल सिद्धांतों को समझने में मदद करना था, तथा उन्हें ठोस बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाना था। इसके अलावा, स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता 30 सितंबर, 2024 को बजरा हाई स्कूल, रांची में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। साथ ही, स्वच्छता ही सेवा पर केंद्रित एक नुक्कड़ नाटक को कोयला खनन/ एनएमएल मुख्यालय टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिससे इस पहल को और बढ़ावा मिला। जागरूकता बढ़ाने के लिए, कार्यालय परिसर में डिजिटल बैनर और सेल्फी स्टेशनों की व्यवस्था की गई। सभी कर्मचारियों और सहयोगियों को स्वच्छता के संदेश को फैलाने के लिए सेल्फी खींचने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# शाम ढलते ही जगमगा उठता है एक्सपो का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** दिनभर की शॉपिंग के बाद शाम होते ही जेसीआई रांची द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव में रौनक और बढ़ जाती है। यहां न केवल खरीदारी का मजा है, बल्कि शाम के रंगारंग कार्यक्रम भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। रांची में एक ही छत के नीचे देश-विदेश के चुनिंदा स्टॉल और आकर्षक उत्पाद सभी को अपनी ओर खींच रहे हैं।इस साल एक्सपो उत्सव खास है। आमतौर पर यह आयोजन 5 दिनों का होता था, लेकिन जेसीआई रांची ने पहली बार इसे 7 दिनों के लिए आयोजित किया है। इसका मतलब है कि रांची वासियों के पास इस बार अधिक समय है बेहतरीन शॉपिंग करने और शानदार स्काउंट्स का लाभ उठाने का। सोमवार को हुए एक्सपो गॉट टैलेंट प्रतियोगिता ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं, मंगलवार को दोपहर 2 बजे से एक्सपो एक्स सेशन और शाम 5 बजे से योग प्रतियोगिता का आयोजन होने वाला है, जिसका सबको बेसब्री से इंतजार है। साथ ही, एक्सपो में देश के शीर्ष इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स और सभी प्रमुख चार और दो पहिया वाहन ब्रांड्स का प्रदर्शन भी देखने को मिल रहा है, जो हर किसी को आकर्षित कर रहे हैं। जेसीआई रांची द्वारा यह आयोजन हर साल नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# मंजूनाथ भजंत्री ने संभाला उपायुक्त रांची का पदभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** रांची के नये उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस मौके पर श्री राहुल कुमार सिन्हा ने उन्हें शुभकामनाएं दी। शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराना और सरकार की योजनाएं ग्रामीण स्तर तक बेहतर तरीके से पहुंचना प्राथमिकता - उपायुक्त

पदभार ग्रहण करने के बाद उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि त्योहार के सीजन की शुरुआत हो रही है, जिला प्रशासन की प्राथमिकता शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराना है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर बेहतर तरीके से पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

**टीम वर्क के साथ सभी चुनौतियों का सामना करेंगे:डीसी**

आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित तैयारी पर उपायुक्त श्री मंजुनाथ भजंत्री ने कहा कि पूर्व से ही तैयारियां की गई हैं, उसे आगे बढ़ाया जाएगा।

सभी पदाधिकारी अनुभवी हैं, हम टीमवर्क के साथ सभी चुनौतियों का सामना करेंगे। मंजूनाथ भजंत्री 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

# एनटीपीसी माइनिंग ने 2024-25 की पहली छमाही में किया शानदार प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 19 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से अधिक कोयले का उत्पादन करके शानदार प्रदर्शन किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है और एनटीपीसी के बिजली स्टेशनों को लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 19.7 एमएमटी कोयला भेजा है। झारखंड के हजारीबाग क्षेत्र में बहुत भारी वर्षा के बावजूद, जहाँ एनटीपीसी की अधिकांश कोयला खदानें स्थित हैं, कंपनी ने वित्त वर्ष 24-25 की दूसरी तिमाही में 9.30 एमएमटी उत्पादन दर्ज किया है, जबकि वित्त वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही में 7.45 एमएमटी उत्पादन हुआ था। इस तरह उत्पादन में 25 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। डिस्पैच के मोर्चे पर, एनटीपीसी खनन ने दूसरी तिमाही में 14.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हासिल की है, जिसके परिणाम स्वरूप विभिन्न बिजली घरों को लगभग 9.5 एमएमटी कोयला डिस्पैच किया गया है।एनटीपीसी कोल माइनिंग ने लगातार अपने उत्पादन लक्ष्यों को पार किया है, जिससे कैप्टिव कोल माइनिंग क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत हुई है। भविष्य को देखते हुए, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पिछले वर्ष के 34 एमएमटी उत्पादन लक्ष्य की तुलना में उत्तरोत्तर बढ़कर 40 एमएमटी कर दिया गया है और खनन टीम अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज तक, एनटीपीसी माइनिंग ने 123 एमएमटी से अधिक कोयला उत्पादन किया है और अपनी पांच चालू कैप्टिव कोयला खदानों से 121 एमएमटी से अधिक कोयला भेजा है, जिनमें झारखंड में स्थित पकरी बरवाडीह, केरेन्डारी और चट्टी बरियातू, ओडिशा में दुलंगा और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली शामिल हैं।

## कांके सीओ जय कुमार ने किया सरेंडर

**रांची।** लंबे समय से फरार चल रहे लैंड स्कैम के आरोपी कांके सीओ जय कुमार राम ने मंगलवार को रांची (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसके बाद उसने अपनी बेल के लिए कोर्ट में गुहार लगाते हुए एक लाख रुपए का बेल बॉण्ड कोर्ट में प्रस्तुत किया। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। जय कुमार राम की ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की। बता दें कि कांके से जुड़े लैंड स्कैम में जय कुमार राम समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ ईडी ने पिछले दिनों आरोप पत्र कोर्ट में सौंप दिया है।

# विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी लगातार डीलरों के जन वितरण प्रणाली दुकानों में पहुंच कर रही है जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, राँची मोनी कुमारी ने पदभार लेने के बाद से फिल्ड में भ्रमणशील है और लगातार डीलरों के जन वितरण प्रणाली दुकानों में पहुंच कर जांच कर रही हैं। इतना ही नहीं विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी राँची ने सभी पणन पदाधिकारी, अनुभाजन क्षेत्र, राँची, किरासन तेल थोक विक्रेता सहित सहायक गोदाम प्रबंधक, परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर, कडरू-01 एवं 02, डीलर इंचार्ज, वार्ड सं0-01 से 53, जन वितरण प्रणाली दुकानदार वार्ड सं0-01 से 53, अनुभाजन क्षेत्र, रांची बीते 23.09.2024 को बैठक करके समीक्षा की और दिशा निर्देश भी दी। **निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गई है:** उन्होंने कहा है कि झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत माह अक्टूबर एवं नवंबर 2023 में आवंटित खाद्यान, उठाव परिवहन एवं वितरण की समीक्षा की गई । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत खाद्यान उठाव परिवहन एवं वितरण की समीक्षा। मोबाईल सेंडिंग प्रतिवेदन, चना दाल वितरण की समीक्षा, नमक वितरण योजना की समीक्षा, थैला वितरण योजना की समीक्षा, किरासन तेल का उठाव एवं वितरण की समीक्षा, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना की समीक्षा (वितरण एवं भुगतान)। चीनी वितरण योजनान्तर्गत माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2023 में लाभुकों के बीच वितरण की समीक्षा, पीजीएमएस पोर्टल पर लंबित शिकायत के विरूद्ध कार्रवाई की समीक्षा, ईआरसीएमएस पोर्टल पर लंबित आवेदन पर कार्रवाई की समीक्षा की गई ।

# तम्बाकू का सेवन करने से प्रतिवर्ष लगभग 14 लाख लोगों की हो जाती है मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गांधी जयंती के पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में तंबाकू एवं तंबाकू जनित पदार्थ का सेवन न करने हेतु डॉ सीमा गुप्ता जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण इकाई रांची के अध्यक्षता में कार्यालय के सभी डॉक्टर, पदाधिकारी एवं कर्मचारी को शपथ दिलाई गई। डॉक्टर सीमा गुप्ता द्वारा बताया गया कि , भारत में प्रतिवर्ष तम्बाकू का सेवन करने से लगभग 14 लाख लोगों की मौत हो जाती हैं। केवल वयस्कों की बात की जाए तो कुल मौतों का लगभग 9.5त्न है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा वर्ष 2004 तक प्रकाशित साहित्य के विश्लेषण के आधार पर तम्बाकू का सेवन करने के कारण हृदयाघात (78 प्रतिशत), तपेदिक (65.6 प्रतिशत), इस्केमिक हृदय रोग (85.2 प्रतिशत), गंभीर मायोकार्डियल इनफेक्शन (52 प्रतिशत) इसोफेजियल कैंसर (43 प्रतिशत) और मुंह का कैंसर (38 प्रतिशत) तथा फेफड़ों का कैंसर (16 प्रतिशत) बीमारी हो रहा है।



तम्बाकू का धूम्रपान और साथ ही इसे चबाकर सेवन करने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल परिणाम आए हैं जिसके कारण अकाल अथवा समय से पहले मृत्यु हो जाती है।सरकार द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जारीए स्कूली बच्चों को तंबाकू के इस्तेमाल से बचाए हेतु टोबैको फ्री एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के तहत गठित टीम द्वारा जागरूक किया जा रहा है। तंबाकू के इस्तेमाल से लोगों को निजात दिलाने हेतु सदर अस्पताल एवं रिम्स में तंबाकू सजेशन सेंटर में परामर्श दिया जाता है जहां लोग आकर तंबाकू के लत से निजात पा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ मुस्ताफी मेडिकल ऑफिसर, डॉ राजीव भूषण एपिडेमियोलॉजीसट रांची, प्रीति चौधरी डीपीसी रांची सुशांत कुमार जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण निकाय रांची, सतीश कुमार सोशल वर्कर, हैदर अली डीडीएम आईडीएसपी, नीरज कौशिक कोऑर्डिनेटर रांची कैंसर केयर फाउंडेशन शाहित अन्य कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बीच सड़क पर जेसीबी घंटो रहा खडा, घंटों लगा रहा जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** पथ निर्माण विभाग प्रधान सचिव सुनील कुमार ने सख्त निर्देश दिया की दुर्गा पूजा के पूर्व शहर के सभी सड़कों पर जहां पर गड्ढे हैं, या अधूरा पड़ा है इसकी मरम्मती शुरू करा दिया जाए । जहां रोड अधूरा बचा हुआ उसे पूरी कर दिया जाए। इसी को देखते हुए कांटा टोली चौक से लोवाडीह जाने वाले मार्ग पर यानी कांटा टोली चौक से यूनियन बैंक और लोवाडीह पुल के बीच गड्ढा भरने का काम जेसीबी,रोलर से हो रहा था, लेकिन जेसीबी , रोलर चालक मशीन किसी करणवश बीच रोड पर ही छोड़कर चले गये, जिस कारण से मंगलवार सुबह 10:00 बजे से 12:00 तक जाम की स्थिति बन गई , वाहनों का आवागमन एक ही रूट से होने के कारण वाहनों की लंबी जाम लग गई । लोअर बाजार थाना की पुलिस वाहनों को पास कराने और लोगों को जाम से निजात दिलाने में लगी रही। धीरे-धीरे फिर यातायात सुगम हो गई, लेकिन जेसीबी , रोलर, मशीन यथावत उसी जगह पर खड़ी रही।

### डीसी कार्यालय पर लंबित विकास योजनाओं का धरना-प्रदर्शन में बन्ना-अजय पर जम कर बरसे सरयू राय

# मंत्री बन्ना गुप्ता के अड़चन के कारण औद्योगिक शहर समिति वजूद में नही आ सका : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने उपायुक्त कार्यालय पर लंबित विकास योजनाओं और विकास कार्यों की धीमी गति को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. अजय कुमार पर जम कर प्रहार किया। इस धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में जनता दल (यू) और भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ता भी शामिल थे। मौके पर अपने भाषण में सरयू राय ने कहा कि उन्होंने मात्र तीन साल में 155 करोड़ रुपये की योजनाओं को लागू करवाया। इसके बावजूद अभी भी करीब 30 करोड़ की योजनाएं ऐसी हैं, जिनका पूरा पैसा जिला में आ जाने के बाद भी काम प्रारंभ शुरु नहीं हो पाया है। उन योजनाओं के लिए जब हम लोगों ने धरना-प्रदर्शन की सूचना दी तो उपायुक्त सक्रिय हुए और उन्होंने बाकायदा लिखित में जानना चाहा है कि अब तक योजनाएं क्यों नहीं लागू हुई।

**डॉ. अजय मुझसे बेरोजगारी के सवाल पूछ रहे हैं:-**

सरयू राय ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार मुझसे पूछ रहे हैं कि मैंने रोजगार नहीं दिया। सरकार डॉ. अजय कुमार की पार्टी कांग्रेस-झामुमो गठबंधन चला रही है और इस तरह के सवाल वो मुझसे पूछ रहे हैं। इसी तरह मालिकाना हक का मामला है। वह मुझसे सवाल पूछ रहे हैं कि उसे क्यों



नहीं लागू करवाया। उन्हें पता ही नहीं कि मालिकाना हक के मामले में मैंने विधानसभा में चार बार प्रस्ताव रखा लेकिन राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकार ही नहीं किया। उन्हें कोई जानकारी है ही नहीं। बस सवाल पूछना है, इसलिए सवाल पूछते रहते हैं। श्री राय ने कहा कि डॉ. अजय कुमार को पूछना चाहिए बन्ना गुप्ता से कि मंत्री रहते आपके क्षेत्र में एमजीएम अस्पताल की स्थिति क्यों नहीं सुधरी।

**टाटा स्टील के खिलाफ कुछ बोल कर दिखाएं:-** श्री राय ने कहा कि डॉ. अजय कुमार टाटा स्टील की नौकरी करते थे। उनमें हिम्मत नहीं कि वे टाटा स्टील के खिलाफ आवाज उठाएं। हमने टाटा स्टील की गर्दन पर हाथ रखकर जनहित में योजनाओं को लागू करवाया।

**नाला आधारित योजना शहर के लिए अहमः-** श्री राय ने कहा कि वह टाटा स्टील, टाटा स्टील यूआईएसएल (पूराना नाम जुस्को) और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) से कह रहे हैं कि आप लोग नाला आधारित योजना बनाएं।

**सिर्फ जमशेदपुर में नगर पालिका का गठन नहीं:** पूरे देश में नगरपालिकाओं का गठन हो गया। सिर्फ जमशेदपुर ही एक ऐसा शहर है, जहां नगरपालिका का गठन नहीं हुआ। यहां दोहरी शासन पद्धति चल रही है। टाटा स्टील का टाटा स्टील यूआईएसएल और राज्य सरकार का जेएनएसी भी चल रहा है। इन दोनों को मिलाकर नगर निगम बना दीजिए।

## ▶▶▶ जब सवाल पूछने का समय जनता का आया तो धरना प्रदर्शन करने लगे विधायक सरयू राय : प्रमोद



विभिन्न लम्बित योजनाओं को पूरा कराने की मांग पर उपायुक्त कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने के सवाल पर भाजपा बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने सवालिया लहजे में पूछा कि किसे दिग्भ्रमित कर रहे हैं विधायक जी? जिसे झामुमो कांग्रेस नीत गठबंधन की लुटेरी सरकार को पांच वर्षों तक अपना नैतिक समर्थन देते हुए अभी तक कोई सवाल नहीं पूछा, ये सभी को पता है। आगामी कुछ ही दिनों में झारखण्ड विधान सभा चुनाव की घोषणा होने वाली है और आचार संहिता लग जाएगी तो योजना कब पूरा होगा विधायक जी? झामुमो गठबंधन की सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन जी को झारखण्ड की अबतक के सबसे बेहतर मुख्यमंत्री का सर्टिफिकेट देने वाले विधायक जी अब उन्हीं की सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जब सवाल पूछने का समय जनता का आया तो धरना प्रदर्शन करने लगे। जब काम करने का समय था तो विवादित मुद्दों पर समय बर्बाद किया। चुनाव जीतने के पहले आपने बहुत सारे वादे किये थे आपने तो यह भी कहा था कि जमशेदपुर की जनता की वर्षों पुरानी मांग बस्ती का मालिकाना हक सबसे पहले पूरा करेंगे, केबुल कम्पनी को चालू करवायेंगे, रोजगार उपलब्ध करवायेंगे एवं विभिन्न तरह की समस्याओं का समाधान करेंगें, लेकिन ठीक इसके विपरीत आज पूर्वी क्षेत्र में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को विवश है एवं जनता अपने आप को ठगी हुई महसूस कर रही है।

## सैमसंग इंडिया ने किए दुनिया के पहले एआई-पावर्ड टैबलेट्स लॉन्च





**जमशेदपुर/पटना (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सैमसंग इंडिया ने दुनिया के पहले एआई-पावर्ड टैबलेट्स, गैलेक्सी टैब एस10. और एस10 अल्ट्रा को लॉन्च किया। ये टैबलेट्स अपनी अत्याधुनिक एआई तकनीक, शानदार परफॉर्मेंस, और आकर्षक डिज़ाइन के साथ टैबलेट के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करते हैं, जो दुनिया के पहले एआई-संचालित टैबलेट्स हैं। ये दोनों टैबलेट्स अपनी उत्कृष्ट परफॉर्मेंस, क्रिएटिव टूल्स और उन्नत एआई फीचर्स के साथ उत्पादकता और रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। दोनों टैबलेट्स में एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग भी दी गई है, जो तेज रोशनी में भी शानदार विजुअल अनुभव प्रदान करती है। दोनों टैबलेट्स के लिए प्री-ऑर्डर की शुरुआत हो गई है, जिसमें आकर्षक ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं। टैब एस10.की कीमत ऑफ़र के बाद 76,999 रुपये से शुरू होती है, और टैब एस10 अल्ट्रा की कीमत 93,999 रुपये से शुरू होती है, जिसमें मूनस्टोन ग्रे और प्लैटिनम सिल्वर में कई कॉन्फ़िगरेशन उपलब्ध हैं।

## हृदय स्वास्थ्य संकट पर सीके बिरला अस्पताल की 'एवरी बीट काउंट्स' रिपोर्ट लॉन्च

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीएम बिरला हार्ट हॉस्पिटल, जो सीके बिरला अस्पताल का हिस्सा है, ने भारत में हृदय स्वास्थ्य पर अपनी पहली अनूठी रिपोर्ट 'एवरी बीट काउंट्स' लॉन्च की है। इस रिपोर्ट में भारत में तेजी से बढ़ रहे हृदय रोग (सीवीडी) के संकट को उजागर करते हुए इससे निपटने के लिए आवश्यक जानकारियाँ और रणनीतियाँ प्रस्तुत की गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में होने वाली 20 प्रतिशत हृदयाघात से होने वाली मौतें भारत में होती हैं, और करीब 90 मिलियन भारतीय हृदय संबंधी रोगों से पीड़ित हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में प्रति 100,000 जनसंख्या पर हृदय रोग से मृत्यु दर 272 है, जो वैश्विक औसत 235 से अधिक है। शहरी क्षेत्रों में यह दर 450 तक पहुँच गई है, जबकि ग्रामीण इलाकों में यह 200 के आसपास है। रिपोर्ट में भारतीयों के बीच 'थिन-फैट' शरीर संरचना का उल्लेख किया गया है, जिसमें वजन कम होते हुए भी शरीर में वसा की अधिकता होती है, जो हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाती है। सीके बिरला अस्पताल के सीईओ विपुल जैन ने कहा कि यह रिपोर्ट हृदय रोगों से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति की आवश्यकता को उजागर करती है और इसे वार्षिक रूप से प्रकाशित किया जाएगा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सीमित है, खासकर हृदय रोग विशेषज्ञों की कमी के कारण। भारत में प्रति 2.5 लाख लोगों पर केवल एक हृदय रोग विशेषज्ञ है, जबकि अमेरिका में प्रति 7,300 लोगों पर एक हृदय रोग विशेषज्ञ उपलब्ध है। विशेष रूप से, रिपोर्ट में बच्चों में हृदय रोगों के प्रभाव को लेकर चिंता जताई गई है, जहाँ भारत में हर साल केवल 35 बाल हृदय रोग विशेषज्ञों को प्रशिक्षित किया जाता है, और शिशु मृत्यु दर का 10 प्रतिशत हृदय रोगों से संबंधित है।

## बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित कर मतदान के लिए किया प्रेरित



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो पंचायत के जारगोडीह व तिरूलडीह पंचायत के चीपड़ी गांव में बुजुर्ग मतदाताओं का सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद ने जांच किया। जांच के क्रम में उन्होंने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सबसे अधिक वयस्क मतदाता का जांच किया गया, जिसमें जारगोडीह निवासी 102 वर्षीय अजंबर महतो एवं चीपड़ी निवासी 102 वर्षीय कुलो बाला देवी सबसे अधिक वयस्क मतदाता जो सही सलामत है। उन्होंने कहा कि इतने वर्षो से बुजुर्ग मतदाता अपना मतदान करते आ रहे हैं। इस बार भी आसन्न विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया गया व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अंचल निरीक्षक राजेश्वर पंडित, बीएलओ क्रितीका कुमारी ,सुपर वाइजर भूदेव महतो आदि उपस्थित थे।

## बोड़ाम के उप डाकपाल ने शराब पीकर नंगे बदन कार्यालय में किया हंगामा, विडियो वायरल



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम उप डाकघर के उप डाकपाल का एक विडियो मंगलवार को विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में काफी वायरल हो रहा है। जिसमें यह देखा जा रहा है कि उप डाकपाल शराब के नशे में सिर्फ एक बरमुंडा पहनकर कुर्सी में बैठे हुए हैं और कार्यालय में आने वाले लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। इस दौरान हो रहे हंगामा के कारण कार्यालय में मौजूद अन्य कर्मियों को काम करने में दिक्कत हो रही है। इस संबंध में जेएलकेएम के नेता देवव्रत महतो ने बताया कि यह उप डाकपाल अक्सर इस तरह की हरकत करते हैं जिससे लोग त्रस्त हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा एक ज्ञापन तैयार किया गया है जो वरिष्ठ डाक अधीक्षक (एसएसपी) को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि बोड़ाम उप डाकघर के उप डाकपाल राजकुमार भगत जब से यहां योगदान दिया है तब से सभी लोगों का पोस्ट ऑफिस जाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा एसएसपी से उनका तबादला करते हुए दूसरा उप डाकपाल पदस्थापित करने की मांग की जाएगी।

## बैंकों से पैसे की निकासी पड़ रही भारी, पटमदा में लग रही ग्राहकों की लंबी कतार

### *महिलाएं छोटे -छोटे बच्चों को गोदी में लेकर धूप में घंटों खड़ी रहती हैं*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े लाभुकों को पटमदा में इन दिनों बैंकों से पैसे निकालने में पसीने छूट रहे हैं। इनमें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन योजना, छात्रवृत्ति आदि के लाभुक शामिल हैं। खासकर बैंक ऑफ इंडिया की पटमदा, काटिन व बोड़ाम शाखा में अहले सुबह से ही महिला व बुजुर्गों की कतार लग रही है जो अपनी बारी के इंतजार में भीषण गर्मी के बावजूद



देर शाम तक भूखे प्यासे खड़े रहते हैं। पिछले करीब एक माह से जारी इस अव्यवस्था पर अब तक न तो स्थानीय प्रशासन की नजर पड़ी या कोई जनप्रतिनिधियों की। इसलिए दिनों दिन यह समस्या कम होने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। इस संबंध में कुमारदा निवासी गौरीशंकर महांती व राखडीह निवासी असीमानंद सतपथी ने बताया कि इस अव्यवस्था के कारण लोग बीमार भी पड़ रहे हैं।

## टीएसएफ ने असाधारण योगदान के लिए शिक्षकों और छात्रों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन ने मस्ती की पाठशाला के छात्रों के पहले बैच लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में मैट्रिकुलेशन पास किया था। इस कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम के डीसी, मस्ती की पाठशाला स्कूल के शिक्षकों, प्रिंसिपलों के साथ-साथ टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरव रॉय और फाउंडेशन के अन्य अधिकारी मौजूद थे। सम्मान समारोह की शुरुआत महात्मा गांधी और डॉ. लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई और इसमें सरकारी अधिकारियों, भागीदारों, शिक्षकों, प्रिंसिपलों सहित 600 से अधिक लोगों ने भाग लिया। छात्रों और शिक्षकों को बिना किसी औपचारिक शिक्षा के अंग्रेजी माध्यम के सरकारी स्कूल में शामिल होने और मैट्रिकुलेशन की पहली बाधा पार करने के मील के पत्थर




तक पहुंचने में उनके निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, सौरव रॉय और पूर्वी सिंहभूम के डीसी द्वारा आयोजित आकर्षक सत्रों के बीच छात्रों और शिक्षकों द्वारा प्रस्तुतियां भी दी गई। टाटा स्टील फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरव रॉय ने कहा, यह देखना प्रेरणादायक है कि बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर क्या हासिल किया है, और यह इस बात का संकेत है कि वे आगे क्या कर सकते हैं। हालांकि, यह बदलाव आसान नहीं था, और शुरुआत में यह चुनौतीपूर्ण था।

## जिला फुटबॉल लीग द्वारा आयोजित अर्जुना कप संपन्न, अर्जुन मुंडा, दशरथ गागराई हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के बिरसा स्टेडियम में सरायकेला-खरसावां जिला स्पोर्टस एसोसिएशन द्वारा आयोजित 24वां जिला फुटबॉल लीग-2024 'अर्जुना कप' रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच सम्मान हो गया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंड़ा, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा आदि ने गुबार छोडकर, खिलाडियो से प्ररिचय प्राप्त कर जिला फुटबॉल लीग का शुभारंभ किया। लीग के फाइनल मैच में पेनल्टी शूट ऑउट में सेवन ए साइट फुटबॉल एसोसिएशन सरायकेला खरसावां टीम को 4-3 से पराजित कर आवासीय फुटबॉल सेंटर खरसावां की टीम चौम्पियन बनी। मौके पर पूर्व मुंख्यमंत्री श्री मुंडा ने कहा कि विश्व का मैदान आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। इसकी तैयारी खुद और अपने आप को करना है। खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि कोल्हान का सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल है। खेल भी हमारे जीवन की एक अभिन्न हिस्सा



है। जिले की मिट्टी में खेल प्रतिभाओं अंकुर भंडार है। कलाकारों ने दर्शको को किया भावविभोर अर्जुना कप के समापन समारोह में संस्कृति झलक देखने को मिली। खेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने एवं इस क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने के लिए दस व्यक्तियों को अर्जुना खेल रत्न एवार्ड से सम्मानित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जन मुंडा एवं विधायक दशरथ गागराई,जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा,पुर्व विधायक मंगल सिंह सोय,श्री झारखंड सिमेंट,उमेश सिंहदेव, अशोक प्रधान,अनुराग सोय,संजय कुमार सोय, संजय सुंडी, यमुना गोप,अनुप सिंहदेव,प्रमुख मनेन्द्र जामुदा,उदय सिंहदेव आदि को सम्मानित किया गया।

## कार्निवल इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में ग्राहकों की उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ए एन रैंकिंग्स और जयपाल सिंह मुंडा विकास समिति के द्वारा और विष्णु इंटरप्राइजेज के सहयोग से 6 अक्टूबर तक चलने वाले कार्निवल इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2024 में काफी भीड़ उमड़ रही है। ग्राहकों यहां उपलब्ध प्रोडक्ट के काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। यहाँ उपलब्ध 250 से अधिक स्टॉलों में ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, होम अप्लायंसेज, इलेक्ट्रॉनिक कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, हैंडीक्राफ्ट हैंडलूम, सोलर से रिलेटेड प्रोडक्ट्स फर्नीचर प्रोडक्ट्स फर्नीचर की विशाल श्रृंखला है।स्टेट फेयर का मुख्य उद्देश्य बिजनेस बिजनेस नेटवर्क और



बिजनेस प्रमोशन है स्टेट फेयर में पूरे भारतवर्ष से और विदेशों से भी स्टॉल आए हैं पूजा का माहौल देखते हुए ऑटोमोबाइल सेक्टर से होंडा फोर व्हीलर, होंडा टू व्हीलर ,फॉक्सवैगन, टीवीएस, टोयोटा, किया ,रेनॉल्ट, नेक्सा ,अरेना, स्कोडा, हार्ले डेविडसन यामाहा ,के स्टाल लगे हैं।रियल स्टेट में आस्था प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स, राधे इंटरप्राइजेज , प्रियदर्शनी होम्स ,सिध्दीविनायक कंस्ट्रक्शन ,नंदन प्रोजेक्ट्स, सोलर कंपनी में वारी सोलर एचडीसी और खेतान उद्योग का भी स्टाल लगा है। ट्रेड फेयर में एंट्री टिकट ?20 रखा गया है और साथ ही हर एक एंट्री पर एक फ्री गिफ्ट दिया जा रहा है।

## नीमडीह मे 3.49 करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के पीडब्लूडी रोड सासनटांड होते हुए लाकड़ी तक 3.18 किमी सड़क का शिलान्यास मंगलवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा 3 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण होगा। वही इसी क्रम में विधायक ने विधायक योजना से 12 लाख 5 हजार 3 सौ 60 रुपए की लागत से निर्माण होने वाले चांडिल बाजार स्थित मेघोपाट मे चारदीवारी निर्माण का भी शीलान्यास विधिवत



शीलापट्ट अनावरण कर किया। विधायक ने कहा लोगों के मांगों के अनुसार विकास योजनाओं का निर्माण कार्य हो रहा है। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, हरिदास महतो, समर भुईया, विश्वनाथ गोप, राहुल वर्मा, शंकर लायेक, हरिपदों महतो, शंकर सिंह सरदार, सचिन गोप, यदुपति महतो, समेत काफी संख्या मे झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी और वर्कर्स यूनियन के बीच बोनस समझौते पर हुआ हस्ताक्षर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी और वर्कर्स यूनियन के बीच 2023-24 के लिए बोनस समझौते पर आज विभिन्न अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत, जू के 20 कर्मचारी बोनस का लाभ उठाने के पात्र होंगे। पिछले वर्ष की तरह, बोनस की गणना मूल वेतन और वीडीए के 8.33 फीसदी की दर से की जाएगी। बोनस की न्यूनतम राशि 11,000 रुपये और अधिकतम राशि 20,000 रुपये निर्धारित की गई है। यदि कोई कर्मचारी अधिकतम सीमा पार



करता है, तो उसे अतिरिक्त 750 रुपये का लाभ भी मिलेगा। प्रबंधन की ओर से इस समझौते पर कैप्टन अमिताभ ( सचिव), अजय कुमार सिंह (एचआर), डॉ. नईम अख्तर (डेप्युटी डायरेक्टर), डॉ. एम. पालित (डेप्युटी डायरेक्टर), और आर. पवन कुमार (सदस्य) ने हस्ताक्षर किया। वहीं, वर्कर्स यूनियन की ओर से रघुनाथ पांडे (अध्यक्ष), दिनेश महतो (उपाध्यक्ष), विजय मुखी (महासचिव) और बिनोद शर्मा (कोषाध्यक्ष), के साथ ही प्रताप गिल, ललन सिंह और दिलीप डे ने भी हस्ताक्षर किए।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवसः उपायुक्त ने किया ओल्ड एज होम का निरीक्षण, बुजुर्ग मतदाताओं को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बाराद्वारी स्थित ओल्ड एज होम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों का कुशलक्षेम जाना । इस मौके पर उन्होने बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया तथा मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया । मौके पर उन्होने सभी वृद्धजनों के पास मतदाता पहचान पत्र की जानकारी ली । उन्होने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन का प्रयास है कि सभी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र हो जिससे वे मताधिकार के प्रयोग से वंचित नहीं रह जायें । उन्होने निर्वाचन प्रक्रिया में निरंतर सहभागिता के लिए वृद्धजनों का आभार व्यक्त किया । सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए बुजुर्गों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को भी अपने घर के बड़े-बुजुर्गों से सीख लेकर मतदान में भागीदारी जरूर निभानी चाहिए । उपायुक्त द्वारा ओल्ड एज होम




निरीक्षण के क्रम में संचालक से बुजुर्गों के रहने, खाने आदि सुविधाओं की जानकारी ली गई। साथ ही वृद्धजनों के बेहतर देखभाल को लेकर निर्देशित किया एवं वृद्धजनों के बीच फल एवं अन्य पौष्टिक आहार का वितरण किया । मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी व अन्य उपस्थित थे।

## इन्फिनिटी राउंड टेबलः बुजुर्गों की देखभाल में बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इन्फिनिटी ग्रुप ने हाल ही में वृद्ध व्यक्तियों के लिए अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाने के लिए, वृद्धावस्था देखभाल और कल्याण में सीएसआर अवसरों पर एक राउंड टेबल सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें सशक्त स्वर्णिम वर्ष-नए क्षितिज पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में बुजुर्गों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस राउंड टेबल में तेरह प्रतिष्ठित वक्ता शामिल थे, जिनमें एल. रामास्वामी, वेदांत स्कॉलर और कॉर्पोरेट रिसोर्स, वेदांत इंस्टिट्यूट; नीलांजना मौलिक, सचिव,




अल्जाइमर एंड रिलेटेड डिसऑर्डर्स सोसायटी ऑफ इंडिया, कलकत्ता; डॉ. उमा दासगुप्ता, इतिहासकार और टैगोर जीवनीकार; डॉ. सिद्धार्थ शंकर आनंद, कंसलटेंट न्यूरोलॉजिस्ट, इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज, कोलकाता; तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। चर्चाओं में अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाना और बढ़ती उम्र की आबादी के लिए वृद्धावस्था देखभाल मॉडल में बदलाव जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इन्फिनिटी ग्रुप के वाईस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग अनिंदा दास ने कोलकाता के जागृति धाम में जीवाग्राम के लॉन्च की घोषणा की। जागृति धाम और बैंचबो हीलिंग टच फाउंडेशन ने एक विशेष बुजुर्ग कल्याण यूट्यूब चैनल, एज वेल-लिव वेल लॉन्च किया। इन्फिनिटी ग्रुप के निदेशक, पुलक चमारिया ने टिप्पणी की, भारत की बढ़ती वरिष्ठ आबादी के साथ, इस राउंड टेबल सम्मेलन ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्थायी सीएसआर-संचालित समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## निर्लज्ज वकालत

**यह** ज्यादा पुरानी बात नहीं है। पिछले ही माह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों को नसीहत दी थी कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। भले ही तात्कालिक रूप में उनके कथन का इशारा कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद की गई नृशंस हत्या की तरफ था। उनकी इस बात को राज्यों को व्यापक संदर्भ में लिया जाना चाहिए। वैसे यह संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की स्मृति में वर्ष 2002 के गुजरात के सांप्रदायिक दंगों के दौरान अमानवीय बर्बरता की शिकार बिलकिस बानो का मामला न रहा हो। इस दुखद घटना में गर्भावस्था के दौरान न केवल उसके साथ दुराचार हुआ था बल्कि उसके भरे-पूरे परिवार के सात सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। सर्वविदित है कि मोदी उन दिनों गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संयोग से यह एक और स्वतंत्रता दिवस था, जब वर्ष 2022 में भारत आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था तो गुजरात सरकार ने उन ग्यारह दोषियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। दलील दी गई कि तकनीकी तौर पर वे उम्रकैद की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके हैं और उनका जेल में व्यवहार संतोषजनक है। जैसे ही ये दोषी ठहराये लोग गोधरा उप-जेल से बाहर निकले, उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया था। जैसे वे अक्षम्य अपराध के अपराधी नहीं बल्कि समाज के नायक हों। उल्लेखनीय है कि इस कांड के दोषियों को रिहा करने के चौंकाने वाले फैसले पर विवाद होने और न्यायिक सक्रियता के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। इस मामले में न केवल राजनीतिक स्तर पर विरोध हुआ बल्कि पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई का कड़ा प्रतिवाद किया था। पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई को अपनी सुरक्षा के लिये खतरा बताते हुए न्यायिक संरक्षण की मांग की थी। इसके बावजूद राज्य सरकार इस मामले में लगातार बचाव करती रही है। अब इस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली राज्य सरकार की कोशिश को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया है। इस कोशिश से संदेह करने की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती कि राज्य के अधिकारियों ने दो साल पहले सजा माफी के लिये आधार तैयार करने के लिये तथ्यों को छिपाकर अदालत की दूसरी पीठ को भ्रमित किया था। उल्लेखनीय है कि पीड़ित पक्ष ने इस मामले में अदालती सुनवाई गुजरात से बाहर करने की मांग की थी। उन्हें आशंका थी कि यदि राज्य में मामले में मुकदमा चलता है तो गवाहों पर दबाव बनाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सकता है। इन्ही बातों के मद्देनजर इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद दोषियों को सजा सुनाई गई थी। निश्चित रूप से इस मामले में माफी आदेश पारित करने का अधिकार भी सिर्फ और सिर्फ महाराष्ट्र सरकार का था। जबकि येन-केन-प्रकारेण गुजरात सरकार ने यह अधिकार हथिया लिया। इसी कड़ी में कालांतर केंद्र सरकार ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे लोगों की समय पूर्व रिहाई पर अपनी मोहर लगा दी थी। अब जब एक बार फिर गुजरात सरकार ने इस मामले में मुंह की खाई है तो निश्चित रूप से इस घटनाक्रम ने उसे आत्मनिरीक्षण करने को बाध्य किया होगा। वहीं दूसरी ओर गुजरात सरकार को प्रधानमंत्री के वे शब्द नहीं भूलने चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था- 'हमें महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों में डर की भावना पैदा करने की जरूरत है।' अब चाहे कोई भी राज्य सरकार हो, उसे अपराधियों को संरक्षण देते नजर नहीं आना चाहिए। निश्चित रूप से इससे सरकार की विश्वसनीयता पर आंच ही आएगी। वहीं दूसरी ओर सरकारों की ऐसी भूमिका से अपराधियों का हौसला ही बढ़ेगा। सरकारों का दायित्व बनता है कि वे धर्म व जाति की सीमाओं से परे पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की ईमानदार कोशिश करें। साथ ही समाज में न्याय होता नजर भी आना चाहिए।

> भले ही तात्कालिक रूप में उनके कथन का इशारा कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद की गई नृशंस हत्या की तरफ था। उनकी इस बात को राज्यों को व्यापक संदर्भ में लिया जाना चाहिए। वैसे यह संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की स्मृति में वर्ष 2002 के गुजरात के सांप्रदायिक दंगों के दौरान अमानवीय बर्बरता की शिकार बिलकिस बानो का मामला न रहा हो। इस दुखद घटना में गर्भावस्था के दौरान न केवल उसके साथ दुराचार हुआ था बल्कि उसके भरे-पूरे परिवार के सात सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। सर्वविदित है कि मोदी उन दिनों गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संयोग से यह एक और स्वतंत्रता दिवस था, जब वर्ष 2022 में भारत आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था तो गुजरात सरकार ने उन ग्यारह दोषियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। दलील दी गई कि तकनीकी तौर पर वे उम्रकैद की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके हैं और उनका जेल में व्यवहार संतोषजनक है। जैसे ही ये दोषी ठहराये लोग गोधरा उप-जेल से बाहर निकले, उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया था।

### भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए

## योग एवं योग-निद्रा के चमत्कारी प्रभाव से वैज्ञानिक सहमत

ललित गर्ग

> अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है।

**विश्व** में भारतीय योग की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, योग के चमत्कारी प्रभावों को अब विज्ञान भी स्वीकारने लगा है। अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। उनके प्रयत्नों से भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है।



आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव एवं अनिद्रा महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। नये शोध से तथ्य सामने आया है कि नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई। इस नये वैज्ञानिक शोध में ऐसे कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया। शोधकर्ताओं ने माना कि योग निद्रा के जरिये गहरे अवचेतन मन में दबी कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर, कालांतर उनसे मुक्ति में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति की सेहत में सुधार होता है। पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। यह गुस्सा दूसरों की वजह से शुरू होता है और अंततः इसे आप अपने ऊपर निकालने लगते हैं। कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया।

विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, नींद न आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी भीतरी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। हमारी हजारों साल के योग की विरासत की सार्थकता निर्विवाद है। लेकिन प्रगतिशील कहे जाने वाले एक तबके का तर्क होता है कि योग को विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। इसी के मध्यनजर तरह-तरह के शोध एवं अनुंसधान योग को लेकर हो रहे हैं, अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में यह बात सामने आयी है कि योग से आराम के गहरे अहसास होते हैं। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वाले समूह के लोगों के मस्तिष्क के पैटर्न के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला कि योग निद्रा हमारे मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित करती है। योगी बताते हैं कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटे की सामान्य नींद के मुकाबले ज्यादा आराम देने वाली होती है। व्यक्ति धीरे-धीरे योग निद्रा की अवधि बढ़ाकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। वहीं यह हमारे ध्यान को गहरा बनाने में भी मददगार साबित हो सकती है।

अभी कुछ दिन पहले ही एक बात समाचारपत्रों में पढ़ी कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। इस आधार पर तो हम यही कह सकते हैं कि हम अपने मस्तिष्क का सही और पूरा उपयोग करना नहीं जानते। चाहे कर्म का क्षेत्र हो या धर्म का क्षेत्र हो, दोनों में हम पिछड़े हुए हैं। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था।

बहुत सारी शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं अज्ञान के कारण पैदा होती हैं। शरीर और उसके विभिन्न अवयवों के बारे में जानकारी के अभाव में आदमी के सामने अनेक शारीरिक कठिनाइयां खड़ी हो जाती हैं। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है।

दृष्टि कोण

## असहाय भाव से मुक्त कीजिए युवाओं को

**अपने** हालिया अमेरिकी दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका में बसे भारतीयों को पिछले एक दशक में हुए भारत के विकास का विवरण दे रहे थे। उन्होंने आंकड़े देकर बताया कि इस दौरान भारत में कितने आईआईटी और कितने आईआईएम खोले गए। उनका यह भाषण देश के टीवी चैनलों पर शायद लाइव दिखाया जा रहा था। मुम्बई की लोकल गाड़ी में मेरे साथ बैठे कुछ युवा मोबाइल पर यह सब देख रहे थे। तभी उनमें से एक बोल पड़ा, 'इनको पता ही नहीं है कि देश के कितने नौजवान बेकार बैठे हैं...' वह आगे कुछ और भी कह रहा था, पर मेरा ध्यान इसी वाक्यांश पर अटक गया कि 'इनको पता ही नहीं है।' इनको यानी उन सबको जिनके कंधों पर यह जानने का बोझ है कि उनकी नीतियों से देश का नौजवान कितना लाभान्वित हो रहा है। उस दिन एक खबर आई थी टी.वी. पर। खबर हरियाणा के बारे में थी, जहां आजकल दिन-रात हमारे नेतागण अपनी तारीफों और दूसरों की बुराइयों में लगे हुए हैं। खबर में बताया गया था कि सफाई कर्मचारी के पद पाने के लिए तीन लाख 95 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। खबर में यह भी बताया गया था कि इनमें से चालीस हजार तो स्नातक पदवीधारी हैं और लगभग सवा लाख बारहवीं पास हैं! कोई भी काम छोटा नहीं होता, लेकिन इस खबर से यह तो पता चल ही रहा है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था का नागरिकों के जीवन-यापन से कितना और कैसा रिश्ता है। सफाई का काम कर पाने के लिए किसी को कितनी पढ़ाई करने की आवश्यकता है? किसी का स्नातक होना तो इसकी अर्हता हो ही नहीं सकती। होनी भी नहीं चाहिए। सफाई कर्मचारी की नौकरी पाने के लिए तो यह लगभग चालीस हजार युवा नहीं पढ़ रहे थे। कुछ सपने होंगे इनके भी। निश्चित रूप से जीवन की विवशताओं के समक्ष हार मानने के बाद ही इन युवाओं ने इस नौकरी के लिए आवेदन किया होगा। क्या उन्हें यह बात पता है जिन्हें पता होनी चाहिए? मुम्बई की लोकल गाड़ी में सफर करने वाले उस युवक ने अपने प्रधानमंत्री का भाषण सुनते हुए कहा था, 'इन्हें पता ही नहीं है...' सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनमी (सीएमआईई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, अखिल भारतीय बेरोजगारी की दर 9.2 प्रतिशत है। अपने विकसित देश होने का सपना देखने वाले देश के लिए यह आंकड़े चिंता और शर्म दोनों का विषय होने चाहिए। हमारे नेता यह बात करते नहीं थकते कि पिछले एक दशक में हमारी अर्थव्यवस्था 90 प्रतिशत बढ़ गई है और भारत के लोग नए विश्वास से भरे हुए हैं। ये दोनों बातें सही हो सकती हैं, पर इस तथ्य को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि आज देश में रोजगार के अवसर उतने नहीं हैं जितने होने चाहिए। आईआईएम और आईआईटी संबंधी दावों के बरक्स सच्चाई यह भी है कि हमारे विश्वविद्यालयों में से एक भी ऐसा नहीं है जिसकी गणना दुनिया के श्रेष्ठ समझे जाने वाले पहले सौ विश्वविद्यालयों में की जा सकती हो! अमेरिका में अपने भाषण में प्रधानमंत्रीजी ने हमारे सदियों पुराने विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से साकार करने का सपना दिखाया है। कौन नहीं चाहेगा कि उनका यह सपना साकार हो? पर इस सच्चाई को भी नहीं झुठलाया जा सकता कि अमेरिका में बसे जिन भारतीयों को वे संबोधित कर रहे थे, उनमें से अधिसंख्य वहां के श्रेष्ठ समझे जाने वाले विश्वविद्यालयों में पढ़ने गए थे। यूक्रेन और बांग्लादेश जैसे छोटे देशों में भी हमारे देश के विद्यार्थी पढ़ने जा रहे हैं! बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा और बेहतर जीवन-स्तर किसी भी देश के विकसित होने को सही तरीके से परिभाषित करते हैं। किसी भी अर्थव्यवस्था की सफलता और मजबूती का बुनियादी मानदंड यही है कि हर हाथ को काम, हर सिर को छत, और हर नागरिक को आगे बढ़ने का उचित और पर्याप्त अवसर मिले।

कुछ अलग

## प्रतिभाओं से छल

**सुप्रीम** कोर्ट की उस तल्ख टिप्पणी के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है जिसमें अदालत ने सख्त लहजे में कहा– 'पंजाब में एनआरआई कोटे का बिजनेस बंद हो, यह धोखाधड़ी है।' शायद, कोर्ट निर्लज्ज राजनीति पर इससे ज्यादा सख्त टिप्पणी नहीं कर सकता। कोर्ट ने तो यहां तक कह दिया कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश में मनमानी कुछ और नहीं सिर्फ पैसा घुमाने की मशीन है। निस्संदेह, मेडिकल कॉलेजों के कर्ताधर्ताओं से मिलीभगत करके एनआरआई की व्यापक परिभाषा का उपयोग आर्थिक लाभ पाने की मंशा से किया जा रहा था। राजनीतिक जिद देखिये कि पंजाब सरकार के इस बाबत जारी अध्यादेश को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट पहले ही रद्द कर चुका है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में मामले को ले जाया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यह फर्जीवाड़ा बंद होना चाहिए। एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों को आरक्षण का लाभ देकर मेधावी छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात किया जाता। जिसकी अनुमति किसी भी सूरत में नहीं दी जा सकी। इस कदम से एनआरआई कोटे का मूल मकसद ही समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बैंच में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्र शामिल थे। मुख्य न्यायाधीश का कहना था कि मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिये संशोधन का प्रयास प्रॉस्पेक्टस जारी होने के बाद किया गया, जो सरकार की नीयत-नीति पर सवाल पैदा करता है। अदालत का मानना था कि एनआरआई कोटे का मूल मकसद एनआरआई व उनके बच्चों को लाभ पहुंचाना था। जिससे उन्हें भारत में मेडिकल शिक्षा पाने का मौका मिल सके। सरकार की हालिया पहल नीति के मूलभूत उद्देश्य को बाधित करती है। तभी शीर्ष अदालत ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के अध्यादेश पर रोक लगाने के फैसले को उचित ठहराया। निस्संदेह, यदि सरकार अपने मकसद में कामयाब हो जाती तो नीट परीक्षा में कई गुना अधिक नंबर हासिल करने वाले छात्र मेडिकल कालेजों में दाखिला पाने से वंचित हो जाते। निस्संदेह, राज्य सरकार की ऐसी कोशिशों से उन मेधावी छात्रों के साथ अन्याय होता, जो सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। ये कोशिश नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध होती। फिर यह डॉक्टरी जैसे गंभीर संवेदनशील पेशे के लिये भी घातक होता कि अयोग्य लोग मरीजों का उपचार करने के अधिकारी बन जाते। यानी हम समाज में अयोग्य डॉक्टरों को उपचार करने की अनुमति देते। जो दूसरे शब्दों में नीम-हकीम खतराये जान वाली कहावत को चरितार्थ करता। फिर जो लोग लाखों-करोड़ की फीस देकर डॉक्टरी की डिग्री हासिल करते, वे चिकित्सा पेशे में सेवा के पवित्र मकसद के बजाय मुनाफे के मेवे पर ध्यान केंद्रित करते। जो समाज में लगातार महंगे होते उपचार को बढ़ावा देने वाला ही होता। इसी तरह चिकित्सा के पेशे में आने वाले तमाम मेधावी छात्रों के साथ भी यह अन्याय होता। यह विडंबना है ही कि देश में चिकित्सा की पढ़ाई लगातार महंगी होती जा रही है। सामान्य परिवारों के लिये चिकित्सा शिक्षा हासिल करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। इस संकट को निजी मेडिकल कालेजों की मुनाफाखोरी ने बढ़ावा ही दिया है। जिस देश में पहले ही आबादी के मुकाबले डॉक्टरों की संख्या विश्व मानकों के अनुपात में कम है, वहां महंगी होती मेडिकल शिक्षा स्थिति को और विकट ही बनाएगी। बहुत संभव है कि एनआरआई कोटे से शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों की प्राथमिकता देश के बजाय विदेश में प्रेक्टिस करने की होती।

देश दुनीया से

## श्रीलंका की दिशा-दशा तय करेंगे दिसानायके

> राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद बने माहौल में संसद के लिये नया जनादेश पाने के लिये उन्होंने संसद को भंग कर दिया है। इस मामले में भारतीय कूटनीति को दाद देनी होगी कि श्रीलंका में राजनीतिक रुझान को महसूस करके गत फरवरी में अनुरा दिसानायके का सफल भारत दौरा आयोजित किया गया। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि वामपंथी रुझान वाले दिसानायके दिल्ली की दक्षिणपंथी रुझान वाली सरकार से कैसा तालमेल बनाएंगे। बहरहाल, श्रीलंका में राजनीतिक भ्रष्टाचार, आर्थिक बदहाली व परंपरागत सत्ताधीशों के प्रति अविश्वास से मुक्त कराने के वादे ने दिसानायके को ताकत दी है। दो साल पहले धराशायी अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने के उनके आश्वासन पर श्रीलंका की जनता ने विश्वास किया है।

**श्रीलंका** के हालिया राष्ट्रपति चुनाव में अनुरा दिसानायके की जीत ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाया है। वजह यह है कि पिछले राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें महज तीन फीसदी मत ही मिले थे। वहीं संसद में उनके गठबंधन के महज तीन सांसद थे। यही वजह है कि राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद बने माहौल में संसद के लिये नया जनादेश पाने के लिये उन्होंने संसद को भंग कर दिया है। इस मामले में भारतीय कूटनीति को दाद देनी होगी कि श्रीलंका में राजनीतिक रुझान को महसूस करके गत फरवरी में अनुरा दिसानायके का सफल भारत दौरा आयोजित किया गया। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि वामपंथी रुझान वाले दिसानायके दिल्ली की दक्षिणपंथी रुझान वाली सरकार से कैसा तालमेल बनाएंगे। बहरहाल, श्रीलंका में राजनीतिक भ्रष्टाचार, आर्थिक बदहाली व परंपरागत सत्ताधीशों के प्रति अविश्वास से मुक्त कराने के वादे ने दिसानायके को ताकत दी है। दो साल पहले धराशायी अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने के उनके आश्वासन पर श्रीलंका की जनता ने विश्वास किया है। दूसरे राउंड में मिले अधिक मतों से वे पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को तीसरे स्थान में धकेलने में कामयाब हो गए। निस्संदेह, दिसानायके की यह जीत चौंकाने वाली है, जिसके मूल में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखरता और गरीबों को राहत देने के उनके एजेंडे को सार्थक प्रतिसाद मिला है। वे जनता में भरोसा जगाने में कामयाब हुए कि अब भी देश को मंदी व आर्थिक बदहाली के भंवर से निकाला जा सकता है। कभी भारत के मुखर विरोधी रहे राजनीतिक दल जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी से जुड़े रहे दिसानायके अब सरकार के खिलाफ चले हिंसक खूनी आंदोलन को गलत मानते हैं। केंद्रीय श्रीलंका के गालेवेला में 24 नवंबर, 1968 में जन्मे दिसानायके ने उस दौर में छात्र राजनीति में सक्रियता बढ़ाई जब रक्तपात से गुजरते श्रीलंका में वर्ष 1987 के दौरान भारत-श्रीलंका समझौता हुआ था। मध्य वर्गीय परिवार में जन्मे दिसानायके की शिक्षा सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने भौतिक विज्ञान में डिग्री हासिल की थी। तब युवाओं में पनपे देशव्यापी आक्रोश के बीच जेवीपी हिंसक अभियानों के लिये जाना जाता था। इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गये थे। कालांतर में वर्ष 1997 में वे जेवीपी की केंद्रीय कमेटी के लिये चुने गए थे। वैसे हाल में उन्होंने उस दौर में रक्तपात के लिये माफी भी मांगी है। उन्होंने स्वीकारा कि यह हिंसक संघर्ष नहीं होना चाहिए था। वहीं उन्होंने वर्ष 2019 के सिलसिलेवार धमाकों की जांच कराने का भी वादा किया है, जिसमें तीन सौ के करीब लोग मारे गए थे। लोग गोटाबाया राजपक्षे पर जांच को बाधित करने के आरोप लगाते हैं। दरअसल, इस चुनाव में दिसानायके ने राजनेताओं के भ्रष्टाचार, आर्थिक नीतियों की विफलता, कानून अव्यवस्था के लिये तत्कालीन सत्ताधीशों को दोषी बताते हुए नई पारदर्शी शासन व्यवस्था देने का वादा किया। उन्होंने आर्थिक संकट से जनता को हुए कष्टों के लिये नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे देश को बदहाली से मुक्त करा सकते हैं। दरअसल, कुशासन, कोरोना संकट व राजनीतिक भ्रष्टाचार से जहां देश पर अरबों डालर कर्ज चढ़ा, वहीं मुद्रास्फीति कुलांचें भरने लगी। विदेशी मुद्रा भंडार निचले स्तर पर जा पहुंचा। हालांकि, विक्रमसिंघे के प्रयासों से आईएमएफ से मिले कर्ज व भारतीय मदद से हालात में सुधार हुआ, लेकिन स्थितियां पहले जैसी नहीं हो सकीं। यह वजह है कि श्रीलंका के जनमानस ने बदलाव के लिये दिसानायके को राष्ट्रपति चुना। दिसानायके देश के जनमानस को यह भरोसा दिलाने में सफल रहे कि वे देश को राजनीतिक भ्रष्टाचार व कुशासन से मुक्ति दिला सकते हैं। उनका कहना है कि वे जनता पर लगे टैक्स कम करेंगे और नये सिरे से कल्याणकारी योजनाएं शुरू करेंगे। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे। यही वजह है कि मतदाताओं ने आर्थिक चिंताओं के बीच दिसानायके में नई उम्मीद देखी। दरअसल, आम मतदाता कष्टदायी महंगाई से मुक्त होकर सामान्य जीवन जीने का आकांक्षी है। वैसे आईएमएफ से मिले राहत पैकेज और उसके लिये लागू सख्त आर्थिक अनुशासन से मुक्त होना दिसानायके के लिये आसान भी नहीं होगा। इसमें संतुलन बनाकर ही उन्हें जनता का विश्वास हासिल करना होगा। उन्हें सरकार के खर्चों में कटौती संग राजस्व के नये स्रोत तलाशने होंगे। अब कयास यह लगाये जा रहे हैं कि दिसानायके के वामपंथी रुझान के बीच श्रीलंका के संबंध चीन से अधिक मजबूत होंगे या भारत से। हालांकि, गत फरवरी में भारत का दौरा करने वाले दिसानायके भारत के साथ अच्छे संबंधों की बात कर रहे हैं। कभी भारत विरोधी रहे जेवीपी के भारत के प्रति रुझान में हाल के वर्षों में बदलाव आया है।

आप का नजरीया

## दर्द बांटती दवा

**यह** खबर परेशान करने वाली है कि बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। देश में धड़ल्ले से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल भी इन दवाओं में शुमार है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। केंद्रीय औषधि नियामक ने गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी की है। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से गुरेज करती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। विडंबना देखिए कि लोगों द्वारा आमतौर पर ली जाने वाली पैरासिटामोल भी जांच में फेल पायी गई। आम धारणा रही है कि गाहे-बगाहे होने वाले बुखार-दर्द आदि में इस दवा का लेना फायदेमंद होता है। निश्चय ही केंद्रीय औषधि नियामक की गुणवत्तारहित दवाओं की सूची में इसके शामिल होने से लोगों के इस विश्वास को ठेस पहुंचेगी। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये दुखी मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। व्यथित करने वाली बात है कि सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन यानी सीडीएससीओ ने हालिया मासिक रिपोर्ट में जिन गुणवत्ता रहित दवाओं का उल्लेख किया है, उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। जिन्हें बड़ी कंपनियों के नाम से बेचा जा रहा है। इससे उन मरीजों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ जाएंगी जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं। बताते हैं कि फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। यद्यपि सीडीएससीओ ने 53 दवाओं की गुणवत्ता की जांच की थी, लेकिन 48 दवाओं की सूची ही अंतिम रूप से जारी की गई। वजह यह बतायी जा रही है कि सूची में शामिल पांच दवाइयां बनाने वाली कंपनियों के दावे के मुताबिक, ये दवाइयों उनकी कंपनी की नहीं हैं वरन बाजार में उनके उत्पाद के नाम से नकली दवाइयां बेची जा रही हैं।

दुर्गा पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

# सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन रखेगी कड़ी नजर : एसपी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** दुर्गा पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा आपसी सोहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गयी। एसपी ने कहा कि दुर्गा पूजा में उपद्रव या अशांति फैलाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जायेगी। सांप्रदायिक या भड़काउ सामाग्रियां पोस्ट करने वालों पर चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर अग्रतर कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया। धार्मिक स्थलों के आसपास के सुरक्षा बलों की तैनाती का निर्देश दिया।वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहां है कि कोर्ट के आदेश पर किसी भी पूजा पंडाल में डीजे बजाने वाले और डीजे मालिको को भी कड़ी चेतावनी दी है कि किसी भी हाल में डीजे नहीं बजाना है अगर डीजे बजाते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी बैठक में ध्वनि विस्तारक यंत्र का भी समय पर बजाना है वहीं डीडीसी सुरजीत सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा धार्मिक आस्था से जुड़ा है। इसमें किसी प्रकार की विद्वेश की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।अपर समाहर्ता रामा रविदास ने कहा कि हमें पूजा मिलजुल कर मनाना है। एसडीओ अजय रजक ने कहा कि दुर्गा पूजा मे डीजे पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। उन्होंने पूजा समितियों को अपना लाइसेंस का नवीनीकरण करा लेने की अपील की। कहा कि विसर्जन निर्धारित रूट से ही की जायेगी। विसर्जन के दौरान बिजली सेवा बाधित रहेगी। उन्होंने रूट में बिजली की वैकल्पिक व्यस्था करने की बात कही। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर सिंह, जिप सदस्य विनोद उरांव, सिविल सर्जन डा अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, गोपानीय शाखा के उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी, कार्यपालक अभियंता भवन कमलेश सिंह, कार्यपालक अभियता विद्युत मो शमसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा चंदन, नगर प्रबंधक जय लक्ष्मी भगत व थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के अलावा वैष्णव दुर्गा मंदिर के सचिव आशीष टैगोर, सार्वजनिक राजा दुर्गा बाड़ी के अध्ययक्ष आदि मौजूद थे।

## बीडीओ की मनमानी से क्षुब्ध प्रमुख व ग्रामीणो ने किया हंगामा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर के मुख्य गेट पर मंगलवार को प्रमुख अनिता यादव व ग्रामीणो ने बीडीओ राहुल देव की मनमानी से क्षुब्ध हो कर जमकर हंगामा किया। प्रमुख अनिता यादव ने बताया कि 15 वें वित्त योजना के लाभुक राशि भुगतान करने को लेकर प्रखंड़ कार्यालय का चक्कर काट रहे है। जिनका भुगतान बीडीओ राहुल देव के द्वारा नही किया जा रहा है। वही प्रखंड़ कार्यलय परिसर में धूम्रपान मुक्त की शपथ का कार्यक्रम प्रखंड़ जनप्रतिनिधियों के अनदेखी में किया जा रहा था। प्रमुख ने बताया कि अपने कार्यालय में बैठी थी। बीडीओ ने योजनाओं से लेकर अन्य सामाजिक कार्यों में काफी मनमानी रवैये अपनाता है।जिसे क्षुब्ध हो कर प्रखंड़ कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया है। प्रमुख समेत अन्य समिति सदस्यों को मनमानी करने के आरोप में उपविकास आयुक्त को आवेदन दी है। मौके पर कई समिति सदस्य मौजूद थे।

## 28 वां सीओ के रूप में लिया अंनत विश्वकर्मा अंचल का पदभार



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल कार्यालय में मंगलवार को नवपदास्थापित अंचलाधिकारी अंनत विश्वकर्मा ने 28 वां गिद्धौर अंचलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। यह पदभार ग्रहण प्रभारी अंचलाधिकारी राकेश सहाय से किया है। इस दौरान नवपदस्थापित अंचलाधिकारी अंनत विश्वकर्मा ने बताया कि आय, आवासीय, जाती प्रमाण पत्र, म्यूटेशन समेत कार्य के लिए अंचल कार्यालय से कोई भी नही घूमेगा ससमय निष्पादित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। अंचलाधिकारी ने अंचल कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर निवर्तमान अंचलाधिकारी राहुल देव सहाय, सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा, कर्मचारी पप्पू यादव समेत अंचल कर्मी मौजूद थे।

## प्रखंड़ में तंबाकू मुक्त को लेकर बीडीओ ने दिलाया शपथ




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर मुख्य गेट पर बीडीओ राहुल देव ने गांधी जयंती के इस अवसर पर मंगलवार को तंबाकू मुक्त को लेकर शपथ दिलाया। शपथ प्रखंड कर्मियों के साथ साथ कई ग्रामीणो को भी दिलाया गया।बीडीओ ने शपथ में तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने, परिजनों एवं मित्रों व परिचितों को भी तम्बाकू सेवन नही करने का प्रेरित करने को उत्प्रेरित किया। शपथ के मौके पर प्रखंड़ कर्मियों के साथ ग्रामीण भी मौजूद थे।

## समारोह आयोजित कर अंचलाधिकारी एवं पंचायत सचिव को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित कर अंचलाधिकारी शंभू राम को विदाई दिया गया। इसे लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह का अयोजन कर अधिकारियों एवम् कर्मियों ने निवर्तमान सीओ शंभू राम को बुके व उपहार भेंट किया। उनके सुखद जीवन व कुशल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी जबकी नए सीओ दीपक कुमार मिश्रा को कर्मियों ने बुके देकर स्वागत किया।वही सेवानिवृत्त पंचायत सेवक रामजी साव को भी समारोहपूर्वक विदाई दी गई।वही निवर्तमान सीओ ने कुंदा की जनता को सभ्य व सुशील बताया और कहा की यहां की जनता ने 9 माह के कार्य अवधि में जो प्यार दिया इसे नही भूल पाऊंगा। संबोधन के दौरान सीओ ने कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, आम अवाम सभी को धन्यवाद दिया। वही सेवानिवृत पंचायत सचिव रामजी साव को सहयोगियों एवम् कर्मियों ने उन्हें फूलमाला, शाल, बैग, छाता वस्त्र एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। रामजी साव ने अपनी सेवा के दौरान कुन्दा व सिकीदाग पंचायत में महत्वपूर्ण योगदान दिया वे लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रहे। इस अवसर पर सहयोगियों ने उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किया। वही रामजी साव ने सहयोगियों, एवं पदाधिकारी को धन्यवाद दिया और कहा कि मुझे अपनी सेवा के दौरान इन सबों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।यह विदाई समारोह एक भावभीनी और स्नेहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।इस अवसर पर सभी ने उनके सुखद जीवन की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, मुखिया मनोज साहू, प्रमुख प्रतिनिधी जयराम भारती, उपप्रमुख, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, अखिलेश यादव, पंचायत सेवक मुरली राम, मुकेश कुमार, जनसेवक शिवमंगल कुमार, रंजन कुमार राजू, स्वयंसेवक कमलेश कुमार यादव समेत कई अन्य प्रखंडकर्मी व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढेबो के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों के चुनाव किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत कुमार और प्रवेक्षक रामजतन निराला के अध्यक्षता में 12 सदस्यीय समिति का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए अनीता देवी को ग्रामिणो ने निर्विरोध चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष उदय साव, संयोजिका सुनीता देवी, और 12 सदस्यों को सर्वसम्मति से चुना गया। निर्वाचित अध्यक्ष अनीता ने कहा कि विधालय की विकास के लिए ईमानदारी पूर्वक सहयोग करूंगी आगे उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को साथ लेकर छात्र - छात्राओं के बेहतर शिक्षा के लिए कार्य करूंगी। संयोजिका सुनीता देवी ने कहा की बच्चों को सरकारी मेन्यू के अनुसार मध्यान भोजन उपलब्ध करवाया जायेगा किसी को शिकायत का मौका नही मिलेगा। इस मौके पर उपस्थित प्रवेक्षक रामजतन निराला, प्रधानाध्यापक अजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य योगेंद्र यादव, वॉर्ड सदस्य रामबचन भारती, अनिल यादव, मूटरी देवी, सुनीता देवी, झखाड़ी साव, रविंद्र यादव, समेत सैकड़ो ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित थे।

## डीडीसी पवन कुमार मंडल ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई।जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, भूमि विवाद, राशन, स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## परीक्षा से संबंधित पैसे की मांग की जानकारी अविलंब प्रशासन को दें, टोल फ्री नंबर 1930 पर भी कर सकते हैं शिकायत



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले मे चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा 28 सितंबर 2024 को कुल सात केंद्रों पर विभागीय नियमो का अक्षरशः अनुपालन कराते हुए जिला प्रशासन चतरा द्वारा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से मामला प्रकाश में आया है कि बिचौलियों, साइबर अपराधियों द्वारा लिखित परीक्षा के पेपर में नंबर बढ़ाने के एवज में पैसे की मांग परीक्षार्थियों से की जा रही है। जिले के सभी परीक्षार्थियों से जिला प्रशासन के तरफ से अपील है कि इस तरह के ठगी के झांसे में ना परे नहीं तो आप ठगी के शिकार हो सकते हैं। अगर परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की पैसे की मांग की जाती है तो अविलंब इसकी जानकारी अपने क्षेत्र के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को या फिर अपर समाहर्ता चतरा को दे सकते हैं। टोल फ्री नंबर 1930 पर भी शिकयत कर सकते हैं। जिससे इस तरह के कार्य के लिए उनके ऊपर कारवाई की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शी तरीके से परीक्षार्थियों का लिखित परीक्षा का कॉपी जांच किया जा रहा है।

## मनकेरी गांव में युवाओं की जन पंचायत का सफल आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** तरवाडीह पंचायत अंतर्गत मनकेरी गांव में मंगलवार को युवाओं की जन पंचायत का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय और मनिका विधानसभा के युवा नेता सुभाष सिंह शामिल हुए। पंचायत में युवाओं की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।इस जन पंचायत का मुख्य उद्देश्य युवाओं की समस्याओं को समझना और उन्हें समाधान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाना था।बैठक के दौरान युवाओं ने शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाएं, और खेल-कूद से संबंधित समस्याओं पर अपनी बातें रखीं।मुख्य अतिथि अमित पाण्डेय ने युवाओं की आवाज को गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि पार्टी उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें सशक्त बनाना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। मनिका विधानसभा के युवा नेता सुभाष सिंह ने भी इस अवसर पर कहा कि विधानसभा का नेतृत्व अब युवाओं को सौंपने का समय आ गया है। मौके पर सद्दाम अंसारी रामकुमार प्रसाद अभिजीत सोनू नितेश जयसवाल रौशन अंसारी सेवल शर्मा उपेन्द्र उरांव सहित सैकड़ों युवा ग्रामीण उपस्थित थे।

## सेवानिवृत सहायक को दी गयी विदाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डिग्री महाविद्यालय मनिका में कार्यरत सहायक लिपिक अरविंद विश्वकर्मा के सेवानिवृत्ति पर डिग्री महाविद्यालय मनिका में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ विमल सिंह, समाजशास्त्र के प्राध्यापक मनीष तिवारी, डॉक्टर डीके वर्मा, उमेश रविदास, डॉ रंजीत महली, डॉक्टर बसंत प्रसाद एवं अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष पृथ्वीराज सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकोतरकर्मी एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विदाई समारोह का संबोधन करते हुए प्राचार्य ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। यह किसी भी कर्मचारी के संतुष्टि पूर्ण सेवाकाल को प्रदर्शित करती है। इस अवसर पर सभी प्राध्यापकों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री विश्वकर्मा के प्रशंसा में अपने शब्द व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्री विश्वकर्मा को अंगवस्त्र से सम्मानित कर उनके मांगलिक भविष्य की राह दिखाते हुए सभी लोगों की आंखें नम थी।

## सेवानिवृत प्रधानाचार्य को दी गयी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्योति तिग्गा के सेवानिवृत्ति पर मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी, प्रभारी प्रधानाध्यापक रवि आनंद धर्मेंद्र उरांव अनिल टोप्पो राजेश उरांव अशोक यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विदाई समारोह का संबोधन करते हुए राजश्री ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। यह किसी भी कर्मचारी के संतुष्टि पूर्ण सेवाकाल को प्रदर्शित करती है। ज्योति तिग्गा ने एक कर्मठ, व्यवहार कुशल एवं जिम्मेवार के रूप में विद्यालय को अपने सेवा से विकसित और विस्तृत किया है। आगे उन्होंने कहा कि वे 2004 में अपना प्रभार संभाला था। आज यहां से सेवानिवृत हो रही है वे अपने कार्यकाल में ग्रामीणों के साथ-साथ बच्चों से भी एक अलग लगाओ रखी थी। इस अवसर पर सभी लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती तिग्गा के प्रशंसा में अपने शब्द व्यक्त किया। कार्यक्रम में ज्योति तिग्गा को अंगवस्त्र से सम्मानित कर उनके मांगलिक भविष्य की राह दिखाते हुए सभी लोगों की आंखें नम थी।

## मनिका थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका थाना परिसर में दिन मंगलवार को मनिका अंचला अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में दशहरा के त्यौहार प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मनिक थाना प्रभारी शशि कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को बताया कि जिला से निर्देश मिला है कि दशहरा की त्यौहार में शराब बिक्री पर प्रतिबंध रहेगी एवं डीजे बजा पर भी प्रतिबंध है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि दशहरा की त्यौहार में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले असामाजिक प्रवृत्ति के लोग सावधान रहें और सोशल मीडिया पर टेक्निकल सेल का विशेष नजर है। किसी भी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट करते पाए जाने वाले लोगों के विरोध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही मनिका अंचल अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि दशहरा की त्यौहार असत्य पर सत्य का विजय बताता है उन्होंने मंच के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को कहा कि दशहरा की त्यौहार आपसी प्रेम और आपसी भाईचारे का त्यौहार है।इस त्यौहार को सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर मनाएं उन्होंने कहा कि हमने मनिका में देखा है कि यहां के यहां के लोग किसी जाति धर्म का हो लेकिन सभी लोगों में एकता दिखता है। मनिका प्रखंड क्षेत्र के लोग एकता के मामले में मिसाल है किसी भी त्यौहार में यहां के सभी जाति धर्म के लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं।मौके पर मनिका पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार, मनिका ग्राम प्रधान रजत कुमार, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, राजद नेता जितेंद्र यादव, बंदुआ ग्राम प्रधान महावीर प्रसाद समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी मंच जिला समिति ने समाहरणालय परिसर में दिया एक दिवसीय धरना

12 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड आंदोलनकारी मंच जिला समिति लातेहार द्वारा मंगलवार को लगभग एक बजे समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह द्वारा किया गया।मौके पर धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य निर्माण के 24 वर्ष गुजर गए।इसके बावजूद अब तक आंदोलनकारियों कि पहचान नहीं हो सकी है।इन बीते वर्ष भी आंदोलनकारियों का संघर्षों में ही गुजरा है।आंदोलनकारी वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि अपने बारह सूत्री मांगों के समर्थन में धरना दिया गया है।धरना के बाद मुख्य मंत्री के नाम उपायुक्त लातेहार को मांग पत्र सौंपा गया। बारह सूत्री मांगों में चिन्हित आंदोलन कारियों को पचास हजार रुपए पेंशन, पेंशन के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, राजधानी रांची में आंदोलनकारियों के लिए अतिथि गृह का निर्माण किया जाये समेत अन्य महत्वपूर्ण मांग शामिल है।धरना को अन्य आंदोलनकारियों ने संबोधित किया। एवं सभी वक्ताओं ने अपना अपना मंतव्यों को रखा। मौके पर मुरली प्रसाद चौरसिया, विश्वनाथ साहू, विरेन्द्र ठाकुर, धनेश्वर उरांव, नंदकिशोर सिंह, गुलाब प्रजापति समेत काफी संख्या में आंदोलनकारी शामिल हुए।

## शांति व्यवस्था के साथ दुर्गा पूजा मनाने को लेकर की गई शांति समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना परिसर मे मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम के अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक मे सभी दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष से कार्यक्रम की जानकारी लिया गया। साथ ही कलश स्थापना, कार्यक्रम सहित विसर्जन को लेकर सभी समितियों से बारी-बारी वार्ता की गई। टोटी हेसला पूजा समिति द्वारा बताया की पिछले सात वर्षो से एकादशी के दिन दोपहर मे मेला का आयोजन किया जाता है साथ ही मूर्ति विसर्जन भी करते हैं। वहीं थाना प्रभारी राजा दिलावर ने गोनिया, गड़गोमा, बालूभाँग, भाटचतरा सहित अन्य पूजा समिति से पूजा पंडाल और कार्यक्रम को लेकर लोगों से विचार लिया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सीओ सह बीडीओ राम ने कहा की दुर्गा पूजा सहोर्दय वातावरण के साथ मनाए। पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। पूजा स्थल मे बनाए गए पूजा पंडाल मे विजली वायरिंग की जाँच करने और सॉट सर्किट से अग्नि से बचाव के लिए विभिन्न तरह का सुझाव दिया। पूजा मे कानूनी तरीके से डीजे प्रतिबन्ध रहेगा। थाना प्रभारी दिलावर ने कहा की शोशल मिडिया के माध्यम से क्षेत्र मे धार्मिक रूप से भार्मक मैसेज या आस्था के प्रति खिलवाड़ करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही कहा की अवैध रूप महुआ दारू बेचने वाले स्थल पर छापामारी किया जायेगा। सड़क दुर्घटना को नियंत्रण रखने के उदेश्य से दो अक्टूबर बुधवार से हेलमेट चेकिंग किया जायेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, मुखिया केदार गंझु, पंसस राजेश राम, सहित काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# केरेडारी टंडवा सड़क पर घटित घटना की जिम्मेवारी बीकेएस तिवारी ग्रुप ने ली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी टंडवा सड़क पर घटित पांच हाइवा में आगजनी और गोलीबारी के घटना की जिम्मेवारी बीकेएस तिवारी ग्रुप ने ली है इस संदर्भ में क्षेत्रीय सोसल मीडिया समूहों में जारी पर्चा के माध्यम से कहा है कि केरेडारी चट्टी बरियातू कोल माइंस ट्रांसपोर्ट कर रही हाइवा में आगजनी एवं गोलीबारी की घटना की जिम्मेवारी मैं बिपिन पांडे लेता हूं। इस बात को बताते आए हैं कि अनदेखा करने की भूल ना करें। बीते 25 सितंबर को केरेडारी टंडवा मुख्य सड़क के डमहा बागी स्थित नक्कस कंपनी के एक्यूअप केयर नामक सर्विस सेंटर में हुई गोलीबारी की घटना की जिम्मेवारी भी बीकेएस तिवारी ग्रुप ने पर्चा जारी कर लिया थौ। एक सप्ताह के अंदर दो बड़ी घटनाओं को दिया अंजाम । बीते 25 सितंबर को एक्यूअप केयर में गोलीबारी कर व 1 अक्टूबर के रात दो बजे पांच हाइवा वाहनों में आगजनी और गोलीबारी कर दहशत का माहौल कायम कर दिया है।



**लेवी से जुड़ा है तार सूत्र :** इस संदर्भ में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीकेएस तिवारी ग्रुप द्वारा चट्टी बरियातू कोल माइंस व केरेडारी कोयला माइंस से कोयला ढुलाई कार्य कर रही कोल ट्रांसपोटरों द्वारा लेवी मांग की अनदेखी की जा रही है जिससे आहत हो कर घटना को अंजाम दिया गया है! ज्ञात हो कि केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में संचालित एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस और चट्टी बरियातू कोल माइंस से कोयला ढुलाई कार्य में लगे पांच खाली हाइवा वाहनों को 1 अक्टूबर की रात दो से ढाई बजे के बीच में दस बारह की संख्या में आए हथियार बंद नक्सलियों ने आगजनी और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है।

**पुलिस कर रही है सघन जांच पड़ताल :** घटना के उपरांत केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार बड़कागांव पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार और जिले के पुलिस कप्तान अरविंद कुमार घटना का जायजा लेते हुए सघन जांच पड़ताल में जुटे है। सुचारू रूप से जारी है ट्रांसपोटिंग व माइनिंग कार्य घटना के उपरांत चट्टी बरियातू कोल माइंस और केरेडारी कोल माइंस से कोयले की ढुलाई कार्य सुचारू रूप से जारी है! इस बाबत एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पिछले 2 3 महीनों में इस तरह की घटनाओं ने कंपनी को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया है जो ना केवल ऊर्जा क्षेत्र बल्कि पूरे देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। इस घटना ने कोयले के परिवहन कार्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।जिसके परिणाम स्वरूप एनटीपीसी पॉवर प्लांट के लिए कोयला आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है।

## विधायक अंबा प्रसाद ने दर्जनों लाभुकों के बीच बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड सरकार के द्वारा 200 बिजली यूनिट तक प्रतिमाह खपत करने वाले बिजली बिल माफी योजना झारखंड सरकार के द्वारा चलाई गई है। जिसे लेकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के समाधान भवन में बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है। जिसमें दर्जनों उपभोक्ताओं के बीच विधायक अंबा प्रसाद ने बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया। साथ ही झारखंड सरकार के द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस दौरान बड़कागांव मुख्य चौक पर बिजली सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीणों के द्वारा एक्जीक्यूटिव इंजीनियर से मुलाकात कर एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की गई है, ताकि बार-बार बिजली समस्या की परेशानी से लोगों को निजात मिल सके। वहीं बिजली माफी योजना को लेकर एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने बताया कि हजारीबाग जिला में 74000 बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल माफ किया गया है। जो घरेलू उपभोक्ता 200 यूनिट से कम बिजली उपयोग करते हैं, अगर उनके ऊपर बकाया बिजली बिल व फाइन के साथ केस हो गया है, उनका भी बिजली बिल माफ करने के लिए रिपोर्ट आगे भेज दी गई है।वही मौके पर उपस्थित कई लोगों ने बिजली बिल नहीं माफ करने की शिकायत एक्जीक्यूटिव इंजीनियर से की है। मौके पर मुख्य रूप से बिजली विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अंगेश कुमार, एसडीओ अरविंद कुमार कनिय अभियंता प्रभास कुमार, स्थानीय कर्मचारी अरविंद कुमार, रोहित सोनी विशेश्वर नाथ चौबे पंकज कुमार, मनोज ठाकुर, शमशेर आलम, राजेश रजक के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।



## सत्येंद्र वर्मा उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाईं बलिया के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया के प्रांगण में मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में धनंजय कुमार दास बीआरपी एवं रामदेव साहू सीआरपी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अभिभावक एवं ग्रामीणों द्वारा समिति के सदस्यों के चुनाव के उपरांत सत्येंद्र कुमार वर्मा को निविरोध अध्यक्ष एवं मुनिया देवी को उपाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। चुनाव के पश्चात सदस्यों एवं पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। बैठक में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया के तमाम शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## विरोधी फैला रहे हैं अफवाह, कांग्रेस के लिए पूरा परिवार समर्पित रहा है : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** 2 अक्टूबर को भाजपा में जाने के भ्रामक मैसेज सोशल मीडिया में वायरल होने पर विधायक अंबा प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस खबर को बेबुनियाद एवं निराधार बताते हुए खंडन किया है। अंबा प्रसाद ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी की सच्ची सिपाही होने के नाते मैं किसी प्रकार से किसी दूसरे दल में शामिल होने का कभी सोच भी नहीं सकती। पूर्ववर्ती भाजपा और आजसू गठबंधन की सरकार के दौरान भी मेरे परिवार को विरोधियों ने काफी प्रताड़ित किया है, उस समय भी भाजपा में शामिल करवाने के लिए कई हथकंडे अपनाए गए। यहां तक की लोकसभा चुनाव के दौरान भी ईडी की छापेमारी सिर्फ परेशान करने के नियत से किया गया। विधायक ने कहा कि अगर हमें दल बदल करना रहता तो मेरे परिवार पर हो रहे अत्याचार के दौरान ही कर लिया जाता लेकिन कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही होने के नाते मेरे पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व माता निर्मला देवी समेत पूरे परिवार ने काफी प्रताड़ना झेली है। मुझे भी बीच में पढ़ाई छोड़कर राजनीति में आना पड़ा। आज बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए विस्थापन से हो रही सभी समस्याओं का जिम्मेदार भाजपा सरकार है, विस्थापितों के हक अधिकार सुनिश्चित कांग्रेस ही कर सकती है। भाजपा में शामिल होने की खबर बिल्कुल बेबुनियाद और निराधार है।

## एनएमएल कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स, हजारीबाग ने वर्ल्ड हार्ट डे 2024 पर वॉकाथॉन 3.0 का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सामुदायिक भावना और स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए एनएमएल कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स, हजारीबाग ने वर्ल्ड हार्ट डे 2024 पर वॉकाथॉन 3.0 का आयोजन किया। जिसमें इस वर्ष की थीम अपने दिल के लिए चलें थीम के सहारे कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। वॉकाथॉन का उद्घाटन परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह फ़ैज तैय्यब, बिजनेस यूनिट हेड चट्टी बरियातू नवीन गुप्ता और जीएम, बादाम कोल माइनिंग प्रोजेक्ट अरुण कुमार सक्सेना के द्वारा किया गया। उनकी उपस्थिति ने संगठन की कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को उजागर किया। 45 वर्ष से ऊपर और 45 वर्ष से नीचे के प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्होंने सिखरी साइट कार्यालय परिसर में एक-दूसरे के प्रोत्साहन के साथ चलकर इस आयोजन को सफल बनाया। वातावरण जीवंत था, जो एकता और स्वास्थ्य जागरूकता की भावना को दर्शाता था। इस कार्यक्रम का समापन एक उत्सव के माहौल में पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जहां विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए उपहार स्वरूप प्रोत्साहन मिली।



## गांधी जयंती के पूर्व संध्या सनराइज अकादमी में प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में संचालित सनराइज अकादमी विद्यालय में महात्मा गांधी जयंती के पूर्व संध्या विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा चतुर्थ से लेकर दशम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें कक्षा चतुर्थ से रोशन कुमार प्रथम, नितीश राणा द्वितीय, पचवी कक्षा से खुशी गुप्ता प्रथम, कैफ़ी आज़मी द्वितीय, छठी कक्षा से रिशु यादव प्रथम, निहारिका राय द्वितीय, कक्षा सातवीं से मनीषा कुमारी प्रथम, कविता कुमारी द्वितीय, आठवी कक्षा से प्रथम राखी कुमारी, द्वितीय अंशु कुमारी, कक्षा नौवीं से प्रिंसी रानी प्रथम, प्रियंका कुमारी द्वितीय व कक्षा दसवीं से हिमांशु कुमार प्रथम व सुमित कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर संचालक महेश कुमार साव ने महात्मा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शिक्षकों के हाथों सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक व शिक्षिकाओं में राज कुमार, संतोष गुप्ता, धनराज गुप्ता, अनिल कुमार प्रभाकर, महेंद्र प्रसाद, कुंदन कुमार, सीमा सिंह, प्रीति केसरी, सोनी कुमारी, डॉली राणा, राखी प्रसाद आदि मौजूद थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा मांडू विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में फागु बेसरा का भव्य स्वागत

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा मांडू विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही मे आयोजन किया गया। जिसमे झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के द्वारा, फागु बेसरा, दर्जा प्राप्त मंत्री झारखंड सरकार सह जेसीएमयू के केंद्रीय महामंत्री का फूल का माला पहनाकर स्वागत किया गया । स्वागत मे मुख्य रूप से अकल उरांव (क्षेत्रीय सचिव), कुर्बान अंसारी (क्षेत्रीय अध्यक्ष), राज कुमार वर्मा (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष-सह-मीडिया प्रभारी), अनवर अहमद (क्षेत्रीय सह-सचिव), धीरज माँझी (सचिव जी एम यूनिट) एवं महिला कार्यकर्ता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## जागरण मंच का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन, कहा भक्ति ही मुक्ति का एकमात्र रास्ता

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत करियापुर पंचायत के दूधपनिया गांव निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता गणेश साव की मां का एकादशी कार्यक्रम के मौके पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भक्ति जागरण मंच का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। जिसके बाद भक्ति गीतों की सुर और ताल लोगों को रात भर खूब झुमाया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि श्राद्ध कार्यक्रम विधिवत करने के बाद एकादशी कार्यक्रम के मौके पर भक्ति कार्यक्रम का आयोजन से मृत आत्मा की शांति मिलती है। वहीं कहा की भक्ति ही मुक्ति का एकमात्र रास्ता है।मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, जिप सदस्य प्रतिनिधी गुरुदेव गुप्ता, अजय कुशवाहा, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, सचिन यादव, गणेश साव, राजु साव, रामचन्द्र साव, सिकंदर कुमार, बाबूलाल पासवान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में पवन कुमार ने किया प्रभार ग्रहण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के नए प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में पवन कुमार ने पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा (झा.2011) बैच के श्री पवन कुमार ने मंगलवार, 01 अक्टूबर 2024 को निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नये आयुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का परिचय प्राप्त किया। आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद ने सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ देकर आयुक्त महोदय का स्वागत किया। इससे पूर्व पवन कुमार परियोजना निदेशक, झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी रांची, के पद पर पदस्थापित थे। झारखंड सरकार के अगले आदेश तक पवन कुमार प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के पद पर रहकर अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगे। मौके पर उप निदेशक आनन्द, अवर सचिव रास बिहारी संग सभी अधिकारीगण एवं कार्यालय कर्मीगण मौजूद रहे।

## ललिता देवी ने बेड़ाहरियारा पंचायत में किया ट्रांसफार्मर का उद्घघाटन

**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड के पंचायत बेड़ाहरियारा के रति बेड़ा में बीते कई दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिसकी सूचना प्राप्त होने के बाद झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री तथा मांडू के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा नए विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया है। जिसका उद्घाटन मंगलवार को विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर ललिता देवी ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र का कोई भी क्षेत्र अंधेरे में नहीं रहेगा। हम सबको सूचना मिलते हैं तत्परता के साथ कार्रवाई करते हैं। इस मौके पर मुखिया रामचंद्र यादव, गुरु प्रसाद साव, संजय पांडेय, मनोज यादव, विशुनधारी यादव, खेमलाल यादव, देवनाथ यादव, लक्ष्मण यादव, वासुदेव यादव, प्रदीप यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सर्पमित्र सुरेश राम ने फिर किया कोबरा का सफल रेस्क्यू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** वन्य जीवों के संरक्षण में महती भूमिका निभाने वाले सुरेश राम को लोग आज पूरे प्रखण्ड में सर्पमित्र के नाम से जानते है।सोमवार बीती रात की बात है,देर रात करीब 11¬30 बजे सुरेश राम मात्र एक सूचना पर अपने द्वारा बनाये गये सांप रेस्क्यू औजार लेकर गाल्होबार में विष्णु पंडित के घर जाकर एक कोबरा का सफल रेस्क्यू कर मौजूद परिजनों तथा कोबरा की जान बचाई। यह कहानी यहीं खत्म नही होती सर्पमित्र सुरेश राम ने बताया कि मैंने अभी तक कुल 1127 भिन्न भिन्न प्रजातियों के सांपो का सफल रेस्क्यू कर उन्हें वापस जंगल मे छोड़ा है। इसके अलावे उपरैली बोदरा से कुएं में गिरी नीलगाय का सफल रेस्क्यू,गाल्होबार से एक कुएं से सियार का सफल रेस्क्यू किया हूँ। आगे बताते हुए भावुक होते हुए उन्होंने बताया कि मेरी धर्मपत्नी मंजू देवी कोरोना काल जैसी विकट घड़ी में लगभग दो वर्षों तक स्वास्थ्य सम्बधी अपनी सेवाएं दी।फिलहाल डीएमएफटी के तहत पास होने के बाद भी इनको प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा कि इस मामले को जाँच कर इनको सेवा देने का अवसर प्रदान किया जाय। बताते चलें कि सर्पमित्र सुरेश राम 40त्न विकलांग है। आर्थिक हालात तंग है, फिर भी इनके हौसले और हिम्मत में कोई कमी नही आई।

## वर्ल्ड हार्ट डे 2024 पर एनएमएल कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सामुदायिक भावना और स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए एनएमएल कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स, हजारीबाग ने वर्ल्ड हार्ट डे 2024 पर वॉकाथॉन 3.0 का आयोजन किया। जिसमें इस वर्ष की थीम अपने दिल के लिए चलें थीम के सहारे कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। वॉकाथॉन का उद्घाटन परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह फ़ैज तैय्यब, बिजनेस यूनिट हेड चट्टी बरियातू नवीन गुप्ता और जीएम, बादाम कोल माइनिंग प्रोजेक्ट अरुण कुमार सक्सेना के द्वारा किया गया। उनकी उपस्थिति ने संगठन की कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

## राम मंदिर समेत अन्य दो और मंदिरों में चोरी की तीसरी वारदात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बेड़ाहरियारा के पेठियाटाड़ स्थित राम मंदिर में सोमवार रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। चोरों का मनोबल सातवें स्थान पर है, बीते एक वर्ष के भीतर यह चोरी की तीसरी घटना है। इसके पूर्व भी विष्णुगढ़ के राम मंदिर में तीन बार, काली मंदिर में दो बार एवं परियोजना उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ में दो बार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना का अंजाम दिया गया था। जिसमें मंदिर की घंटी, पीतल आरती थाली, कासा के परात,पीतल का बाल्टी, भगवान भोलेनाथ शिवलिंग में लपेटे हुए चांदी के तक्षक नाग, विद्यालय के कई कीमती सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। वही सोमवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने रामन्दिर से पीतल के दो बाल्टी, भगवान गणेश की पीतल की एक मूर्ति, पीतल का एक चरणा अमृत ग्लास, पीतल के दो बड़ा घंटा, पीतल का एक आचमन, पीतल का बड़ा एवं छोटा दो घंटी, पीतल का एक बड़ा लोटा, छोटा लोटनी तांबा का दो और पीतल के तीन, पीतल के पांच बड़ा थाली, पीतल के भगवान गणेश का एक आसन, पीतल का छोटा पंद्रह थाली, पीतल के दो दीया, तांबा का बड़ा थाली, पीतल के पंचमूर्ति दीया,कृष्ण जी की चांदी की एक बांसुरी की चोरी कर ली गई। चोरी की इस घटना में नशेड़ियों था जुआरियों की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है।इस घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी विक्रम कुमार पांडेय ने थाना प्रभारी सागेंन मुर्मू को फोन पर दी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर मामले की छानबीन की समाचार लिखे जाने तक थाने में आवेदन नही दिए जाने के कारण मामला दर्ज नही किया जा सका था।



## डाड़ीकला गोलीकांड के शहीदों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** डाड़ीकला गोलीकांड के शहीदों की 8 वी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता आजादी बचाओ आंदोलन के नेता डॉ मिथिलेश दांगी व संचालन लखेंदर ठाकुर ने किया।मौके पर बादम के पूर्व मुखिया दीपक दास, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, दिलेश्वर महतो, शंकर भुईयां, कैलाश साव समेत उपस्थित लोगों ने शहीदों यह तस्वीर में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। आंदोलनकारियों ने कहा कि डाड़ीकलां गोलीकांड के शहीदों के परिजनों को आज तक न्याय नहीं मिला। कोयला खनन होने कई गांव के लोग विस्थापित हुए हैं जिसके कारण बेरोजगारी बढ़ी है। गांवो के विस्थापितों का विकास नहीं हो पाया। उपरोक्त मुद्दों को लेकर फिर से आंदोलन करने का संकल्प लिया गया।

## चूरचू पंचायत में अन्तरराष्ट्रीय वृद्धजन मतदाता दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चूरचू :** मंगलवार को चूरचू प्रखंड के ग्राम पंचायत चूरचू के करगी में अन्तर्राष्टीय वृद्धजन मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चूरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक उप प्रमुख संजय कु सिंह थे। चूरचू पंचायत के दो वृद्ध लोगों के बीच बनाया गया। इसका उद्देश्य उम्रदराज लोगों के साथ होने वाले भेदभाव, अपमानजनक व्यवहार को खत्म करना है। वृद्ध मतदाता दिवस के मौके पर ललकि देवी उम्र 111 एंव जानकी महतो उम्र 102 को फूल माला व साड़ी लुंगी दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व उप मुखिया सहदेव किस्कू, त्रिदेव कुमार, संजय कुमार रवि, निर्मल पसाद गुप्ता, ग्राम की सेविका, मध्य विद्यालय बोदरा के शिक्षक समेत कई लोग शामिल थे।

## आरोह फाउंडेशन ने किया प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरोह फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को आरोह कौशल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा पंचायत भवन बिजैया में कौशल प्रशिक्षण में सफल प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में AICL की आशा प्रसाद एवं अतिथि के रूप हुसना प्रवीण एवं आरोह फाउंडेशन के स्टेट हेड संतोष आनंद मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को विभिन्न ट्रेडों का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वर्ष 2023- 2024 में आरोह कौशल प्रशिक्षण केंद्र बिजैया द्वारा 1900 बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया गया है। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने ट्रेनिंग को युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए रोजगार से जुड़ने आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आरोह फाउंडेशन के जिला समन्वयक अजय रंजन मेहता ने बताया कि आरोह फाऊंडेशन कौशल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में कौशल विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। समारोह में आरोह फाउंडेशन के ट्रेनर कुणाल प्रसाद कुंवर, तुषार कुमार, विनोद कुमार, रेवल साव, इंद्रमणि कुमार, संजीत यादव, अजय यादव, मुकेश कुमार, रोहित यादव, आदित्य कुमार, कलावती देवी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## पूर्व विधायक मनोज यादव के सहयोग ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम डपोक में बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को गाँव में एक नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया, जो पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा उपलब्ध कराया गया था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने विधिवत रूप से किया। ग्रामीणों के लिए यह क्षण अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि लंबे समय से गाँव में बिजली की अनियमितता के कारण रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे थे। उद्घाटन समारोह में किशुन यादव ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ट्रांसफार्मर ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने और बिजली आपूर्ति में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।**
**(आपूर्ति शाखा)**

**अल्पकालीन पुर्ननिविदा**

हजारीबाग जिलान्तर्गत वर्ष 2024–26 के लिए डोर स्टेप डिलीवरी के परिवहन अभिकर्त्ता की नियुक्ति हेतु कटकसांडी, चलकुशा एवं बरही प्रखण्डान्तर्गत पूर्व की निविदा में निविदादाता के द्वारा सफल दस्तावेज प्राप्त नहीं होने के कारण पुर्ननिविदा GEM Portal के माध्यम से प्रकाशित की जाती है।

उक्त निविदा 02 वर्ष के लिए किया जायेगा साथ ही निविदा डालने की अंतिम तिथि 08 अक्टूबर 2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक है। Gem Portal में हजारीबाग जिलान्तर्गत निविदा का Bid No. निम्न प्रकार है:–

| Sl. | Block/Town | Tender Bid No. | Dated |
|---|---|---|---|
| 1. | Katkamsandi | GEM/2024/B/5451965 | 28.09.2024 |
| 2. | Chalkusha | GEM/2024/B/5452071 | 28.09.2024 |
| 3. | Barhi | GEM/2024/B/5452029 | 28.09.2024 |

अतएव इच्छुक निविदादाता को Gem Portal से निविदा डाल सकते हैं, जिसके लिए Gem Portal में निविदादाता का निबंधन होना आवश्यक होगा। विभागीय निर्देशानुसार GeM Portal से डाले गये निविदा ही मान्य होगा। निविदा का तकनीकी बीड दिनांक–08.10.2024 को 04:00 बजे अपराह्न में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी
हजारीबाग।

PR 337791 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 24-25 (D)

## आगामी दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** आगामी दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रखंडवार पूजा समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने सभी समिति के सदस्यों को रोड से जगह छोड़कर पंडाल बनाने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी पूजा समितियों को अपने अपने वोलेंटियर चिन्हित कर अपने थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूजा समिति के सदस्यों को आगजनी की समस्याओं से निपटने हेतु पूजा पंडाल के पास उचित मात्रा में बालू, पानी इत्यादि का प्रबंध रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने लाइटिंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं अतिरिक्त जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने



का निर्देश दिया। मेले के दौरान भीड़-भाड़ पर कब रखने हेतु सभी पूजा समितियों को पंडाल से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश भी दिया। साथ ही पंडाल में प्रवेश एवं निकासी हेतु महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकासी द्वारा बनाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने हाई कोर्ट के निर्देश पर डीजे बैन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में भड़काऊ अथवा अश्लील गाने न बजाने हेतु शख्त निर्देश दिए।सुरक्षा दृष्टि के मद्देनजर उपायुक्त ने सभी पूजा समिति सदस्यों से पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एवं किसी भी समय अनियमितता या परेशानी आने के क्रम में यथाशीघ्र जिला कंट्रोल रूम फोन संख्या - 06553 222005 में अथवा नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने पर्व के दौरान भीड़ भाड़ की स्थिति में बच्चों के भटकने के मद्देनजर सभी पूजा समिति के सदस्यों को पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम का अच्छी तरह से इस्तेमाल करने एवं आने वाले लोगों को उनके बच्चों के पॉकेट में अभिभावक के संबंधित पते व फोन नंबर डालने के प्रति जागरूक करने सहित अन्य उपायों की जानकारी दी। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक दिशानिर्देशों को पहुंचाने की अपील की वही उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी हालत में आपत्तिजनक गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया। साथी उन्होंने विसर्जन विजया दशमी के दिन दिए गए समय पर ही करने का निर्देश दिया।

## आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभा कक्ष में विभिन्न कोषांग पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त तरीके से निर्वाचन संपन्न कराने में अलग-अलग विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों व विभिन्न कोषांग के पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले सभी कार्यों



को अच्छी तरह से समझ लेने एवं किसी प्रकार की कोई दुविधा को त्वरित अपने वरीय अधिकारियों अथवा ईसीआई के मैनुअल आदि के माध्यम से दूर कर लेने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, उप विकास आयुक्त, उपसमाहर्ता रामगढ़, उप निर्वाचन पदाधिकारी, मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मारपीट एवं संदिग्ध मामले में स्थाई वारंटी बालेश्वर करमाली को भेजा गया जेल



(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**उरीमारी :** बड़कागांव थाना कांड संख्या38/5, टीआर 227/11 एवं धारा147/ 148/ 149/ 341/ 342/ 323/ 504 भादवि तथा 3/4 के मारपीट एवं संदिग्ध मामले के स्थाई वारंटी बालेश्वर करमाली पिता मांगता करमाली गांव धनशलैया निवासी आरोपी को मंगलवार को उरीमारी ओपी के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग भेजा गया।

## रामगढ़ की जलसहियाएं रांची में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में होंगी शामिल

**मांडु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के राज्य स्तरीय जलसहिया क्षमता संवर्द्धन -व- प्रशिक्षण-सह- स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में जलसहिया रांची के प्रभात तारा मैदान एच .ई .सी. ध्रुव रवाना हुई इस कार्यक्रम में हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री झारखंड सरकार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के कन्या अभियंता मिनहाज अंसारी , गुणवत्त प्रबंधक मोहम्मद मोइनुल इस्लाम, अनुज कुमार सिंह, धीरेन खालको , अवधेश झा ,संजय कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह, सहित मांडू प्रखंड के कुजू दक्षिणी पंचायत की जलसहिया रिजवाना खातून, कुजू पूर्वी पंचायत की जलसहिया शबाना आज़मी गुलाबी देवी अंजली पांडे मंजू देवी रेणु देवी आरा उत्तरी पंचायत की जलसहिया गुलशन आरा शाहित मांडू प्रखंड की सैकड़ो जलसहिया रांची रवाना हुई।



## रामगढ एसपी से हेलमेट चेकिंग दुर्गा पूजा, दिवाली एवं छठ पर्व पर रोक लगाने की गई मांग

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को रामगढ़ युवा समाजसेवी राजेश ठाकुर के नेतृत्व में रामगढ़ शहर में जगह-जगह हेलमेट चेकिंग से आम जनमानस व्यवसाय वर्ग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसको देखते हुए एसपी से मांग की शहर के बाहर हेलमेट चेकिंग किया जाए आवेदन में नो एंट्री की समय अवधि बढ़ाया जाए चुकी आने समय में हिंदुओं की बड़ा त्यौहार है और शहर में बड़ी गाड़ियों की हाई स्पीड पर भी रोक लगाया जाय और ओवरलोडिंग वाहनों की जांच कर रोक लगाया जाए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन मे एक प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई की गई जिसमें पूर्व मुखिया प्रत्याशी ओमप्रकाश कुशवाहा युवा समाजसेवी संतोष नायक रूपेश महतो विक्की साव प्रवीण अग्रवाल साहिल सिन्हा ( अधिवक्ता ) शामिल थे इन सभी विषयों गंभीरता पूर्वक लिया जाए आने वाला समय में दुर्गा पूजा दीपावली काली पूजा छठ महापर्व को देखते हुए रामगढ़ शहर में भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग मिले यातायात व्यवस्था बनाए जाए और शहर वासियों को जाम से निजात मिल सके त्योहारों को देखते हुए रात्रि गश्ती पेट्रोलिंग और पैंथर पुलिस की व्यवस्था किया जाए यह सब नहीं होने के कारण रामगढ़ में अपराधी घटना छिंताई की घटना रोज दिन होती है इस पर अंकुश लगाया जाए श्री ठाकुर ने कहा कि रामगढ़ शहर में खुलेआम नशीले पदार्थों का बिक्री हो रही है इस पर भी पुलिस प्रशासन छापेमारी कर नशीले पदार्थों को धड़ पकड़ किया जाए इन सभी विषयों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए नहीं तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे



## रामगढ़ पुलिस अधीक्षक ने सीमावर्ती क्षेत्र सयाल चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मंगलवार देर शाम भुरकुंडा ओपी के सीमावर्ती क्षेत्र सयाल स्थित भानू कॉलोनी में नव निर्मित चेकनाका का निरीक्षण किया। वहीं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने उरीमारी पुल एवं दामोदर नदी व सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्षेत्र के सभी चिन्हित जगहों का मुवायना किया। एवं ओपी प्रभारी को दिशा-निर्देश दिए। वहीं इस निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक के साथ भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता एवं जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।



## खिलाड़ी आगे बढ़े, करेंगे हर संभव मदद : सुनीता चौधरी

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदरूकलां स्थित महथा बगीचा मैदान में युवा आजसू द्वारा किये जा रहे पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन, कुंदरूकलां बनिया टोला की टीम ने जमाया खिताब पर कब्जा रजरप्पा। कुंदरूकलां स्थित महथा बगीचा मैदान में युवा आजसू द्वारा किये जा रहे पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को भव्य समापन किया गया। फाइनल मुकाबला कुंदरूकलां बनिया टोला बनाम कुंदरूकलां करम टोला के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बनिया टोला की टीम निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट 104 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए करम टोला की टीम निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 43 रन ही बना पाई। बेहतर खेल के लिए विजेता टीम के सोनू केशरी को मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। इससे पूर्व फाइनल मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि युवा नेता पीयूष चौधरी, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो उर्फ डीएम, कुंदरूकलां मुखिया किशुनराम मुंडा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर आगे बढ़े, उन्हें आजसू द्वारा हर सम्भव मदद करेगी। उन्होंने आगे कहा कि आजसू हमेशा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम करती है। इसी को लेकर यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है। ताकि ग्रामीण स्तर से भी खिलाड़ी बाहर निकल सके। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। निर्णायक की भूमिका शंकर यादव व संतोष केशरी ने किया। मौके पर बारलोंग मुखिया रेखा देवी, उप मुखिया मोहराय महतो, खिरोधर बेदिया, प्रदीप नायक, संजय सिंघानिया, सतीश आर्यन सहित कई लोग मौजूद थे।



### झामुमो कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह मनाया गया

## सेवानिवृत्त होना जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है : संजीव बेदिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना में कार्यरत महाबीर प्रसाद और श्याम सुन्दर प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर झामुमो पार्टी कार्यालय उरीमारी में झामुमो के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि में बिरसा पीओ डि शिवदास,उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, सयाल डी पीओ सुबोध कुमार, हेन्देगिर जीवनधारा परियोजना पीओ रामेश्वर मुंडा उपस्थित




रहे। वहीं कार्यक्रम कि शुरुआत में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अजय सिंह ने सेवानिवृत्त कर्मचारीयों को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। वही मंच का संचालन कर रहे संजीव बेदिया ने कहा कि सेवानिवृत्त होना जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसमें हिन्दी गानों के साथ झारखंड के खोरठा व नागपुरी गानों पर डांस का आयोजन हुआ।वही कार्यक्रम में विन्धाचल बेदिया, संजय वर्मा, राजीव सिन्हा, संजय शर्मा,अनुप कुमार पिंटू सिंह, शंकर साव,उदय मेहता,रूषतम सोहराब,महादुर मांझी, लालो महतो आदि लोग मौजूद थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में वृद्धजन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रातःकालीन सभा में शिक्षकों ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के साथ आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि वृद्धावस्था और बचपन दोनों ही स्थितियों में देखभाल अत्यंत आवश्यक होता है। इसलिए हम सभी संकल्प लें कि जिन हाथों ने हमें पाला-पोसा और देखभाल किया, हम उन हाथों का सहारा बनेंगे। प्यार और सम्मान के साथ उनकी देखभाल करेंगे। बुजुर्ग बोझ नहीं, बल्कि आशीर्वाद होते हैं। प्राचार्य ने कहा कि आधुनिक समाज में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देने में काफी गिरावट आई है। वरिष्ठ नागरिक घर और सोसाइटी दोनों जगह उपेक्षित हो रहे हैं। उन्हें वृद्धाश्रम में भेज देने का भी प्रचलन काफी बढ़ गया है।निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने कहा कि घर के बड़े-बुजुर्ग पारिवारिक संबंधों के स्तंभ होते हैं। इनसे ही हमें नैतिक मूल्यों की प्राप्ति होती है। वे संस्कार का खजाना होते हैं। इसलिए उन्हें उचित सम्मान दें। नई पीढ़ी को बुजुर्गों का सम्?मान और आदर करना सीखाएं। बुजुर्गों के साथ बेहतरीन संबंध को पीढ़ी दर पीढ़ी बनाए रखा जाना चाहिए। उनके हितों के लिए चिंतन जरूरी है। आज बुजुर्ग उत्पीड़न, उपेक्षा, हिंसा के शिकार हो रहे हैं। सरकार बुजुर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। हम भी अपनी जिम्मेवारी को समझें, क्योंकि हर नई पीढ़ी को आगे चलकर बुजुर्ग होना है। इस अवसर पर बच्चों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने बुजुर्गों के प्रति अपनी जिम्मेवारियों को निभाने और बुजुर्गों के साथ का

## जन समस्याओं को लेकर जल्द आंदोलन किया जाएगा : पंकज महतो

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**रामगढ :** जन समस्याओं को लेकर मिलने पहुंचे जेएलकेएम/ जेबीकेएसएस रामगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेता कुशवाहा पंकज महतो वार्ड नंबर 3 के लोगों के समस्याओं से अवगत हुए और आश्वासन दिया की जल्द ही आंदोलन की रूपरेखा तय कर आंदोलन किया जाएगा लोगो ने नाली ,पानी की समस्या को लेकर दुसाध मुहल्ला, वार्ड नंबर 3 जर्जर नाली को लेकर जनता परेशान थी जिसको लेकर चर्चा हुई और कहा कि सभी नेता 20 वर्षो से इस नाली ,पानी की समस्या से इस मोहल्ले के लोग परेशान है कई बार पूर्व मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी ,पूर्व विधायक ममता देवी और वर्तमान विधायक सुनीता चौधरी को भी इस समस्या से अवगत करवाया गया था पर अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। मोके पर रिंकू पासवान ,रिंकू पासवान ,सूरज पासवान, सुनील अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, जितेंद्र सिंह, मुकेश नायक ,संतोष नायक, मोहम्मद निजाम आदि मौजूद थे।

## सीसीएल को मिला सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को महिला सशक्तिकरण एवं बाल कल्याण श्रेणी में प्रतिष्ठित सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सोमवार को मुंबई में आयोजित एक समारोह में सुनील डी. तटकरे, सांसद (लोकसभा), पी.टी. उषा, प्रसिद्ध एथलीट व माननीय सांसद (राज्यसभा), महाराष्ट्र सरकार की महिला और बाल विकास मंत्री, अदिति तटकरे की उपस्थिति में दिया गया। उक्त अवार्ड को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा व सीसीएल मुख्यालय के मुख्य प्रबंधक (वित्त) अमन कुमार ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया।अधिकारी आशीष झा ने बताया की यह पुरस्कार सीसीएल को हजारीबाग जिले में क्रियान्वित एक सीएसआर योजना हेतु दिया गया।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर, रामगढ़ में महात्मा गाँधी एवम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** 2 अक्टूबर भारतीय राजनीति को नई दिशा प्रदान करने वाले दो महान राजनेताओ मोहन दास करम चंद गांधी एवम लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिन रहा है । जैसे उनका जन्म दिन एक ही तारीख 2 अक्टूबर को था वैसे ही कई अन्य समानताए भी हमे उन दोनों के व्यक्तित्व मे देखने को मिलती है -जैसे कि शरीर से दोनों ही कृशकाय थे परंतु अति कठिन व महान लक्ष्य ( 1-अग्रेज़ी ओपनिवेशिक ताकत से भारत की आजादी , 2- उस आजाद भारत की आजादी की दुर्दांत शत्रुओ से रक्षा ) की प्राप्ति के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया , और सफलता पूर्वक लक्ष्य की प्राप्ति भी की। दोनों अपने अति सरल,सौम्य स्वभाव और सादगी तथा ईमानदारी की लिए विश्व विख्यात हुए तथा भारतीय राजनीति पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ा । आज के कार्यर्क्म मे छात्रों ने गांधी जी तथा लाल बहादुर शास्त्री का वेश धारण कर के अपनी प्रस्तुतियाँ दी।कार्यक्रम का शुभारम्भ गांधी जी और शास्त्री जी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुआ । छात्रों ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन के प्रेरक प्रसंगो का स्मरण किया। शिक्षिका सपना चक्रवर्ती ने स्वाधीनता प्राप्ति मे सत्य और अहिंसा को हथियार बनाने वाले युगपुरुष की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ब्रहमानन्द द्विवेदी ने महात्मा गांधी और शास्त्री जी के सरल, सौम्य, प्रेरणादायी ब्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने और स्वयम के जीवन मे उतारने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया ।विद्यालय अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने गांधी के दर्शन 'अहिंसा परमों धर्मह' तथा शास्त्री जी के 'जय जवान जय किसान' नारे की सार्थकता और देश के लिए उपयोगिता के बारे मे बताया। सचिव बिमल किशोर जाजू, प्रशासक एस पी सिन्हा ने महात्मा गांधी और शास्त्री जी को अपने श्रद्धधा सुमन अर्पित किए और छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने की सीख दी।

## कोई भी भ्रष्ट पदाधिकारी गलत करने पर बक्से नहीं जाएंगे, नियम कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए : जयराम महतो

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के मांडू प्रखंड अंतर्गत दुनी गाँव एवम सोनडीहा गाँव मे बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो ने कहा कि इस बार मांडू विधानसभा में बदलाव निश्चित तौर पर करना है, क्योंकि सरकार ने ठगने का काम किया है। यहां के नौकरिया को बाहरियो के हाथों बेचने का काम किया है।अभी फिलहाल जेएसएससी, सीजीएल के अभ्यर्थी पेपर लीक के मामले को लेकर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय नामकुम, रांची के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार मौन है। यहां के हक अधिकार नौकरियों पर अन्य राज्यों के लोगों का कब्जा है। गलत करने वाले, भ्रष्ट पदाधिकारी, अफसर कितना बड़ा पद में क्यों न हो सबका हिसाब किया जायेगा। नियम कानून सब सिर्फ गरीब के लिए बना है। मांडू विधानसभा के जनता से अपील किए हैं कि इस बार हम लोगों का चुनाव चिन्ह कैंची छाप है। इस बार गड़बड़ी नहीं होगा, क्योंकि हमलोगों का पार्टी का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। जहां से भी चुनाव लड़ेगी पार्टी सभी का कैंची छाप ही रहेगा। ईमानदार पदाधिकारी को , श्रीमान, तथा बेईमानों को रे बोला जाएगा। हमारी सरकार बनने पर यहां के स्थानीय लोगों को 75त्न रोजगार दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी, जिला कोर कमेटी सदस्य, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, प्रखण्ड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत पदाधिकारी,सक्रिय सदस्य के अलावा हजारों हज़ारों की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

### अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना– 61/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.10.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.10.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.10.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of C Type Quarter No-304 (Block C) Ratu Road, Ranchi | 525100.00 | 10600.00 | 1250.00 | One Month |
| 2 | Renovation of B Type Quarter No.-5/8 (Pucca) Line Tank Road, Ranchi. | 384650.00 | 7700.00 | 750.00 | One Month |
| 3 | Renovation of C Type Quarter No-303 (Block C) at Ratu Road, Ranchi | 553750.00 | 11100.00 | 1250.00 | One Month |
| 4 | Renovation of C Type Quarter No-203 (Block C) at Ratu Road, Ranchi | 549500.00 | 11000.00 | 1250.00 | One Month |
| 5 | Renovation of C Type Quarter No-201 (Block C) at Ratu Road, Ranchi | 553200.00 | 11100.00 | 1250.00 | One Month |
| 6 | Renovation of B type Quarter No-2/124, 124 Set at Doranda, Ranchi | 392100.00 | 7900.00 | 750.00 | One Month |
| 7 | Renovation of B type Quarter No-24/56, 56 Set at Doranda, Ranchi | 387900.00 | 7800.00 | 750.00 | One Month |
| 8 | Renovation of D type Office Flat No-23/28, 28 Set at Nepal House, Doranda, Ranchi | 1185750.00 | 23800.00 | 2500.00 | One Month |
| 9 | Renovation with damaged doors replacement including of other miscellaneous work in Judge bungalow No.-19 (Occupied by Hon'ble Mr. Justice Ambuj Nath) Near Central School Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 543300.00 | 10900.00 | 1250.00 | One Month |
| 10 | Renovation of B Type Quarter No.-C-6, Block-C 30 Set at Near Nepal House, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 241250.00 | 4900.00 | 500.00 | One Month |
| 11 | Renovation with Painting and Other Miscellaneous work in Staff Quarter No.-B/24 (Block No.-04) behind Indira Palace, Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 325860.00 | 6600.00 | 750.00 | One Month |
| 12 | Renovation of Staff Quarter -B/37 (Block-7) with Changing of Floor tiles, Painting work and other miscellaneous work at Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 448100.00 | 9000.00 | 750.00 | One Month |
| 13 | Renovation of Main Building, Roof Treatment and Septic Tank in District Record Room in Campus of Collectorate Building, Ranchi | 3985300.00 | 79800.00 | 5000.00 | Two Months |
| 14 | Renovation of Outer Surface and Roof Treatment of B type Quarter No.- 19 to 24 (24 Set) at Kanke Road, Ranchi. | 802700.00 | 16100.00 | 1250.00 | One Month |
| 15 | Renovation of C Type Quarter. No. -208/33 at Hinoo, Ranchi. | 582400.00 | 11700.00 | 1250.00 | One Month |
| 16 | Renovation of C Type Quarter. No. -304 (Block B) at Ratu Road, Ranchi. | 521400.00 | 10500.00 | 1250.00 | One Month |
| 17 | Renovation of C Type Quarter. No. -28 (One Unit) at Ratu Road, Ranchi. | 589550.00 | 11800.00 | 1250.00 | One Month |
| 18 | Renovation of A Type New Qtr. No. -11 (One Unit) at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | One Month |
| 19 | Renovation of B type Quarter No-38/56, 56 Set at Doranda, Ranchi | 513150.00 | 10300.00 | 1250.00 | One Month |
| 20 | Renovation of C type Quarter No-204 (Block-A) at Ratu Road, Ranchi | 530100.00 | 10700.00 | 1250.00 | One Month |
| 21 | Construction of Connection Shed Block "A" & "B" and Grass Lawn in Campus of Collectorate Building Kutchary, Ranchi | 2071400.00 | 41500.00 | 5000.00 | One Month |
| 22 | Renovation of C type Quarter No-180/33 Sachivalaya Colony at Hinoo, Ranchi | 594450.00 | 11900.00 | 1250.00 | One Month |
| 23 | Renovation of D type Officer's Flat No-06/28 at Doranda, Ranchi | 1455600.00 | 29200.00 | 2500.00 | One Month |
| 24 | Renovation of A type Quarter No-4 (One Unit) at Booty Road, Ranchi | 314100.00 | 6300.00 | 750.00 | One Month |
| 25 | Construction of Garage, Septic Tank and Pathway in the Campus of Industrial Tribunal at Doranda, Ranchi | 1223450.00 | 24500.00 | 2500.00 | Two Months |
| 26 | Renovation of C type Quarter No-35 (One Unit) at Ratu Road, Ranchi | 585500.00 | 11800.00 | 1250.00 | One Month |
| 27 | Renovation of C type Quarter No-101 (Block-C) at Ratu Road, Ranchi | 521250.00 | 10500.00 | 1250.00 | One Month |
| 28 | Renovation of C type Quarter No.-3, Roof Treatment and Outer Part of Block No.-8 at Audrey House, Ranchi | 638350.00 | 12800.00 | 1250.00 | One Month |
| 29 | Renovation work of SDO Office Quarter Area at Bundu, Ranchi | 4634200.00 | 92700.00 | 5000.00 | Two Months |
| 30 | Renovation of Boundary wall, Pathway, Garrage, Main Gate, Guard Room and Other Miscellaneous work at High Court Colony, Behind Indira Palace, Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 4469900.00 | 89400.00 | 5000.00 | Two Months |
| 31 | Renovation of C type Quarter No.-3, Block No.-1 and Roof Treatment (One Unit) at Audrey House, Ranchi | 570350.00 | 11500.00 | 1250.00 | One Month |
| 32 | Renovation of C type Quarter No-103 (Block C) at Ratu Road, Ranchi | 543200.00 | 10900.00 | 1250.00 | One Month |
| 33 | Renovation of C type Quarter No-102 (Block D) at Ratu Road, Ranchi | 524900.00 | 10500.00 | 1250.00 | One Month |
| 34 | Renovation of Kitchen and Wardrob work in PS to Commissioner Bungalow at Booty Road, Ranchi | 1286500.00 | 25800.00 | 2500.00 | One Month |
| 35 | Renovation of Main Building in Officer Flat No.-22 at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi | 1951200.00 | 39100.00 | 5000.00 | One Month |
| 36 | Renovation of Quarter No-D2/16 at at Deputy Para, Ranchi | 705100.00 | 14200.00 | 1250.00 | One Month |
| 37 | Renovation of D type Quarter No-14/18 at Doranda, Ranchi | 1902300.00 | 38100.00 | 5000.00 | One Month |
| 38 | Renovation & Extension of N.H., Division Ranchi Office at Morabadi, Ranchi | 3889400.00 | 77800.00 | 5000.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR.NO.337787 Building(24-25):D

## कोलेबिरा स्थित नगर भवन में झारखंड पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

# भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी सिर्फ धर्म के नाम पर राजनीति करती हैं, इन्होंने सिर्फ जनता को लूटने का काम किया है : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** प्रखंड स्थित नगर भवन में झारखंड पार्टी के द्वारा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का शामिल हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में भीड़ उमड़ी झारखंड पार्टी के नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने झारखंड पार्टी का दामन थामा।आयोजन में केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड पार्टी जनता पार्टी और कांग्रेस पर जमकर वार किया।उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी और कांग्रेस पार्टी धर्म के नाम पर वोट मांगती है लोगों को गुमराह कर बरगलाती है।उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और कांग्रेस पार्टी ने क्षेत्र में कई वर्षों तक शासन किया परंतु आज भी क्षेत्र में कोई भी विकास का कार्य नहीं हुआ और ना ही लोगों के मूलभूत समस्या दूर कर सका, दोनों ही पार्टी सिर्फ और सिर्फ जनता को लूटने का काम किया है।यहां का स्थानीय विधायक सिर्फ धर्म का नाम पर लोगों को भड़काने का काम कर रही है फिर भी लोगों को धर्म पर कोई काम नहीं कर रही है सिर्फ स्थानीय विधायक ने लोगों को धर्म के नाम पर बरगलाने का काम किया।साथ ही उन्होंने कहा की स्थानीय विधायक कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं और उसमें इंजीनियर के साथ मिलकर सिर्फ घोटाला कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बोंगराम में 2 लाख का योजना देने के पश्चात भी लाभुक को 130000 देकर बाकी रकम घोटाला का नाम कर दी गई।ऐसे ही कई सारी योजना देकर स्थानीय लोगों सिर्फ पैसा लूटने का काम कर रही है उन्होंने यह भी कहा कि धर्म के नाम पर ठगने वाला विधायक को इस बार बेनकाब करने का हम लोग काम करेंगे। मौके पर अभय विश्वकर्मा, विधानसभा प्रभारी आतिश सिंह, ललन प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष सुगड़ जाडिया, बदरुद्दीन अहमद, समीर अहमद, अभिषेक कुमार, सैमुअल धनवार, अनमोल, ध्यानचंद टोपनो, मलाकी डांग, असलम खान, विष्णुदेव साहू सभी पंचायत प्रभारी के आलावा काफी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में वर्ल्ड वेजिटेबल डे पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रो द्वारा वर्ल्ड वेजिटेबल डे पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कई विटामिन व प्रोटीन से युक्त सब्जियां जीवो के लिए प्रकृति का दिया गया अनमोल वरदान है। सब्जियां शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके सेवन से शरीर की कई बीमारियां दूर होने के साथ शरीर लंबे समय तक स्वस्थ भी रहता है। इसके नियमित सेवन से आंखों की रोशनी बढ़ने के साथ पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है। सब्जियां हर मौसम में आसानी से मार्केट में मिल जाती है और ये सस्ती होने के साथ इन्हें पकाना भी काफी आसान होता है। ये शरीर में खून की मात्रा को बढ़ाकर हमें रोगों से दूर रखती है। किंतु आजकल बच्चे जो सब्जियों के महत्व को नहीं समझ पाते बाजार में उपलब्ध जंक फूड को ज्यादा पसंद करते हैं तथा सब्जियां देखना भी नहीं चाहते हैं। विद्यार्थियों को सब्जियों के महत्व को समझाने तथा उनका सेवन करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु वर्ल्ड वेजिटेबल डे पर कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को किसी भी सब्जी का रूप धारण कर उस सब्जी में विद्यमान पोषक तत्वों की व्याख्या करना था। नन्हे बच्चे तरह-तरह की सब्जियों का रूप धारण किए बड़े ही मनमोहक लग रहे थे।

## शोका कुल परिवार को हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया : बिंदेश्वर उरांव




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम जमगाई के पोस्टमास्टर जमधारी उराँव का अचानक तबियत खराब हो गया। परिवार वालों द्वारा तत्काल इलाज के लिये लोहरदगा अस्पताल ले जाया गया। वहाँ के डॉक्टर ने इलाज के दौरान गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर ने रांची रिम्स रेफर किया। जहाँ एम्बुलेंस से रास्ते मे ले जाते ही उनका देहांत हो गया। उन्होंने अपने पीछे चार बच्चों एवम पत्नी को छोड़ गए। वे काफी मिलनसार एवम हंसमुख थे। उनके असमय जाने से परिवार के समक्ष मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। एक बेटा मैट्रिक पास, एक बेटी भी मैट्रिक पास कर ग्रेजुएशन कर रही है। दो छोटे-छोटे बच्चे स्कूल में पढ़ रहे है। उनकी पत्नी बीना उराँव भी मैट्रिक पास है। पिता ही सरकारी नॉकरी कर सभी बाल बच्चों का भरण पोषण कर रहे थे। उनके अचानक चले जाना परिवार वालों का परेशानी बढ़ गई है। सरकार को उनकी पत्नी एवम बच्चों के भरण पोषण के लिये अनुकंपा में नॉकरी अविलंब देना चाहिये। सैकड़ो गांव के लोग पहुंच कर उनके दाह संस्कार में शामिल हुए। मौके पर बिंदेश्वर उराँव प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश भी पहुंचकर दुःखी परिवार को ढांढस बंधाया एवम हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ऐसे विकट परिस्थिति में अविलंब अनुकम्पा में उनकी पत्नी अथवा पुत्र को नॉकरी दें।

## सिविल सर्जन शंभू चौधरी ने ब्लड डोनर गुलाम जिलानी को किया सम्मानित




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर हॉस्पिटल मे सिविल सर्जन शभु चौधरी का निर्देशानुसार ब्लड डोनेशन कैंप मे ब्लड प्रभारी उमेश यादव के द्वारा युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुलाम जीलानी को शॉल ओढ़ाकर एवं शील्ड सटिपिकेट दे कर सम्मानित किया गया। वही गुलाम जीलानी ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस इंडिया का सबसे बड़ा युवा संगठन है जो नीचे तपके के उत्थान के लिए युवा बेरोजगार के लिए एवं किसान के लिए या फिर ब्लड डोनेशन का फील्ड में भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। कभी किसी भेदभाव ना करते हुए युवा कांग्रेस लोहरदगा जिला में बहुत सा ब्लड डोनेशन कर लोगों की जान बचाने का कार्य हमेशा से करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी। मैं धन्यवाद देना चाहता हूं लोहरदगा सदर अस्पताल के शंभू चौधरी को और साथ हैं ब्लड प्रभारी उमेश यादव को जिन्होंने मुझे इस सम्मान समरोह मे सम्मान का इस लाइक समझा। आशा करता हूं कि कभी भी किसी को जरूरत पड़े मैं हमेशा तत्परता के साथ मौजूद रहूंगा।

# महाराजा अग्रसेन का जन्म द्वापर युग के अंत मे भगवान श्री कृष्ण के समकालीन हुआ था : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं झारखंड प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष महाराजा अग्रसेन जयंती 3 अक्टूबर दिन गुरुवार को मनाई जाएगी। अश्विन शुक्ल प्रतिपदा अर्थात नवरात्रि के प्रथम दिवस को महाराज अग्रसेन के जन्म दिवस के रूप में अग्रसेन जयंती मनाई जाती है। महाराज अग्रसेन का जन्म द्वापर युग के अंत मे भगवान श्री कृष्ण के समकालीन हुआ था। महाराजा अग्रसेन अग्रवाल अर्थात वैश्य समाज के जनक कहे जाते है। विश्व समाज धार्मिक मान्यतानुसार इनका जन्म सूर्यवंशीय महाराजा वल्लभ सेन के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में आज से 5187 वर्ष पूर्व हुआ था। उनके राज में कोई दुखी या लाचार नहीं था। बचपन से ही वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय थे। वे एक धार्मिक, शांति दूत, प्रजा वत्सल, हिंसा विरोधी, बली प्रथा को बंद करवाने वाले, करुणानिधि, सब जीवों से प्रेम, स्नेह रखने वाले दयालु राजा थे। ये बल्लभ गढ़ और आगरा के राजा बल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र, शूरसेन के बड़े भाई थे।महाराजा अग्रसेन भगवान राम के पुत्र कुश के 34 वीं पीढ़ी के हैं । 15 वर्ष की आयु में, अग्रसेन जी ने पांडवों के पक्ष से महाभारत युद्ध लड़ा था । भगवान कृष्ण ने टिप्पणी की है कि अग्रसेनजी कलयुग में एक युग पुरुष और अवतार होंगे जो जल्द ही द्वापर युग की समाप्ति के बाद आने वाले हैं। अग्रसेन सौरवंश के एक वैश्य राजा थे। जिन्होंने अपने लोगों के लाभ के लिए वानिका धर्म अपनाया था । वस्तुतः, अग्रवाल का अर्थ है। अग्रसेन की संतान या अग्रोहा के लोग प्राचीन में एक शहर हरियाणा क्षेत्र में हिसार के निकट कुरु पंचला की स्थापना अग्रसेन ने की थी। भारतेन्दु हरिश्चंद्र के वृत्तांत के अनुसार, महाराजा अग्रसेन एक सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे, जिनका जन्म महाभारत महाकाव्य काल में द्वापर युग के अंतिम चरणों में हुआ था, वे भगवान कृष्ण के समकालीन थे। वह राजा वल्लभ देव के पुत्र थे जो कुश (भगवान राम के पुत्र) के वंशज थे। वह सूर्यवंशी राजा मान्धाता के वंशज भी थे। अग्रसेन ने 18 गोत्र की स्थापना जो 18 ऋषियों के नाम पर आधारित है, जिनसे अग्रवाल गोत्र अस्तित्व में आए।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष समेत अन्य सदस्यों का हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष समेत अन्य सदस्यों का हुआ भव्य स्वागत जानकारी स्वरूप किस्को प्रखंड के आरेया, चरहू में जय श्रीराम समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो का समिति सदस्यों ने किया भव्य स्वागत। ज्ञात हो की 22 सितंबर को वोटिंग के माध्यम से चुनाव किया गया था जिसमें विजय प्राप्त हुई थी नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा तन मन और धन से समिति को बढ़ाने का संकल्प ले चुका हूं हमारा जितना प्रयास होगा हम उतना करेंगे। 24 घंटा सनातन धर्म के लिए सेवा देने के लिए तैयार हूं नवनिर्वाचित महामंत्री प्रदीप साहू ने कहा लोगों का प्यार और विश्वास का ही फल है कि आज मैं इस पद पर निर्वाचित हुआ हूं पूर्व में समिति के लिए जो कार्य किया उस कार्य का फल आज मुझे मिला। इसके लिए हम सब आप सभी का आभार प्रकट करता हूं। मौके पर जीवन महतो, विवेकानंद पाल सिंह, जीवन प्रजापति, शैलेन्द्र प्रजापति, संदीप साहु, राजेश प्रजापति, श्यामनंदन प्रजापति, दिलीप साहु, रवि साहु, नितेश प्रजापति, संदीप प्रजापति, पवन प्रजापति, विश्वनाथ प्रजापति, बंटी साहु, बजरंग साहु, राजेश साहू, आनंद साहू, रामविलास साहू,सूरज साहू, चंदन साहू, निरूद उरांव, लिल्मन उरांव, नीरज साहू, ओम प्रकाश साहू, लक्ष्मी साहू, रविंद्र साहू, कमल किशोर साहू, मनीष साहू, नवल किशोर, शिव नंदन पांडे, गुड्डी महली, संतोष साहू, सुरेश साहू, बाल कृष्णा साहू, तिलेश्वर साहू, नारायण साहू, सरवन साहू, गोंदल साहू, दिनेश साहू, सुरेंद्र साहू, राजकुमार साहू, धनेश्वर पांडे, जीतन साहू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को किया सम्मानित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध व्यक्ति दिवस के अवसर आज मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा सदर प्रखंड के रामपुर गांव पहुंचकर 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले मतदाताओं में सहानुस साहू (102 वर्ष), हरिचरण साहू (87 वर्ष) और लालधर साहू (87 वर्ष) शामिल हैं। उपायुक्त ने तीनों मतदाताओं से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अब 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। आप आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य रूप करें। आज इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण व ग्रामीण उपस्थित थे।

## खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास का साधन नहीं बल्कि एकता और भाईचारा का प्रतीक है : अभिनव सिद्धार्थ भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गंगूपारा ग्राम में आयोजित स्व॰ गोपाल उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्री अभिनव सिद्धार्थ भगत उपस्थित रहे। उनका स्वागत ग्रामवासियों और खिलाड़ियों ने भव्य रूप से किया। समारोह को संबोधित करते हुए अभिनव सिद्धार्थ भगत ने युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ÷खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज में भाईचारा और एकता की भावना भी उत्पन्न करता है। इसके साथ ही, श्री भगत ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि वह गंगूपारा गांव के फुटबॉल मैदान के विस्तार और एक मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में खेल गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास जरूरी है, और मैं इसके लिए हर संभव मदद करने का वचन देता हूं। बालक वर्ग में विजेता टीम रेड टाइगर मदराटोली और उपविजेता टीम एस.टी बरवाटोली, अंडर 14 में लिटिल स्टार पाटुक चान्हो और द्वितीय स्टूडेंट्स क्लब पतराटोली और 40 वर्षीय में रेड आर्मी जलकाटोली द्वितीय पुरुस्कार एक्स आर्मी को गया। सभी टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। श्री भगत ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को प्रोत्साहित करने का उत्तम माध्यम हैं, जो देश के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा के कोनमेरला कोलोमडेगा नवाटोली मे झारखण्ड लोकतान्त्रिक क्रन्तिकारी मोर्चा की बैठक की गई, बैठक की अध्यक्षता खातीरान कंडुलना और जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष ऐलिका केरकेट्टा ने की बैठक मे JBKSS /JLKM के बारे में विस्तृत चर्चायें की गई और टाइगर जयराम महतो के विचारों को सभी ग्रामीणों के समक्ष रखा गया और सभी ग्रामीणों ध्यान पूर्वक सुने, आगामी विधानसभा मे पार्टी को विजय बनाने का संकल्प भी लिया गया इस अभियान मे काफी संख्या में लोग ग्रामीण उपस्थित थे और झारखंड मे सकारत्मक बदलाव लाने और ग्रामीणो को संघटन के साथ जोड़ने पर जोर दिया गया मौके पर जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष ऐलिका केरकेट्टा और खातीरान कंडुलना उपस्थित एंव अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा नेता श्रद्धानन्द ने नगर परिषद क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी से किया भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा ने आज नगर परिषद क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात किए एवं शहरी क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के विषय में चर्चा करते हुए उन्हें समाधान करने के लिए आग्रह किया। दुर्गा पूजा महोत्सव को देखते हुए श्री बेसरा ने कार्यपालक पदाधिकारी से बिजली व्यवस्था, शहर की साफ-सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था,जल व्यवस्था, पेड़ों की छंटाई, रोड किनारे के प्लैंक की भराई करने इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा किए, एवं प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने में पुर्ण योगदान देने के लिए आग्रह किए ताकि दुर्गा पूजा महोत्सव त्योहार धूमधाम से संपन्न हो सके। साथ में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दीप नारायण दास उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी की चुनावी रणनीति बैठक तीन को : ओम प्रकाश भारती

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी की चुनावी रणनीति को लेकर एक अहम बैठक 3 अक्टूबर को, 11 बजे आजसू प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई है। इसमें आजसू पार्टी की चूल्हा प्रमुख सम्मेलन आयोजित करने को लेकर सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड प्रभारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। अपने साथ ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों की लेकर आएंगे। इस बैठक में जिला में निवास करने वाले सभी केंद्रीय पदाधिकारी,जिला के सभी पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी। प्रखंड के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने जिला के सभी पदाधिकारियों,सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं प्रभारीयों से आग्रह किया है की चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को लेकर जिनको जो जिम्मेवारी दी गई है। वह उसकी पूरी सूची लेकर ही आएंगे तथा चूल्हा प्रमुख को भी साथ लेकर आना सुनिश्चित करेंगे। चूल्हा प्रमुख ग्राम प्रभारी पंचायत प्रभारी से होते हुए जिला तक संगठन को एक सूत्र में बांधते हुए। लोहरदगा विधानसभा जीतने की रणनीति बनेगी और सभी प्रभारीयों को उनके क्षेत्र में कमी एवं आवश्यकता पर विचार करते हुए। क्षेत्र में आजसू को सुदृढ़ करने का कार्य किया जाएगा। इस बैठक में हर बिंदु पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी और आजसू की जीत सुनिश्चित की जाएगी।

# अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने सभी पंडालों के पदाधिकारीयों के साथ की बैठक कहा,

## पूजा के दौरान डीजे में भड़काऊ गाना एवं विघ्न डालने वालों को नहीं बख्शा जाएगा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दुर्गा पूजा को लेकर आज सभी दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष, सचिव व स्वयंसेवकों के साथ आवश्यक बैठक का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा ने कहा कि बीते वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से पूरी चौकसी इस दौरान रहेगी और लोगों की असुविधाओं को दूर किया जाएगा। जिला में लगभग प्रत्येक गांव में देवी मां की पूजा सदियों से होती रही है और लोग उसमें सम्मिलित होते रहे हैं। अपर समाहर्ता ने कहा कि पूजा पण्डालों में तैनात स्वयंसेवक अपनी जिम्मेवारी तत्परता से कार्य करें। स्वयंसेवक निःस्वार्थ भावना से कार्य करते रहे हैं। उनकी तत्परता और सेवा की भावना से ही पूजा संपन्न हो पाती है। जिला में नियंत्रण कक्ष स्थापित है जो पूजा के दौरान भी सक्रिय रहेगा। पण्डालों में दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी भी अपनी ड्यूटी निभाएंगे और पूजा समितियों के संपर्क में रहेंगे। असामाजिक तत्वों की पहचान स्वयंसेवक करेंगे। प्रशासनिक शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूजा के दौरान विघ्न डालने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। पूजंजा पण्डालों में आग लगने या शॉर्ट सर्किट की घटना से बचाव के लिए आवश्यक उपकरण अवश्य रखें। बालू से भरी बाल्टी का उपयोग भी ऐसे समय में किया जा सकता है। बड़े पण्डालों का ऑडिट भी कराया जाएगा। डीएसपी मुख्यालय ने कहा कि पूजा पण्डालों में सभी समितियों श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार की व्यवस्था रखेंगे। महिला और पुरूषों के लिए अलग-अलग पंक्तियां होंगी। भीड़-भाड़ वाले स्थान के लिए सीसीटीवी अतिरिक्त लगवाना सुनिश्चित करेंगे। स्वयंसेवकों की व्यवस्था उचित संख्या में हो। अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि पूजा के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। डीजे संचालक 30 से 40 डेसीबल से अधिक ध्वनि में साउण्ड सिस्टम नहीं बजाएंगे। जो भी स्वयंसेवक होंगे उनकी एक ड्रेस सुनिश्चित करेंगे ताकि उनकी पहचान आसान हो। आग या शॉट सर्किट की घटना से बचाव के लिए समिति पूजा पण्डालों में पूरी व्यवस्था रखेंगे। स्वयंसेवकों के महिला स्वयंसेवक भी हों ताकि महिलाओं की सहायता करने में आसानी हो। पूजा के दौरान युवाओं की कला व शैक्षणिकता अभिरूचि को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएं। कलश यात्रा और प्रतिमा विसर्जन के दिन जो निर्धारित रूट है उसका पालन किया जाए। इस दौरान डीजे में कोई भी भड़काऊ गाना नहीं बजाया जाय जिससे विधि-व्यवस्था व शांति बनाये रखने में किसी प्रकार की दिक्कत हो। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे का प्रयोग नहीं किया जाय जिससे बच्चों, बीमार या वृद्ध को कोई समस्या हो। आज की बैठक में सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, नगर प्रशासक, सभी थाना प्रभारी और पूजा समितियों के अध्यक्ष, सचिव व स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## विकास भारती द्वारा गांधी जयंती पर पंख राज साहब कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विकास भारती बिशनपुर के तत्वावधान में विगत 39 वर्षों लगातार गांधी जयंती के अवसर पर होने वाले युवा महोत्सव के प्रथम दिन 1 अक्टूबर को पंख राज साहब कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस का आयोजन किया गया। लोहरदगा के बक्शी दीपा मैदान में उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल ने कहा कि झारखंड के महापुरुषों का सम्मान एवं युवाओं में प्रेरणा स्रोत के रूप में स्थापित करने का कार्य विकास भारती बिशनपुर वर्षों से करती आ रही है जिसका एक आयाम यह कार्तिक उरांव साइकिल रेस है इस रेस से ग्रामीण युवाओं को जतरा टाना भगत के जन्म स्थल चिंगरी तक (51 किलोमीटर )जाकर नमन करने का मौका मिलता है। विकास भारती बिशनपुर के सचिव पद्मश्री डॉ अशोक भगत ने युवाओं से आह्वान किया कि गांव-गांव में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाकर देश को सशक्त बनाने का कार्य करें। संस्था के पूर्व संयुक्त सचिव भिखारी भगत ने कहा कि विकास भारती के निरंतर और लगातार साइकिल रेस का परिणाम है कि युवाओं में इस रेस के माध्यम से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास करते हुए उन्हें देश कार्य में काम करने की प्रेरणा मिलती है विशिष्ट अतिथि विकास भारती के पूर्व उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने जतरा टाना भगत और कार्तिक उरांव को झारखंड के महान सपूत बताया।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा शरदीय नवरात्रि के प्रथम दिन भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी : मिथुन तमेड़ा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा देवीमंडप पावरगंज से सोमवार बाजार, शास्त्री चौक होते हुए ठाकुरबाड़ी मंदिर तक निकाली जाएगी। कलश स्थापना कर अगले नौ दिनों तक ठाकुर बड़ी मंदिर के प्रांगण में नवाह्न पारायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा में शहर के हजारों माता के भक्तगण और श्रद्धालु हाथों में ध्वजा ले कर शामिल होंगे। ढोल नगाड़े और माता के जयघोष से मां दुर्गा का आह्वान किया जाएगा। जगह जगह पुष्प वर्षा कर भक्तों के स्वागत और अभिनंदन की व्यवस्था की जा रही है। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने दुर्गा पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी को आपस में मिलजुल कर पूरे उत्साह और उमंग के साथ दुर्गा पूजा मनाना है। अध्यक्ष ने सभी लोगों से अपील की सभी तन, मन, धन से केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति को अपना सहयोग दें और सभी कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्य सहित जिले के सभी भक्तगण तैयारी में जुटे हैं।

## चलते चलते एक नजर

### राज्यपाल से चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष ने किया शिष्टाचार मुलाकात



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह एवं सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात किया और पूजा आयोजन में आने के लिए आंमत्रित किया। इस अवसर पर राज्यपाल को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया की हर वर्ष भारतीय इस वर्ष में रांची के चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर पूजा समिति के सदस्यों ने राज्यपाल को मां दुर्गा की प्रतिमा एवं चुनरी भेंट कर सम्मानित किया तथा उन्हें सपरिवार पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन करने हेतु सादर आमंत्रित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर भाजपा झारखण्ड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह , ज.द.यु के प्रदेश महासचिव एवं छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह, नि वर्त्तमान पार्षद अशोक गुप्ता, नि वर्त्तमान पार्षद दिलीप गुप्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

### 21 भाजपा नेताओं को उच्च न्यायालय से मिली बड़ी राहत

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा आक्रोश रैली मे कुल 51 नामजद और 12000 अन्य पर लालपुर थाना मामला दर्ज हुआ था। भाजपा नेताओं के तरफ से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव,सुधीर श्रीवास्तव, पार्थ जलान, शिवानी जुलका, , स्मिता सिन्हा, अमित सिन्हा ने पक्ष रखा। 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रैली मे रांची पुलिस ने जो प्राथमिकी दर्ज की गयी थी उस मामले में उच्च न्यायालय ने भाजपा के 21 भाजपा नेताओं के खिलाफ पीड़क कारवाई पर रोक लगा दी। जिनके खिलाफ पीड़क कारवाई पर रोक लगाई गयी है उनमें अर्जुन मुंडा, संजय सेठ, विष्णु दयाल राम, सुशील दुबे, राज सिन्हा, विद्युत बरण महतो, दीपक प्रकाश, नीलकंठ सिंह मुंडा, सी पी सिंह, भानु प्रताप शाही,संजीव विजयवर्गीय, कुणाल यादव, गीता कोड़ा, मधु कोड़ा, नारायण दास, डॉ यदुनाथ पांडे, केदार हाजरा, नवीन जायसवाल, रमेश कुमार सिंह, पुष्पा देवी, एवं, रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल थे। मामले मे भाजपा नेताओं के तरफ से अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की लालपुर थाना मे संजय कुमार, कार्यपलक दंडाधिकारी के आवेदन पर भाजपा नेताओं पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी जिसमे हत्त्या का प्रयास का धारा भी लगाया था। इस मामले मे पुलिस ने आंसू गैस का गोली ,रबर गोली और खूब लाठी चलाई थी जिससे दर्जन भर से उपर भाजपा नेता घायल हुए थे और अस्पताल मे भर्ती हुए थे। मामले की सुनवाई आज उच्च न्यायालय मे हुई और न्यायालय ने राज्य सरकार को आदेश दिया की चार सप्ताह के अंदर शपथ पत्र दायर करे।इससे पूर्व ईसी मामले में 18 नामजद भाजपा नेताओं के खिलाफ उच्च न्यायालय ने पीड़क कारवाई करने पर रोक लगा दी थी।

# घर में पहुंचाकर मिलेगा योजनाओं का लाभ : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए किसी भी व्यक्ति को एक रूपया भी घुस नहीं दें। सभी जरूरतमंदो को सरकारी योजनाओ का लाभ उनके घर तक पहुंचाकर मिलेगा। जिस किसी भी योग्य लाभुकों का सूची में है उन्हें परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है। मंत्री श्री ठाकुर सोमवार को गढ़वा प्रखंड के विभिन्न गावों में आयोजित जनसंवाद को संबोधित कर रहे थे।मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झूठ-सच करने वाले लोग अभी भी क्षेत्र में घूम रहे हैं। वैसे लोगों से आप सभी सावधान रहें। गढ़वा की जनता ने जिसको 17 साल मौका दिया वे जनता का काम न कर के अपना ब्लिडिंग, कॉलेज, पेट्रोल पंप, टैंकर बनाने में लगे रहे। जिसको 10 साल मौका दिया उसे तो ठेकेदारी के सिवा कुछ बुझाता ही नहीं था। विधायक निधि का पैसा खा गया। अलकतरा पी गया। जनता का कुछ भी नहीं हुआ। इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में ऐसे लोगों से सतर्क रहें। इनके झांसा में नहीं आवें। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार पूरे राज्य के गरीबों को अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, राशन, मंईयां सम्मान योजना आदि सारी सुविधाएं दे रही है। वे लोग जीत गये तो सारी योजनाएं बंद हो जायेगी। मंत्री श्री ठाकुर सोमवार को गढ़वा प्रखंड अंतर्गत रंका बौलिया पंचायत के कई स्थानों पर आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए। मौके में मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओ का निदान भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गढ़वा बीडीओ, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, जिप सदस्य अमृतांजली दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## स्कूल ऑफ़ लॉ डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्कूल का लॉ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी में डॉ पंकज कुमार समन्वयक सर को विदाई का सम्मान समारोह का आयोजन एलएल.एम के विद्यार्थियों के द्वारा आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ पंकज सर को अंगवस्त्र , तुलसी के पौधा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंकज सर ने अपने जीवन के यादगार लम्हों को सभी के बीच साझा किया। उन्होने कहां की सभी को अपने जीवन में मिले कर्त्तव्य का निर्वाह करना उनका धर्म हैं। इस सम्मान समारोह पर डॉ रविंद्र कुमार, वकील अभय सहाय, सचिन इंदीवर सर ने पंकज सर के किए गए कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहां के सर दिए गए मार्गदर्शन से कॉलेज को हमेशा लाभ मिलता रहा हैं और उनसे सीखे हुए कार्य से विद्यार्थियों को हमेशा लाभ मिलता रहेंगे साथी उनके जीवन के दूसरे अध्याय के लिए शुभकामना दिए। इस मौके पर एलएल.एम निकिता सिंह, रॉबिन टोप्पो, विवेक सिंह, सौरव त्रिवेदी, आशीष रंजन, निषाद खान, मनीष कुमार, प्रियंका कुमारी, मीना कुमारी, गोडिनिसियस कंडूलना, राजेंद्र कुमार, सिवनी सिंह,प्रकाश रंजन,अकिल एवं अन्य स्कूल का लॉ विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने राम रहीम की पैरोल पर जताया एतराज



**एजेंसी**

**रोहतक :** सुनारियां जेल में साध्वी यौन शोषण मामले में बीस साल की साज काट रहे डेरा प्रमुख राम रहीम की पैरोल को लेकर कांग्रेस ने एतराज जताया और और इस बारे में चुनाव आयोग को षिकायत देकर कहा है कि पैरोल से मतदान प्रभावित हो सकता है, इसलिए पैरोल नामंजूर की जाए। दूसरी तरह राम रहीम को जेल से रिहा करने के लिए कागजी कारवाई की जा रही है। अगर राम रहीम को सरकार रिहा करती है तो वह 11 वीं बार जेल से बाहर आएंगे। सुनारियां स्थित जिला कारागार में सजा काट रहे राम रहीम को लेकर जेल अधिकारियों ने कागजी कार्रवाई शुरु कर दी है।मंगलवार को कांग्रेस ने राम रहीम की पैरोल पर एतराज जताया और चुनाव आयोग को चिटठी भेजकर पैरोल नामंजूर करने की अपील की है। कांग्रेस लीगल सैल ने कहा है कि इस वक्त राम रहीम को पैरोल देना गलत है और इससे मतदान प्रभावित हो सकता है। दरअसल तीन दिन पहले राम रहीम ने आयुक्त को अर्जी दी थी कि उनकी 2024 की बीस दिन की पैरोल बाकि है और उसे पैरोल दी जाए। जिस पर प्रशासन ने राम रहीम की अर्जी को चुनाव आयोग के पास भेज दिया था और सोमवार देर शाम को आयोग ने उनकी अर्जी को मंजूर कर जिला प्रशासन को भेज दी थी। अब देखना है कि कांग्रेस के एतराज के बाद सरकार राम रहीम को पैरोल देती है या फिर चुनाव आयोग कांग्रेस की अर्जी पर कोई फैसला लेता है।

# ब्रह्म विद्या विहंगम योग का जिलास्तरीय बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला मुख्यालय स्थित टंडवा धर्मशाला में ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान का जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संस्थागत प्रदेश के अन्न मंत्री उपेन्द्र नाथ मिश्रा ने अखंड दीप प्रज्व्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं सद्‌गुरु देव के चित्र पर माल्यार्पण किया।उपस्थित गुरु भाई बहनों ने सामूहिक रूप से स्वागत गान, मंगल गान एवं प्रार्थना निवेदित किया। अध्यात्म जगत के अनुभव परक सद्ग्रंथ स्वर्वेद के दिव्य दोहों को श्रवण किया गया। इस अवसर पर विगत 13 सितंबर को गढवा निलाम्बर पितांबर टाऊन हॉल भवन में आयोजित कार्यक्रम से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न किया गया। साथ ही आगामी 06 एवं 07 दिसंबर को भारत की अध्यात्मिक राजधानी वाराणसी स्थित उमरहा स्वर्वेद महामंदिर धाम के प्रांगण होने वाली 25000 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ को संपन्न बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया।कार्यक्रम में सद्‌गुरु देव के भेदिक भजनों को भी गाया। मौके पर संस्थागत प्रदेश के स्वर्वेद मंत्री विवेक प्रसाद गुप्ता, जिले के परामर्शक सरयू प्रसाद अग्रवाल, परामर्शक अधिवक्ता ललीत पांडेय, प्रधान संयोजक प्रो बिरेंद्र पांडेय , संयोजक सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, सह संयोजक जवाहर दुबे, जिला महिला प्रभारी सरोज सिंहड्डसहित सभी प्रकल्प के प्रभारी एवं गुरु भाई बहन उपस्थित थे।



# बहनों की मैं आवाज बनूंगी : अरुणा शंकर

### प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कहा: 33 प्रतिशत आरक्षण हम महिलाओं का अस्त्र





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सलतूवा ग्राम में चौपाल लगाते हुए कहा कि 3 तारीख से मां दुर्गा का पूजा शुरू होने वाला है। जहां पूरा देश में नारी शक्ति स्वरूप मां की पूजा 10 दिनों तक होगी। हम नारियों को भी अपनी शक्ति का एहसास सरकार को बदलकर करा देना है। श्रीमती शंकर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम आधी आबादी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सबसे बड़ा अस्त्र-शस्त्र दे दिया है। अब हम बहनों की आवाज लोकसभा, विधानसभा एवं निकाय से लेकर गांव के खलियान तक गूंजेगी। एक समय था जब हम बहनों को अबला तक कहा जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री ने हम बहनों को 35 प्रतिशत आरक्षण देकर आवाज दे दी है। प्रथम महापौर ने चौपाल में आई सभी बहनों से कहा कि मैं आप सबों की आवाज बनूंगी। और हर दुख सुख में आप सबों के साथ खड़ी रहूंगी। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने पूर्णकालिक भाजपाई को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार राम ने किया।

कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। वही समाजसेवी बद्री प्रसाद, छात्रधारी जी, हरिद्वार जी, सोनू जी, नागराज जी, सीताराम साहू, जी बिंदेश्वर प्रसाद जी, अनीता जी, मुन्नी देवी, राजेश्वर साहू, रामबरत विश्वकर्मा, छोटेलाल गुप्ता, पुरानचंद, देवनारायण, विनोद जी,मधु जी,मनोज जी, कौशल जी तथा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गान से सबों को मंत्र मुक्त कर दिया और एक बच्ची ने अपने हाथों से प्रथम महापौर की खूबसूरत सी तस्वीर बनाकर उपहार स्वरूप दिया।

# पर्यावरणविद डॉ. कौशल के जन्मदिन पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दी बधाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व बनाराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने अपने 71वें जन्मदिन पर पर्यावरण धर्म के पहले मूल मंत्र के तहत केंद्रीय महिला विकास और शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी को पौधा दान किया। उन्होंने गुमला और पलामू में पौधारोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर अपने 71वां जन्मदिन पर देश दुनिया के तमाम लोगों को प्रदूषण से मुक्ति और सुखद जीवन की कामना की।पर्यावरणविद ट्रीमैन डॉ कौशल को 71 वें जन्मदिन पर केंद्रीय महिला विकास व शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बधाई देते हुए कहा कि आप लंबे समय से देश दुनिया को पर्यावरण के प्रति न सिर्फ जागरूक किया है। बल्कि उसे सुरक्षित व संरक्षित करने के लिए सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने आगे भी इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते रहने की मंगल कामना की।पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल ने कहा है कि वे अपने 71 वें जन्मदिन पर 71 पौधों का वितरण और रोपण कर लोगों को बताया कि उनके द्वारा 1967 में जंगल लगाओ जंगल बचाओ और 1976 पर्यावरण धर्म के तहत बनराखी मूवमेंट को अभियान रूप में नेपाल भूटान बर्मा सिंगापुर मलेशिया अज़रबैजान और थाईलैंड समेत देश के 22 राज्यों के 131 जिलों में 50 लाख से अधिक निशुल्क पौधों का वितरण किया है। वहीं 20 लाख वन वृक्षों पर रक्षा बंधन कर करोड़ों लोगों को पर्यावरण के प्रति सुरक्षित और संरक्षित रखने का पाठ पढ़ाया है। मौके पर डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, पूर्व मुखिया अफजाल अंसारी , उमेश यादव, अरुण यादव, सुभाष गुप्ता, बसंत गुप्ता, सुचित जायसवाल चंदन विश्वकर्मा सत्य सिंह सहित उपस्थित कई लोगों ने भी डॉ कौशल के सुखद व स्वस्थ रहने की कामना की।

## युवा दस्ता का प्रतिनिधिमंडल ने डीआईजी से किया मुलाकात

**रांची :** युवा दस्ता एवं सामाजिक और धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल डीआईजी राँची अनूप बिल्थरे से मिला । प्रतिनिधि मंडल में मुख्यरूप से युवा दस्ता के संस्थापक सह मुख्य संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा , दुर्गापूजा महासमिति के अध्यक्ष रामधन बर्मन एवं समाजसेवी कुमार रोशन शामिल थे । सभी सामाजिक धार्मिक संगठन के लोगों ने डीआईजी राँची को बुके और शाल देकर उनका स्वागत किया। सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगो ने डीआईजी राँची से कहा कि राजधानी राँची के सभी पूजा पंडाल , सभी मंदिरों एवं मंदिर से जुड़े सभी मार्गो में सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम एवं पंडाल पंडाल के दर्शन करने आए दर्शनार्थियों के सुनसान मार्ग में भी सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था की जाए। डीआईजी ने प्रतिनिधिमंडल के सभी लोगो के बातो को ध्यानपूर्वक सुना एवं सभी को पूरे सहयोग का भरोसा दिलाया ।



# स्वच्छता ही सेवा है के तहत पिपरवार में निकाली गई जागरूकता रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा स्वच्छता ही सेवा है के तहत मंगलवार को बचरा में जागरूकता रैली निकाली गई।इस जागरूकता रैली में काफी संख्या में सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक प्रतिनिधि, सुरक्षाकर्मी एवं स्कूली बच्चे शामिल हुए। जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार के नेतृत्व में बचरा चार नंबर खेल मैदान से जागरूकता रैली निकाली गई।यह



जागरूकता रैली बचरा बस स्टैंड,कृष्णा महतो चौक,सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक,सब्जी मंडी होते हुए बचरा सीआईएसएफ कॉलोनी पहुंचा।जहां रैली में शामिल सभी लोगों ने सफाई अभियान चलाया।जीएम संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने सीआईएसएफ कॉलोनी के ओपन जिम में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया।इस संबंध में जीएम संजीव कुमार ने कहा कि स्वछता हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।स्वच्छ और बेहतर शरीर के लिए स्वच्छता ही एकमात्र उपाय है।स्वच्छता से कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए, सीसीएल प्रबंधन के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अपने-अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को साफ रखते हुए गंदगी को दुर करने एवं दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की।इस मौके पर जीएम संजीव कुमार, एसओपी नागेश कुमार गोपाल,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,डीके शर्मा,सुभोजित हलदर,कार्मिक प्रबंधक रवि बाड़ा,उज्जवल कुमार,ज्योति कुशवाहा,शिशिर गर्ग,हेमचंद महतो,मनोरंजन कुमार सिंह, श्रमिक प्रतिनिधि रविंद्रनाथ सिंह,इस्लाम अंसारी,भीम प्रसाद मेहता,दिलीप गोस्वामी,विद्यापति सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने निकाला परिवर्तन यात्रा

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुर गांव मंगलवार को भाजपा का सुनियोजित परिवर्तन यात्रा बुढ़मू के भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम से प्रारंभ होकर कांके में



समाप्त हुई। यात्रा की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा व बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। परिवर्तन यात्रा में मुख्य रूप से राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, गणेश मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश, विधायक समरी लाल, चितरंजन कुमार, पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो मुख्य रूप से शामिल हुए। यात्रा को संबोधित करते हुए मंत्री सेठ ने कहा कि जब बात अत्याचार और भ्रष्टाचार से लड़ने की हो तो धरती आबा का आशीर्वाद लेना सबसे जरूरी है साथ ही झारखंड को भ्रष्ट परिवारवादी पार्टी व बालू को सोने के भाव बेचने वाले सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्पल शाहदेव, बिंटू शाहदेव, सुधाकर चौबे समेत खालरी, बुढ़मू व ठाकुरगांव मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सरला बिरला में गांधीजी के आदर्शों की गूंज

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में गांधी जयंती मनाई गई, जिसमें महात्मा गांधी के शांति, अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों



को याद किया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें 'वैष्णव जन' गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने नृत्य, कविताएँ और भाषणों के माध्यम से गांधीजी के विचारों को प्रदर्शित किया। सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा 'गांधी दर्पण' नामक एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें गांधीजी के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया। भारत छोड़ो आंदोलन, दांडी मार्च, और नई तालीम को प्रमुखता दी गई। प्रदर्शनी में नेल आर्ट और टैटू के स्टॉल भी लगाए गए थे। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को गांधीजी के पदचिह्नों पर चलने और शांति व सद्भावना के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू थाना परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा, गांधी जयंती व गुतरु जतरा को लेकर शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी



सच्चिदानंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग किसी भी तरह की भ्रामक व अफवाह जनक तथ्यों पर ध्यान नहीं दें यदि कोई ऐसी अफवाह फैला रहा है तो इसकी सूचना प्रशासन को तत्काल दें। वहीं बीडीओ धीरज कुमार ने बताया की उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पूजा के दौरान डीजे साउंड पर प्रतिबंध रहेगा जिसका पालन करना सभी पूजा समिति के लिए अनिवार्य होगा। वहीं थाना प्रभारी रितेश कुमार ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान स्थानीय जलाशयों में तैराकों की एक टीम तैनात रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख हरदेव साहू सुदामा नायक गोवर्धन लोहार, याकूब अंसारी, जाकिर हुसैन समेत शांति समिति के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## डीएवी बचरा मे जुनियर विंग के बच्चो ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में जूनियर विंग के बच्चों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को



श्रद्धांजलि दी।जानकारी के अनुसार स्कुल के कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के बच्चों ने गांधी जी को श्रद्धांजलि दी।स्कूल की प्राचार्या डॉ. आर चौधरी सहित अन्य शिक्षिकाओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।जिसके बाद बारी-बारी से स्कुली बच्चो ने भी महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हे नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजाद करने में सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाया जो प्रेरणा स्रोत है।वह स्वतंत्रता संग्राम के नायक ही नही बल्कि सत्य और अहिंसा के अदवितिय प्रतीक भी है। इस अवसर पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने भी महात्मा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला।इधर एक अन्य कार्यक्रम के तहत स्कुल प्रागांण मे स्वच्छता ही सेवा है के तहत एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया।इस कार्यक्रम में स्कूल की प्रचार्या डॉक्टर आर चौधरी सहित सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने स्कूल परिसर में पौधारोपण किया।इस अवसर पर स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।मौके पर स्कूल के कई शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## कोयलांचल के बुंडू मे आजसू पार्टी के द्वारा मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू में आजसु पार्टी के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसु पार्टी



के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी शामिल हुए।इस अवसर पर गणेश बंसल,रोहित तूरी,मंजू देवी,ईश्वर राम के नेतृत्व में सैकड़ो महिला पुरुष कांग्रेस और जेएमएम को छोड़कर रोशन लाल चौधरी से प्रभावित होकर आजसू पार्टी का दामन थामा।सभी नए सदस्यों को मुख्य अतिथि नें माला तथा पार्टी का पट्टा पहनाकर आजसू पार्टी में विधिवत शामिल कराया। इससे पहले कार्यकर्ताओं के द्वारा रोशन लाल चौधरी का जोरदार तरीके से स्वागत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जिन लोगो ने मेरे ऊपर विश्वास करके पार्टी में शामिल हुए है उनका विश्वास को टूटने नहीं देगें।नए सदस्यो को मान सम्मान में कमी रहने नही देगें।इस अवसर पर लीलाधन साव, रविशंकर जायसवाल,मोहन कुमार,मदन साव,विनोद गंझु,दीपक कुमार साहू, मुकेश मुंडा,रमेश महतो, काशीनाथ महतो,उपेंद्र यादव,रोहित यादव, मुकेश साव,शिवम साहू,सुरेंद्र साव,जागेश्वर साव,रंजीत यादव,मुकुल महतो,चंदन कुमार,नारायण मुंडा,धनेश्वर तूरी,राहुल यादव,सरवन कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा से पहले दुकान में चोरी, दुकानदारों में भय का माहौल



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा मुरी रेलवे मार्केट में सोमवार की रात चोरों ने राशन दुकान में चोरी का अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार मुरी के कोइरी मोहल्ला निवासी अजीत कोइरी की दुकान रेलवे मार्केट में है। रोजाने की तरह रात के समय दुकान बंद करके अपने घर चले गए। अचानक मंगलवार की सुबह दुकान खोलने आए तो देखा की समान बिखरा पड़ा हुआ है और छत का एलवेस्टर (करकट का छत) बीच से टुटा हुआ है। जांच के दौरान पता चला की दुकान के समानो की चोरी हो गई है। दुकान के मालिक से पुछने पर बताया की लगभग 30000 हजार रुपए का समान की चोरी हुई है। इस घटना की सुचना मुरी राजकिय रेल थाना को दिया गया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर पुरी घटना की जानकारी ली एवं आगे की कारवाई में जुट गई।

## मांडर थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना परिसर में मंगलवार शाम चार बजे आगामी दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राहुल के द्वारा किया गया इस दौरान उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आपसी भाई चारे के साथ सभी त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न करना हम सभी शांति समिति के सदस्यों की जिम्मेदारी है। हर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।बैठक में प्रमुख फिलिप सहाय एक्का प्रदीप कुमार चौबे मंगा उरांव आबिद अंसारी बिरेन साहू ज़हिर खान होसे उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक व राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने शेड मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली बजार स्थित हाट बगान सब्जी बाजार में दो शेड की मरम्मती कार्य का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, पंसस नीतू देवी व उप मुखिया सोनी साहु ने संयुक्त रूप से किया। मरम्मती कार्य 15 वें वित्त आयोग के पंचायत समिति मद से किया जाना है। मौके पर प्रमुख ने कहा कि निर्माण कार्य पंचायत समिति सदस्य नितु देवी के प्रयास से सम्भव हो पाया है। उनका यह कदम क्षेत्र के लिए एक साकारात्मक पहल है। जिससे अब सब्जी बाजार की स्थिति में सुधार होगी और बजार में आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी। इस मौके पर वार्ड मेंबर मेनका कुमारी, सुबल दे, रेबा देवी, राहुल चक्रवर्ती, संजय कोइरी आदि उपस्थित थे।

# सिल्ली में भाजपा का परिवर्तन यात्रा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली में भाजपा का परिवर्तन यात्रा सोमवार को सिल्ली पहुंची।परिवर्तन यात्रा में पुर्व केन्द्रीय मंत्री सुदर्शन भगत, झारखंड प्रदेश संयोजक गणेश मिश्रा, सहसंयोजक विनय लाल, प्रीतम साहू आदि भाजपा नेता उपस्थित थे। परिवर्तन यात्रा की टोली सिल्ली पहुंचते ही भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद के नारे लगाते रहे। परिवर्तन यात्रा सिल्ली, बुंडू चौक, होते हुए झारखंड मोड़ पहुंची।भाजपा मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक एवं कार्यकर्ताओं ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया। झारखंड मोड़ स्थित स्थित निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा पर पुर्व केन्द्रीय



मंत्री सुदर्शन भगत, विनय लाल, गणेश मिश्रा, प्रीतम साहू ने माल्यार्पण किया। पुर्व केन्द्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने संबोधित करते हुए कहा की हेमंत सरकार गत पांच सालों में सिर्फ हसीन सपने दिखाए हैं जनता को सिर्फ वेवकुफ बनाया है। जनता अब जाग चुकी है। इस यात्रा के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक के नेतृत्व में 55 युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। इस मौके पर राजेंद्र साय, पुर्णिमा सिंह देव, स्नेह लता,चंदन गोस्वामी, श्रीष्टीधर महतो, रमेश प्रजापति, दिनेश चौधरी,हरिहर महतो, कर्ण महतो, समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विशाल जोड़ा खस्सी फुटबाल टूर्नामेंट का विजेता बना कदम टोली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** जय सरना मैदान बगड़ा टोली चोड़ा में सोमवार को खेला गया पांच दिवसीय विशाल जोड़ा खस्सी फुटबाल टूर्नामेंट कदमटोली की टीम ने अपने नाम कर लिया। सोमवार को खेले गए फाइनल मैच में कदमटोली की टीम ने बिल्टी की टीम को हरा दिया। वहीं राधे-राधे टीम तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में लड़कों व बालिकाओं का अलग अलग मैच हुआ। बालिका वर्ग में जीतु बगीचा



की टीम कार्तिक उरांव महुआटोली की टीम को हराकर बालिका वर्ग की विजेता बनी। टूर्नामेंट समापन समारोह के मुख्य अतिथि खलारी के मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी थे। अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की प्रतियोगिता से ग्रामीण प्रतिभाएं सामने आती हैं। इससे सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। अब्दुल्ला अंसारी ने बालक व बालिका वर्ग के विजेता व उप विजेता टीम को समिति द्वारा निर्धारित पुरस्कार खस्सी दिया। इस अवसर पर बिरू उरांव, संजय उरांव, इब्राहिम अंसारी, सोमनाथ उरांव, श्यामसुन्दर उरांव, प्रेम उरांव, प्रधान उरांव, मंगरा भगत, शकुनी भगत, नारायण भगत, बोलको उरांव, चामा पंचायत के अनिल, अली हसन, मुनताज अंसारी सहित कमेटी के अन्य सदस्य व काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# उत्पात मचाने और माहौल खराब करने वालों को किया जाएगा दंडित

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गापूजा त्यौहार को लेकर पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उंराव, संचालन पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार थाना क्षेत्र में दुर्गापूजा का त्यौहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने,सड़कों में स्ट्रीट लाइट लगाने,जर्जर सड़क की मरम्मत कराने,नियमित पानी का छिड़काव कराने,पूजा पंडालो मे सीसीटीवी कैमरा लगाने,अग्निशामक यंत्र रखने सहित अन्य कई बातों पर विचार विमर्श किया गया।बचरा दुर्गापूजा पंडाल मे महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती और पंडाल सहित मेला परिसर में सीसीटीवी



कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया।वही सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर संबंधित पूजा समिति को निर्देशित किया गया।साथ ही पूजा पंडाल और मेला में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पार्किंग की उचित व्यवस्था करने पर चर्चा की गई।पूजा कमेटी के द्वारा भोलेंटियर की तैनाती की भी बात कही गई।बीडीओ देवलाल उंराव ने क्षेत्र के सभी लोगों से आपसी एकता और सौहार्द के साथ दुर्गापूजा मनाने की अपील की।वही किसी भी प्रकार के भड़काऊ गीत नहीं बजाने का निर्देश दिया।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में सभी पूजा और त्यौहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाई जाती है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगा।पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और उत्पात मचाने एवं माहौल को खराब करने वालों को दंडित किया जाएगा,पुलिस की इन पर पैनी नजर रहेगी।इंस्पेक्टर अनिल उंराव ने उच्च न्यायालय के आदेश की जानकारी देते हुए डीजे नही बजाने की अपील की।उन्होंने किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना पुलिस को देने की अपील की,साथ ही सोशल मीडिया में गलत अफवाह और भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही।बैठक में अवर निरीक्षक अंजनी कुमार, राजदेव पाण्डेय,एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,मुखिया गुंजन सिंह, रीना देवी,सरिता देवी, पिंकी सिहं,गीता एक्का, रविन्द्रनाथ सिंह,विद्यापति सिंह,इस्लाम अंसारी,भीम सिंह यादव,पंकज कुमार, कृष्णा यादव,अभय सिंह, लियाकत अंसारी,गणेश भुईयां,इदरीश अंसारी,प्रमोद कुमार,महेश विश्वकर्मा, सलीम जावेद,मुंशी राम, महेश साव,अरशद अंसारी, संजय पासवान,जितेन्द्र लाल,संजीव मिश्रा,राजेश महतो,लखन साव,रवि भारद्ववाज,अरूण उंराव, कमला महतो,अनिल सोनी, इंदर सिंह,रामबच्चन यादव, रमेश मुंडा,अरूण सिंह,प्रेम ठाकुर,हरिनारायण गंझु सहित कई लोग मौजुद थे।

# तबीयत खराब होने से सीसीएल कर्मचारी फागु उंराव का हुआ निधन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के सिविल विभाग के मेंटेनेंस विभाग में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी फागु उंराव का सोमवार को अचानक तबीयत खराब होने के बाद निधन हो गया। जानकारी के अनुसार सीसीएल कर्मचारी फागु उरांव दो दिन पूर्व बचरा बसंत विहार कॉलोनी में ड्यूटी कर रहा था,इसी दौरान अचानक उनका तबीयत बिगड़ गया,जिसके बाद उनके साथी कामगारों के द्वारा उन्हें बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर रांची रेफर कर दिया गया।इस दौरान गांधीनगर में इलाज के दौरान सोमवार को उनका निधन हो गया।इधर इसकी सूचना मिलने के बाद श्रमिक प्रतिनिधि सह एसीसी सदस्य इस्लाम अंसारी,रविंद्रनाथ सिंह एंव भीम प्रसाद मेहता के नेतृत्व में प्रबंधन से वार्ता हुई,जिसमे मृतक की पत्नी देवंती उरांव को नियुक्ति पत्र देने की मांग की गई।इसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी होने के साथ देर शाम को पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार व कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने एसीसी सदस्यों की उपस्थिति में मृतक फागु उरांव की पत्नी देवंती उराव को नियुक्ति पत्र सौंपा।साथ ही सीसीएल प्रबंधन द्वारा मिलने वाला सुविधा को जल्द देने का आश्वासन दिया गया।

# दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा को लेकर हुई बैठक, शामिल हुए सांसद सुखदेव भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** मांडर प्रखंड के मुड़मा में लगने वाले दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा को लेकर बैठक में मंगलवार को लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता धर्म गुरु बंधन तिग्गा के द्वारा किया गया। इस बैठक में मेला में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा किया गया।



इस दौरान धर्मगुरु बंधन ने कहा कि इस जतरा में नेपाल, उड़ीसा, बंगाल सहित झारखंड के कई राज्यों से भी लोग शामिल होते हैं, जिसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयारी को लेकर मुस्तैद है। वहीं इस कार्यक्रम के समापन समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य रूप से शामिल होंगे।

वहीं उद्घाटन समारोह में स्थानीय विधायक राज्य के कई मंत्रियों की शामिल होने की संभावना है। मौके पर मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, हाजी शाकिर इस्लाही, मुखिया बन्धन उरांव, नुरुल्लाह हबीब नदवी, शमीम अख्तर, जिला परिषद सदस्य इतवारी कुजूर, जगराम उरांव, अनिल उरांव सहित कई लोग शामिल हुए।

# असंगठित मजदूरों को 25000 हजार रुपया बोनस देने का किया गया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** एनके एरिया के असंगठित मजदूर की बैठक अशोक सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान मजदूरों के समस्या के लेकर चर्चा किया गया। मौके पर उपस्थित मजदूर नेता नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि आज एनके और पिपरवार एरिया में असंगठित मजदूर का संख्या दिन प्रति दिन बढ़ते जा रहा है। आज देश के विकास के लिए रात दिन मेहनत करते हैं, लेकिन आज असंगठित मजदूर को बोनस के रूप में कुछ नहीं दिया जाता है। अंसारी ने कहा कि संगठित मजदूरों के साथ कदम से कदम ताल मिलाकर काम करते है। कहा कि कोयला उत्पादन में असंगठित मजदूरों का भी अहम योगदान रहता है, इसलिए जिस तरह संगठित मजदूरों को बोनस की घोषणा कोल इंडिया द्वारा किया गया है उसी तरह असंगठित मजदूरों को भी इस दशहरा पर्व में बोनस दिया जाये ताकि पूरा परिवार त्यौहार खुशी से मना सकें। अंसारी ने कोयला मंत्री से



सभी असंगठित मजदूरों को 25000 रुपया बोनस देने का मांग किया है। संचालन अफजाल अंसारी ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मिथुन राणा, इरशाद अंसारी, विजय सिंह, कृष्ण सिंह, अरविंद कुमार, अजय तूरी, शिवा तुरी, बबलू अंसारी, जसीम अंसारी, मुमताज अंसारी, वेद प्रकाश पांडेय, रवि कुमार, सोनू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।